


04 प्रदेश, 06 संस्करण

# अमर भारती

एक उम्मीद

नई दिल्ली, वर्ष: 20, अंक: 295, पृष्ठ: 12, मूल्य: 03 रु RNI No. DELHIN/2005/14724 www.amarbharti.com शनिवार, 22 फरवरी 2025 शक सम्वत् 1946, फाल्गुन कृष्ण पक्ष दशमी, विक्रम सम्वत् 2081


**कवि कोना**
-सुनहरी लाल 'तुरन्त'



**शेर शेर ही रहता है**

क्रीड़ाएँ करता बचपन में शेर शेर ही रहता है ।
आक्रामक दिखता यौवन में, शेर शेर ही रहता है ।
बूढ़ापन छा जाये तन पर या गिदड़ों से घिर जाये ।
या मर जाये भीषण वन में शेर शेर ही रहता है ।

# देश को विभिन्न क्षेत्रों में वैश्विक दृष्टिकोण के साथ भारतीय मानसिकता वाले नेताओं की जरूरत: मोदी

विशेष संवाददाता

**अमर भारती संवाददाता, नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि भारत एक वैश्विक महाशक्ति के रूप में उभर रहा है और इस गति को बनाए रखने के लिए देश को विभिन्न क्षेत्रों के ऐसे नेताओं की जरूरत है, जिनका दृष्टिकोण वैश्विक हो लेकिन मानसिकता भारतीय हो। राजधानी के भारत मंडपम में 'स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप' (सोल) सम्मेलन का उद्घाटन करने के बाद अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि इस तरह के अंतरराष्ट्रीय संस्थान केवल एक विकल्प नहीं हैं, बल्कि आवश्यकता हैं। उन्होंने कहा, ''हमें ऐसे व्यक्तियों को तैयार करने की आवश्यकता है जो भारतीय मानसिकता के साथ अंतरराष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य की समझ रखते हों। इन नेताओं को रणनीतिक निर्णय लेने, संकट प्रबंधन और भविष्य की सोच में उत्कृष्टता प्राप्त करनी चाहिए। वैश्विक बाजार में और अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए, हमें ऐसे नेताओं की आवश्यकता है जो वैश्विक व्यापार की गतिशीलता को समझते हैं। यह सोल का काम है।'' मोदी ने 'वैश्विक सोच और स्थानीय परवरिश' वाले विभिन्न क्षेत्रों के नेताओं की वकालत करते हुए कहा कि हमें ऐसे नेतृत्व की जरूरत है जो हर क्षेत्र में भारत के राष्ट्रीय दृष्टिकोण को दर्शाए, चाहे वह नौकरशाही हो या कारोबार या कोई अन्य क्षेत्र। उन्होंने कहा कि हर क्षेत्र में नेतृत्व की जरूरत है जो देश के हितों को विश्व मंच पर पेश करते हुए वैश्विक जटिलताओं और जरूरतों



का समाधान ढूंढ सके। प्रधानमंत्री ने कहा, 'भारत एक वैश्विक महाशक्ति के रूप में उभर रहा है और यह गति हर क्षेत्र में तेज हो रही है। इस विकास को बनाए रखने और बढ़ाने के लिए, हमें विश्व स्तरीय नेताओं की आवश्यकता है। सोल संस्थान इस परिवर्तन में गेम-चेंजर हो सकते हैं। इस तरह के अंतरराष्ट्रीय संस्थान केवल एक विकल्प नहीं हैं, बल्कि आवश्यकता हैं।' उन्होंने कहा, 'राष्ट्र निर्माण के लिए नागरिकों का विकास जरूरी है, व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण, जन से जगत...किसी भी ऊंचाई को प्राप्त करना है, तो आरंभ जन से ही शुरू होता है। हर क्षेत्र में बेहतरीन नेतृत्व का विकास बहुत जरूरी है और यह समय की मांग है।' मोदी ने कहा कि सोल की स्थापना 'विकसित भारत' की विकास यात्रा में एक बहुत महत्वपूर्ण और बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि आज हर भारतीय, 21वीं सदी के 'विकसित भारत' के लिए दिन-रात काम कर रहा है और ऐसे में 140 करोड़ लोगों के देश में भी हर क्षेत्र में और जीवन के हर पहलू में उत्तम से उत्तम नेतृत्व की जरूरत है। प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रगति का लक्ष्य रखने वाले किसी भी देश को न केवल प्राकृतिक संसाधनों बल्कि मानव संसाधनों की भी आवश्यकता होती है और 21 वीं सदी में देश को ऐसे संसाधनों की आवश्यकता है जो नवाचार और कौशल को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ा सकें। इस संदर्भ में उन्होंने गुजरात का उदाहरण दिया और कहा कि प्राकृतिक संसाधनों की कमी के कारण अलग राज्य के रूप में इसके भविष्य को लेकर सवाल उठते रहे हैं। उन्होंने कहा कि हालांकि, राज्य आज अपने नेताओं के कारण बहुत अच्छा कर रहा है। उन्होंने कहा कि यहां हीरे की खदान नहीं है, लेकिन दुनिया में 10 में से नौ हीरे गुजराती के हाथों से गुजरते हैं। उन्होंने कहा, 'हर क्षेत्र में कौशल की आवश्यकता होती है और नेतृत्व विकास कोई अपवाद नहीं है। इसमें नई क्षमताओं की जरूरत है। हमें वैज्ञानिक रूप से नेतृत्व विकास में तेजी लानी चाहिए और सोल इस परिवर्तन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।' उन्होंने कहा कि आने वाले समय में जब कूटनीति से लेकर प्रौद्योगिकी नवोन्मेष तक एक नए नेतृत्व को आगे बढ़ाएंगे तो सारे क्षेत्रों में भारत का प्रभाव कई गुना बढ़ेगा। उन्होंने कहा, 'यानी एक तरह से भारत का पूरा दृष्टिकोण और भविष्य एक मजबूत नेतृत्व वाली पीढ़ी पर निर्भर होगा, इसलिए हमें वैश्विक सोच और स्थानीय संस्कारों के साथ आगे बढ़ना है।' सम्मेलन में मुख्य भाषण भूटान के प्रधानमंत्री दासो शेरिंग तोग्बे का हुआ। दो दिन के इस सम्मेलन में राजनीति, खेल, कला, मीडिया, आध्यात्म, लोकनीति, व्यापार और सामाजिक क्षेत्र से जुड़ी हस्तियां अपनी सफलता की गाथा साझा करेंगी।

## यूएसएड वित्तपोषण पर मिली जानकारी बेहद परेशान करने वाली : भारत

**अमर भारती संवाददाता, नई दिल्ली।** भारत ने शुक्रवार को कहा कि देश में कुछ गतिविधियों के लिए 'यूएसएड' द्वारा वित्त पोषण किए जाने के बारे में खुलासे ''बेहद परेशान करने वाले'' हैं और इससे देश के आंतरिक मामलों में विदेशी हस्तक्षेप को लेकर चिंता पैदा हुई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि संबंधित विभाग और अधिकारी कुछ अमेरिकी गतिविधियों और वित्तपोषण के संबंध में अमेरिकी प्रशासन द्वारा दी गई जानकारी की जांच कर रहे हैं। जायसवाल ने कहा, ''हमने अमेरिकी प्रशासन द्वारा कुछ अमेरिकी गतिविधियों और वित्तपोषण के संबंध में दी गई जानकारी देखी है। ये स्पष्ट रूप से बहुत परेशान करने वाली हैं।'' मियामी में बृहस्पतिवार को एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अमेरिकी अंतरराष्ट्रीय विकास एजेंसी (यूएसएड) द्वारा दिए गए 2.1 करोड़ अमेरिकी डॉलर के वित्त पोषण पर सवाल उठाया और आश्चर्य जताया कि क्या यह किसी और को निर्वाचित कराने का प्रयास था। जायसवाल ने कहा, ''इससे भारत के आंतरिक मामलों में विदेशी हस्तक्षेप की चिंताएं पैदा हुई हैं। संबंधित विभाग और एजेंसियां इस मामले की जांच कर रही हैं। इस समय कोई टिप्पणी करना जल्दबाजी होगी। संबंधित अधिकारी इसकी जांच कर रहे हैं और उम्मीद है कि हम बाद में इस पर कोई अद्यतन जानकारी दे पाएंगे।''

### 'यूएसएड' खबर को लेकर भाजपा से माफी की मांग : कांग्रेस

**अमर भारती संवाददाता, नई दिल्ली।** कांग्रेस ने 'यू.एस. एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट' (यूएसएड) की ओर से वित्तपोषण से जुड़ी एक खबर को लेकर शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर हमला बोला और कहा कि अब सच्चाई सामने आने के बाद सत्तारूढ़ दल को माफी मांगनी चाहिए। दूसरी तरफ, भाजपा ने खबर को 'लीपापोती' और 'फर्जी' बताते हुए इसे खारिज कर दिया और आरोप लगाया कि 'गांधी परिवार के चाटुकार' भ्रामक दावे करके भ्रम फैला रहे हैं। कांग्रेस ने यह भी कहा कि 'यूएसएड' तथा अन्य ऐसी विदेशी एजेंसियों द्वारा पिछले 70 वर्षों के दौरान भारत में की गई 'फंडिंग' पर श्वेत पत्र लाया जाना चाहिए। अंग्रेजी दैनिक 'इंडियन एक्सप्रेस' की इस खबर में दावा किया गया है कि 'यू.एस. एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट' (यूएसएड) की ओर से मतदान में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए मंजूर की गई 2.1 करोड़ अमेरिकी डॉलर की वित्तीय सहायता भारत नहीं बल्कि बांग्लादेश के लिए थी। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर यह खबर साझा करते हुए पोस्ट किया, ''झूठ सबसे पहले वाशिंगटन में बोला गया। फिर झूठ को भाजपा की झूठ सेना द्वारा बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया...अब झूठ का पूरी तरह से पर्दाफाश हो गया है।''

उन्होंने सवाल किया कि क्या झूठे लोग माफी मांगेंगे? कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने संवाददाताओं से कहा, ''एक हफ्ते से एक कहानी चलाई रही है कि यूएसएड ने नरेन्द्र मोदी सरकार को अस्थिर करने के लिए 2.1 करोड़ डॉलर दिए। अगर इतनी सुरक्षा एजेंसियों के होते हुए भी मोदी सरकार ने भारत में 2.1 करोड़ डॉलर आने दिए तो ये शर्म की बात है। वहीं, जब इस बारे में मोदी सरकार से सवाल पूछा गया तो कहने लगे- ये पैसा 2012 में संप्रग सरकार के समय आया था। ऐसे में क्या 2014 में भाजपा इसी पैसे से जीती थी?''

# छात्रों के लिए राजनैतिक मतभेदों से ऊपर उठें स्टालिन : प्रधान



**अमर भारती संवाददाता, नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शुक्रवार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के कार्यान्वयन पर जारी विवाद को लेकर तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन पर निशाना साधा और उन पर 'राजनीतिक एजेंडे को बनाए रखने के लिए प्रगतिशील सुधारों को खतरे में डालने' का आरोप लगाया। प्रधान ने स्टालिन को लिखे पत्र में कहा कि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री को राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर छात्रों के हितों के बारे में सोचना चाहिए क्योंकि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति से उन्हें लाभ होगा। शिक्षा मंत्री स्टालिन द्वारा बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लिखे गए पत्र का जवाब दे रहे थे। स्टालिन ने अपने पत्र में कहा कि केंद्र प्रायोजित दो पहलों समग्र शिक्षा अभियान (एसएसए) और पीएम श्री स्कूल को राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) से जोड़ना मौलिक रूप से अस्वीकार्य है। प्रधान ने स्टालिन को लिखे अपने पत्र में कहा, ÷प्रधानमंत्री को भेजा गया पत्र मोदी सरकार द्वारा प्रचारित सहकारी संघवाद की भावना का पूर्ण खंडन है। इसलिए, राज्य के लिए एनईपी 2020 को अदूरदर्शी दृष्टि से देखना और अपने राजनीतिक एजेंडे को बनाए रखने के लिए प्रगतिशील शैक्षिक सुधारों को खतरे में डालना अनुचित है। तमिलनाडु और केंद्र सरकार राज्य में नयी शिक्षा नीति के कार्यान्वयन को लेकर आमने-सामने हैं। द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सरकार ने शिक्षा मंत्रालय पर महत्वपूर्ण योजनाओं के लिए धन रोकने का आरोप लगाया है। मंत्री ने लिखा, राजनीतिक कारणों से एनईपी 2020 का लगातार विरोध तमिलनाडु के छात्रों, शिक्षकों और शैक्षणिक संस्थानों को इस नीति द्वारा प्रदान किए जाने वाले अपार अवसरों और संसाधनों से वंचित करता है। नीति को लचीला बनाया गया है, जिससे राज्यों को अपनी विशिष्ट शैक्षिक आवश्यकताओं के अनुरूप इसके कार्यान्वयन को अनुकूलित करने की अनुमति मिलती है। प्रधान ने लिखा, इसके अलावा, समग्र शिक्षा जैसे केंद्र समर्थित कार्यक्रम एनईपी 2020 के साथ संरेखित हैं। साथ ही, पीएम श्री विद्यालयों को एनईपी के आदर्श स्कूल के रूप में परिकल्पित किया गया है। प्रधान ने तमिलनाडु के तीन-भाषा फॉर्मूले के विरोध पर स्पष्ट किया कि नीति किसी भी भाषा को थोपने की वकालत नहीं करती है। उन्होंने कहा, कई गैर-भाजपा राज्यों ने राजनीतिक मतभेदों के बावजूद एनईपी की प्रगतिशील नीतियों को लागू किया है।

### तमिल शास्त्रीय भाषा, दूसरी भाषाओं की मदद के बिना स्वतंत्र रूप से काम करने की क्षमता रखती है: स्टालिन

**अमरभारती संवाददाता,चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने शुक्रवार को कहा कि मातृभाषा न केवल उत्कृष्ट पुरातनकालीन भाषा है, बल्कि यह एक शास्त्रीय भाषा है जिसमें अन्य भाषाओं की मदद के बिना स्वतंत्र रूप से कार्य करने की शक्ति है। अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने भाषा की विशिष्टता पर जोर दिया और कहा कि तमिल किसी भी भाषा से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि राज्य में पुरातात्विक उत्खनन प्राचीन तमिलों के इतिहास की महानता को स्थापित कर रहे हैं, जिनकी मातृभाषा न केवल उत्कृष्ट प्राचीन भाषा है, बल्कि एक शास्त्रीय भाषा भी है जिसमें अन्य भाषाओं की मदद के बिना स्वतंत्र रूप से कार्य करने की शक्ति है।

# धामी ने 17 वें कृषि विज्ञान सम्मेलन में किया प्रतिभाग

## नवाचारों व प्रशिक्षणों के माध्यम से राज्य सरकार किसानों को प्रशिक्षित करने का कर रही है कार्य : धामी

अमर भारती संवाददाता

**पन्त नगर (उत्तराखंड)।** विभिन्न योजनाओं, नवाचारों एवं प्रशिक्षणों के माध्यम से उत्तराखंड सरकार राज्य के किसानों को प्रशिक्षित करने का काम कर रही है। इस बार के बजट में 463 करोड़ रुपए का किसानों और पशुपालकों के उत्थान के लिए अलग से प्रावधान किया गया है। उक्त उद्गार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पंतनगर के गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में आयोजित '17वें कृषि विज्ञान सम्मेलन' में बतौर मुख्यअतिथि प्रतिभाग करते हुए व्यक्त किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह गर्व का विषय है कि कृषि क्षेत्र के आधुनिकीकरण एवं कृषकों का उत्थान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से इस प्रतिष्ठित सम्मेलन को देवभूमि उत्तराखंड की पुण्य धरा में आयोजित किया जा रहा है। ऐसे सम्मेलनों के द्वारा जहां एक ओर किसान भाईयों को कृषि से जुड़ी नवीनतम तकनीकों, शोध परिणामों एवं उत्तम बीज-खाद आदि के विषय में जानने का अवसर प्राप्त होता है, वहीं दूसरी ओर यहाँ पर लगे विभिन्न स्टॉलों के माध्यम से उन्हें औद्यानिकी, पशुपालन एवं जैविक खेती जैसी



● **सम्मेलन में 16 देशों के वैज्ञानिक कृषि महाकुंभ में कर रहे हैं प्रतिभाग : कुलपति**

कृषि की अन्य विधाओं के बारे में भी विषय विशेषज्ञों से महत्वपूर्ण मार्गदर्शन भी मिलता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में सगंध खेती को भी बढ़ावा देने की दिशा में तेजी से कार्य कर रही है। 6 एरोमा वैली विकसित करने की योजना पर भी कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अन्नदाताओं का उत्थान सुनिश्चित करने कि दिशा में गोविन्द बल्लभ कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर लम्बे समय से कार्य कर रहा है। 1960 से लेकर लगातार यह विश्वविद्यालय न केवल कृषि एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में निरंतर नए-नए शोध कार्य कर रहा है, बल्कि देश में प्रतिभावान वैज्ञानिकों और इंजीनियरों की नई पौध को भी विकसित करने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। इसी क्रम में यहां आयोजित हो रहा ये कृषि विज्ञान सम्मेलन उत्तराखंड के साथ-साथ पूरे देश के कृषि क्षेत्र में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को और अधिक समृद्ध करने में सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने इस सम्मेलन में आए किसानों से आह्वान किया कि यहाँ लगाए गए विभिन्न स्टॉलों को देखने के साथ-साथ इस सम्मेलन के दौरान पर्वतीय क्षेत्रों की कृषि में नवाचार, डिजिटल कृषि, जलवायु परिवर्तन और स्मार्ट पशुधन पालन जैसे विभिन्न विषयों पर आयोजित होने वाली पैनल चर्चाओं एवं सेमिनार में भी अवश्य प्रतिभाग करें। मुख्यमंत्री ने आशा व्यक्त की कि इस सम्मेलन से नई-नई तकनीकों के साथ-साथ कृषि एवं पशुपालन क्षेत्र के प्रति एक नया विजन सामने आयेगा। गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ एम एस चौहान ने सम्मेलन में सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि सम्मेलन में 16 देशों के वैज्ञानिक इस कृषि महाकुम्भ में प्रतिभाग कर रहे हैं, साथ ही 500 से अधिक प्रगतिशील कृषक भी प्रतिभाग कर रहे है।इस दौरान मेयर विकास शर्मा, गजराज बिष्ट, दर्जामंत्री अनिल कपूर डब्बू, आईजी डॉ योगेन्द्र सिंह रावत, जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, एसएसपी मणिकान्त मिश्रा, विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों के विभागाध्यक्ष, वैज्ञानिक और कृषक उपस्थित थे।

# 2027 में भारत पांच ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनेगा : योगी

**अमरभारती संवाददाता,लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा के बजट सत्र के चौथे दिन प्रश्नकाल के दौरान कहा कि उत्तर प्रदेश देश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर है। उन्होंने कहा कि जब उनकी सरकार आई थी, तब राज्य की अर्थव्यवस्था 12 लाख करोड़ रुपये थी, जो इस वित्तीय वर्ष के अंत तक 27.5 लाख करोड़ रुपये हो जाएगी। सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश सरकार 2029 तक उत्तर प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि जो लोग भारत को विकसित राष्ट्र नहीं मानते, वे उत्तर प्रदेश की आर्थिक वृद्धि पर भी सवाल उठाते हैं, भारत आज दुनिया की एक बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में आगे बढ़ रहा है। हो सकता है कि कुछ लोगों को अच्छा नहीं लग रहा हो क्योंकि जिनका अपना पर्सनल एजेंडा होता है, वह देश के विकास को अच्छा नहीं मानेंगे, लेकिन सच्चाई यह है कि देश की



अर्थव्यवस्था आज विश्व में पांचवें स्थान पर पहुंच चुकी है और 2027 तक भारत 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा। उन्होंने कहा कि मैं आश्वस्त करना चाहता हूं कि वर्ष 2029 में उत्तर प्रदेश वन ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी भी बनेगा और देश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भी बनेगा। सीएम योगी ने कहा कि उनकी सरकार ने अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए 10 प्रमुख क्षेत्रों को चिह्नित किया है। इन क्षेत्रों में औद्योगिक विकास, कृषि, सामाजिक सुरक्षा, नगरीय विकास, राजस्व संग्रह, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन और सेवा क्षेत्र शामिल हैं। प्रत्येक सेक्टर की मासिक समीक्षा की जाती है और मुख्यमंत्री स्वयं तिमाही समीक्षा करते हैं। उन्होंने कहा कि 2023 में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 40 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले थे, जिनमें से 15 लाख करोड़ रुपये के निवेश को जमीन पर उतारा जा चुका है। कई उद्योगों ने उत्पादन भी शुरू कर दिया है। इस निवेश से 60 लाख युवाओं को रोजगार मिलने की संभावना है। सीएम योगी ने कहा कि यह वही प्रदेश है जहां सीडी रेशियो 44 प्रतिशत था। आज यह 60 प्रतिशत क्रॉस कर चुका है। यह दर्शाता है कि उत्तर प्रदेश का पैसा आज उत्तर प्रदेश में लग रहा है। यह रिजर्व बैंक की ही रिपोर्ट है कि पिछले पंचवर्षीय योजना के अंदर उत्तर प्रदेश देश का वो पहला राज्य है जिसने बैंकों से सबसे अधिक लेन देन की है। जनधन अकाउंट उसके उदाहरण हैं। सीएम योगी ने कहा कि जिनका कभी बैंक में अकाउंट नही था आज उनके अकाउंट में लाखों रुपये उन बैंकों में जमा है। आज उनके अकाउंट में लाखों करोड़ रूपया उन बैंकों में जमा है इस बात का उदाहरण है कि व्यक्ति की क्रय करने की सामर्थ भी और जमा करने की सामर्थ्य भी बड़ी है यह प्रधानमंत्री मोदी जी की विजन के कारण संभव हो पाया है।




## सम्पादकीय

# बाजी पलटी ट्रंप ने और समझदारी के चर्चे भारत के

आखिरकार अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने व्लादिमीर पुतिन से बात करके यूक्रेन युद्ध खत्म करने पर सहमत कर ही लिया, लेकिन बाइडन के शासन में यही अमेरिका भारत को रूस से किनारा करने की सलाह दे रहा था, तब पीएम मोदी ने समझदारी दिखाते हुए बाइडन का दबाव नहीं माना और रूस से संबंध बनाए रखे। इसी नीति के कारण दुनिया में आज भारत की प्रशंसा हो रही है और मोदी की समझदारी को सलाम कर रही है। यानी पीएम मोदी ने दूरदर्शी कदम उठाते हुए भारत और रूस की दोस्ती को कायम रखा।

रूस-यूक्रेन युद्ध की शुरूआत से ही भारत ने एक अलग ही रुख अपनाया था। अमेरिकी पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन की मंशा थी कि भारत और रूस को अलग किया जाए, जिससे भारत रूस से तेल और हथियार खरीदना बंद कर दे, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका के दबाव में नहीं आए, बल्कि उन्होंने तेल खरीद की मात्रा और बढ़ा दी, हालांकि पीएम मोदी यूक्रेन की राजधानी कीव भी गए और मोदी ने साफ कर दिया कि भारत सिर्फ पुतिन समर्थक नहीं है, वह तटस्थ भी नहीं है। वह शांति का पक्षधर है। पीएम मोदी नहीं चाहते थे कि रूस जैसे भरोसेमंद देश का साथ छोड़ दिया जाए। इसलिए उन्होंने जो बाइडन की हर कोशिश को खारिज कर दिया था। और वही हुआ जिसका मोदी को अंदाजा था। डोनाल्ड ट्रंप के आने के बाद बाजी पलट गयी है। अगर मोदी उस समय जो बाइडन की सलाह मान लेते तो एक आजमाया हुआ दोस्त खो देते। ट्रंप के आने से बाजी पूरी तरह से पलट गई है, क्योंकि जो अमेरिका पहले पुतिन को खत्म करने के सपने देख रहा था, अब वही दोस्ती के लिए बाहें फैला रहा है। रूस से तेल और हथियार खरीदने पर भी तर्क दिया था भारत रूस से तेल आर्थिक मदद करने के लिए नहीं खरीद रहा है, बल्कि इसलिए खरीद रहा है क्योंकि वह अपने यहां तेल की कीमतों पर लगाम लगाना चाहता है। अगर यूक्रेन सस्ता तेल बेचेगा तो भारत उससे भी खरीदेगा। वहीं पीएम मोदी के इस फैसले का दूसरा मकसद था रूस के जरिए चीन को काबू में रखना। यह सच है कि रूस भारत का पुराना साझीदार है और वह चीन का भी सहयोगी है। पुतिन और शी जिनपिंग के बीच 'बेरोकटोक साझेदारी' है। पीएम मोदी जानते थे कि अगर हम रूस से दूर हुए तो इसका फायदा चीन उठा सकता है। इसमें खास बात यह है कि भारत जब रणनीतिक स्वायत्तता की बात करता था तो पश्चिम के लोग इसे गंभीरता से नहीं लेते थे, लेकिन ट्रंप ने आने के बाद जिस तरह की नीति अपनाई, उसके बाद स्थिति साफ हो गई। यूरोप को भी अब अहसास हो गया है कि अमेरिका की हर बात सुनना या उस पर निर्भर होना ठीक नहीं है। मोदी जब पिछले साल रूस गए थे और पुतिन को गले लगाया था तो यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने मखौल उड़ाया था। अब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप जेलेंस्की का मखौल उड़ा रहे हैं। मोदी पिछले साल अगस्त में यूक्रेन भी गए थे और उनके वापस आने के बाद जेलेंस्की ने तंज कस रहे थे। लेकिन अब जेलेंस्की को भी अहसास हो गया होगा कि जंग किसी के भरोसे नहीं लड़ी जाती है। भारत ने अपनी विदेश नीति बिल्कुल अपने हितों के हिसाब से रखी थी न कि किसी के दबाव में आकर। ट्रंप के रुख को लेकर यूरोप में भी भारी बेचैनी है। जिस नेटो की सदस्यता के लिए जेलेंस्की इतने परेशान थे और अब वही नेटो अप्रासंगिक होता दिख रहा है। नेटो एक सुरक्षा गारंटी देने वाला गुट है लेकिन ये आपस में ही तमाम मतभेदों से जूझ रहे हैं। ट्रंप की शिकायत है कि नेटो का ज्यादातर वित्तीय बोझ अमेरिका पर आता है और वह ज्यादा दिनों तक इसे वहन नहीं करेगा। डोनाल्ड ट्रंप के प्रयास पर पुतिन ने भी कह दिया कि रूस नहीं चाहता अब एक भी जान जाए। इससे यूरोपीय देश जहां दुखी हैं, तो वहीं यूक्रेन भी खफा है। क्योंकि यूरोपीय देश चाहते थे कि डोनाल्ड ट्रंप पुतिन पर जंग खत्म करने का दबाव बनाएं और उन्हें उसी तरह से ट्रीट करें, जैसे पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन ने किया था, लेकिन यहां यूरोपीय देशों के अरमानों पर पानी फिर गया। क्योंकि ट्रंप ने पुतिन के साथ दोस्ती का हाथ बढ़ाया है। अब इसका पूरी दुनिया पर क्या असर होगा, ये तो आने वाला वक्त ही बताएगा, लेकिन फिलहाल इस पूरे मामले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की समझदारी की तारीफ ही की जा रही है।

# शांति की संस्कृति एवं समझ को विकसित करने जरूरत



ललित गर्ग
प्रस्तुति-अमर भारती

एक शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण समाज के निर्माण, विविध संस्कृतियों, धर्मों और क्षेत्रों के बीच सद्भाव, करुणा और सहयोग की स्थायी भावना की अपेक्षा को आकार देने के लिये हर वर्ष विश्व शांति एवं समझ दिवस 23 फरवरी को विश्व स्तर पर मनाया जाता है। यह अवसर मानवीय सेवा, शांति और सद्भावना के प्रतीक रोटरी इंटरनेशनल की संस्थापक बैठक से जुड़ा है, जो एक अधिक समावेशी और शांतिपूर्ण दुनिया को बढ़ावा देने के लिए दुनिया में सामूहिक जिम्मेदारी का एक मार्मिक अनुस्मारक एवं महा अनुष्ठान है। साल 2025 में इस दिवस का उद्देश्य दुनियाभर में शांति और समझ को बढ़ावा देते हुए शांति की संस्कृति का विकास करना है। यह विषय एक ऐसी दुनिया की दिशा में सक्रिय रूप से काम करने के महत्व पर जोर देता है जहाँ शांति की समझ केवल एक आकांक्षा नहीं बल्कि हमारे दैनिक जीवन, व्यवहार और बातचीत का एक हिस्सा हो। यह दुनिया में संघर्ष को रोकने के लिए विभिन्न संस्कृतियों और दृष्टिकोणों के लिए सहानुभूति और सम्मान को सक्रिय रूप से बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित करता है एवं शांति की संस्कृति को विकसित करने के लिए व्यक्तियों, समुदायों और राष्ट्रों से सामूहिक प्रयास की आवश्यकता को उजागर करता है। दुनिया में प्रेम-भाईचारा और शांति को बनाए रखना एवं हिंसारहित दुनिया निर्मित करना भी इस दिवस का ध्येय है। रोटरी इंटरनेशनल की यात्रा 1905 में पॉल पी. हैरिस के साथ शुरू हुई, जिन्होंने राजनीति और धर्म की सीमाओं से परे विभिन्न पृष्ठभूमि के पेशेवरों को शामिल करते हुए एक भाईचारे एवं बंधुत्व भावना की कल्पना की थी। यह दृष्टिकोण पहले रोटरी क्लब में साकार हुआ, जिसे आधिकारिक तौर पर 1908 में शामिल किया गया था, जिससे एक ऐसे आंदोलन की शुरुआत हुई जिसने अंततः एक वैश्विक आयाम ग्रहण किया। पहले प्रमुख अमेरिकी शहरों और बाद में दुनियाभर में रोटरी क्लबों की स्थापना ने 1925 तक रोटरी इंटरनेशनल के रूप में प्रतिष्ठा प्राप्त की, आज, 200 से अधिक देशों और भौगोलिक क्षेत्रों में फैले 46,000 से अधिक क्लबों में 1.4 मिलियन से अधिक सदस्यों के साथ, रोटरी इंटरनेशनल मानवीय सेवा में वैश्विक एकजुटता का प्रतीक है। आज जबकि पूरी दुनिया युद्ध, हिंसा, आतंक एवं क्रूरता से त्रस्त है, इन जटिल एवं विषम परिस्थितियों में दुनिया में शांति की समझ पैदा करना पूरी मानव जाति का कर्तव्य है। समाज में समझ से ही शांति स्थापित की जा सकती है। इसके लिए सामूहिक प्रयास करने की आवश्तकता है। इसके विपरीत यदि, पूरी दुनिया के लोग एक दूसरे को घृणा, द्वेष और नफरत की दृष्टि से देखेंगे तो उसका परिणाम युद्ध और विनाश के रूप में सामने आएगा। संघर्ष, अविश्वास, गलतफहमी और विद्रोह समाज को बांटता है और उसे एक अन्नत संघर्ष की खाई में धकेल देता है। अविश्वास, अहंकार एवं महत्वाकांक्षाएं समाज को गलतफहमी, विद्रोह, लड़ाई और संघर्ष की ओर ले जाती है। इसलिए समाज में विश्वास और शांति स्थापित करने के लिए सभी मनुष्यों को एक दूसरे के साथ कंधे से कंधा मिलाकर सहयोगी के रूप में कार्य करना होगा। यह दिवस दुनिया की सबसे गंभीर चुनौतियों से निपटने में सामूहिक कार्रवाई की शक्ति की याद दिलाता है। यह हमें अपने मतभेदों से परे देखने और सभी के लिए शांति, समृद्धि और कल्याण के सामान्य लक्ष्यों की दिशा में मिलकर काम करने के लिए प्रोत्साहित करता है। सामुदायिक सेवा, अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और नैतिक मानकों को बढ़ावा देने के माध्यम से, विश्व शांति और समझ दिवस स्थायी शांति प्राप्त करने में सद्भावना के महत्व को रेखांकित करता है।

मनुष्य, पशु, पक्षी, कीड़े, मकोड़े आदि सभी जीना चाहते हैं। कोई मरने की इच्छा नहीं रखता। जब कोई मृत्यु चाहता ही नहीं, तो उस पर उसको थोपना कहां का न्याय है। शांति, सहजीवन एवं अहिंसा में विश्वास रखने वाले लोग किसी प्राणी को सताते नहीं, मारते नहीं, मर्माहत करते नहीं, बल्कि एक दूसरे का सहयोग करते हुए एक उन्नत दुनिया का निर्माण करते हैं। शांति की समझ है स्वयं के साथ सम्पूर्ण मानवता को ऊपर उठाने में, आत्मपतन से बचने में और उससे किसी को बचाने में। अशांति अंधेरा है और शांति उजाला है। आंखें बंद करके अंधेरे को नहीं देखा जा सकता। इसी प्रकार अशांति से शांति को नहीं देखा जा सकता। शांति को देखने के लिए आंखों में अहिंसा, करूणा एवं प्रेम का उजाला आंजने की अपेक्षा है। पृथ्वी, आकाश व सागर सभी अशांत हैं। स्वार्थ और घृणा ने मानव समाज को विखंडित कर दिया है। यूँ तो 'विश्व शांति' का संदेश हर युग और हर दौर में दिया गया है, लेकिन विश्व युद्ध की संभावनाओं के बीच इसकी आज अधिक प्रासंगिकता है। अपनों का साथ स्वर्ग है तो शत्रुओं का साथ नरक। प्रेम व मित्रता की ओर बढ़ना, स्वर्ग की ओर बढ़ना है। वैर व घृणा की ओर कदम बढ़ाना अपने नरक को खड़ा करना है। स्वर्ग में रहना है या फिर नरक में, ये चुनाव हमारा अपना है। लेकिन इस दृष्टि से यह विश्व शांति और समझ दिवस अधिक प्रासंगिक है और हमारी शांति की समझ को व्यापक बनाता है। इजराइल और हमास में युद्ध विराम समझौते के बाद दुनिया चाहती है कि रूस एवं यूक्रेन के बीच लम्बे समय से चल रहा युद्ध भी समाप्त हो, यह शांतिपूर्ण उन्नत विश्व संरचना के लिये नितांत अपेक्षित है। क्योंकि ऐसे युद्धों से युद्धरत देश ही नहीं, समूची दुनिया पीड़ित, परेशान एवं प्रभावित होती है। इस तरह युद्धरत बने रहना खुद में एक असाधारण और अति-संवेदनशील मामला है, जो समूची दुनिया को विनाश एवं विध्वंस की ओर धकेलने देता है। ऐसे युद्धों में वैसे तो जीत किसी की भी नहीं होती, फिर भी इन युद्धों का होना विजेता एवं विजित दोनों ही राष्ट्रों को सदियों तक पीछे धकेल देता, इससे भौतिक हानि के अतिरिक्त मानवता के अपाहिज और विकलांग होने के साथ बड़ी जनहानि का भी बड़ा कारण बनता है। इसी तरह अनेक राष्ट्र आतंकवाद से त्रस्त है। इन विकट एवं विकराल होती स्थितियों के बीच इस साल विश्व शांति और समझ दिवस की 118वीं वर्षगांठ मनाई जा रही है। इन वर्षों के दौरान पूरी दुनिया ने विश्व शांति और सद्भावना को लेकर लंबा रास्ता तया किया है। वहीं दुनिया भर के लोगों में सद्भावना, शांति और समझ विकसित करने के लिए अभी और लंबा रास्ता तय करना है। रोटरी क्लब अपने सदस्यों को, स्थानीय क्लबों के स्तर पर किए गए कार्यों से, स्थानीय और विश्व समुदाय की सेवा करने का अवसर प्रदान करता है। इसका ध्येय है- सत्य, न्याय, लोगों के बीच संबंधों में सुधार और विश्व शांति। उम्मीद है कि इसका नतीजा युद्धों के अंत के रूप में सामने आएगा।

आज कई लोगों का मानना है कि विश्व शांति को सबसे बड़ा खतरा साम्राज्यवादी आर्थिक और राजनीतिक कुचेष्टाओं से है। विकसित देश युद्ध की स्थिति उत्पन्न करते हैं, ताकि उनके सैन्य साजो-समान बिक सकें। यह एक ऐसा कड़वा सच है, जिससे कोई इंकार नहीं कर सकता। आज सैन्य साजो-सामान उद्योग विश्व में बड़े उद्योग के तौर पर उभरा है। हिंसा, आतंक एवं अशांति विश्व की ज्वलन्त समस्याएं हैं। अहिंसा, करूणा एवं शांति ही इन समस्याओं का समाधान है। अहिंसा सव्वभूयखेमंकरी-विश्व के समस्त प्राणियों का कल्याण करने वाली तेजोमयी अहिंसा की ज्योति पर जो राख आ गई, उसे दूर करने के लिए तथा अहिंसा की शक्ति पर लगे जंग को उतार कर उसकी धार को तेज करने के लिए अहिंसक एवं शांतिपूर्ण समाज रचना की जरूरत है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दुनिया में विश्वशांति एवं अहिंसा की स्थापना के लिये प्रयत्नशील है, समूची दुनिया भारत की ओर आशाभरी नजरों से देख रही है कि एक बार फिर शांति एवं अहिंसा का उजाला भारत करें। कुछ लोग कह सकते है- एक दिन विश्व शांति और समझ दिवस मना भी लिया तो क्या हुआ? लेकिन ऐसे दिवस की बहुत सार्थकता है, उपयोगिता है, इससे अंतर-वृत्तियां उद्बुद्ध होंगी, अंतरमन से शांति की समझ को अपनाने की आवाज उठेगी और हिंसा, अशांति, तनाव एवं में लिप्त मानवीय वृत्तियों में शांति की समझ आएगी।

# भारत की नैतिक नेतृत्व क्षमता और वैश्विक एआई आंदोलन

अप्रैल 2024 में प्रकाशित एक राष्ट्रीय समाचार पत्र की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में लगभग 92 प्रतिशत इंटरनेट उपयोगकर्ता, यानी लगभग 724 मिलियन लोग, किसी न किसी रूप में एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) का उपयोग करते हैं। रिपोर्ट में यह भी अनुमान लगाया गया कि भारत में एआई का उपयोग हर साल 6 प्रतिशत की दर से बढ़ेगा। इस प्रकार, अब तक भारत में लगभग हर व्यक्ति किसी न किसी रूप में एआई से प्रभावित हो चुका है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि एआई का सबसे अधिक उपयोग 19-24 आयु वर्ग के लोग करते हैं। हालांकि, विभिन्न अध्ययनों ने एआई उपयोग में नैतिक विनियमन की कमी को उजागर किया है, जो भारत और वैश्विक स्तर पर युवाओं के लिए एक बड़ी चुनौती बन रही है।

इस संदर्भ में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फ्रांस यात्रा वैश्विक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) कूटनीति और नैतिक शासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई। एआई एक्शन समिट के तीसरे संस्करण में, जिसे फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ संयुक्त रूप से आयोजित किया गया था, पीएम मोदी ने भारत के एआई-प्रेरित भविष्य की अपनी दृष्टि साझा की। उन्होंने नैतिक एआई विकास, रणनीतिक सहयोग और भारत को वैश्विक एआई केंद्र के रूप में स्थापित करने के महत्व पर जोर दिया। उनके भाषण में भारत की जिम्मेदार एआई निर्माण की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया गया, जिसमें नई शिक्षा नीति के तहत मूल्य-आधारित शिक्षा को युवाओं के लिए एक मार्गदर्शक सिद्धांत के रूप में बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान दिया गया।

### नैतिक और समावेशी एआई विकास

अपने संबोधन में, प्रधानमंत्री मोदी ने नैतिक और समावेशी एआई विकास की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि एआई का उपयोग मानवता के लाभ के लिए किया जाना चाहिए और इसे सामाजिक असमानताओं को बढ़ाने के बजाय कम करने में सहायक होना चाहिए। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि एआई को लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुरूप होना चाहिए और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की रक्षा करनी चाहिए, जिससे भारत की पारदर्शी और निष्पक्ष एआई प्रणाली के प्रति प्रतिबद्धता झलकती है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने भारत की वैश्विक एआई नेतृत्व बनने की महत्वाकांक्षा को रेखांकित किया। भारत अपनी तेजी से बढ़ती डिजिटल अवसंरचना, जीवंत स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र और



डॉ. मनीष कुमार सिंह



डॉ. संजीव कुमार

(डॉ. मनीष कुमार सिंह श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय के कंप्यूटर साइंस विभाग में सहायक प्रोफेसर हैं, और डॉ. संजीव कुमार एस.एच.डी. रिसर्च फाउंडेशन (SHDRF) के निदेशक और श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग में सहायक प्रोफेसर हैं।)

कुशल कार्यबल के साथ घरेलू और अंतरराष्ट्रीय एआई बाजारों की सेवा करने के लिए अच्छी तरह से तैयार है। पीएम मोदी ने भारत और फ्रांस के बीच एआई सहयोग को और मजबूत करने का आह्वान किया, विशेष रूप से स्वास्थ्य सेवा, कृषि, साइबर सुरक्षा और जलवायु परिवर्तन जैसे क्षेत्रों में। उन्होंने फ्रांस की मजबूत एआई शोध पृष्ठभूमि को स्वीकार किया और दोनों देशों के बीच एआई अनुसंधान, विकास और प्रतिभा विनिमय में गहन सहयोग को प्रोत्साहित किया।

### वैश्विक एआई नीति निर्धारण में भारत की भूमिका

एआई के बढ़ते प्रभाव को पहचानते हुए, पीएम मोदी ने वैश्विक एआई शासन की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने प्रस्तावित किया कि भारत को एआई नीतियों के निर्माण में एक प्रमुख भूमिका निभानी चाहिए, ताकि डेटा गोपनीयता, एआई एल्गोरिदम में जवाबदेही, और विकासशील देशों के लिए एआई प्रौद्योगिकियों तक समान पहुंच सुनिश्चित की जा सके।

पीएम मोदी की दृष्टि भारत की रणनीतिक गठबंधनों को न केवल फ्रांस के साथ, बल्कि अन्य वैश्विक शक्तियों के साथ भी मजबूत करने की संभावना जताती है। भारत और फ्रांस के बीच एआई-प्रेरित साझेदारी व्यापार और निवेश से आगे बढ़कर रक्षा, अंतरिक्ष अन्वेषण और अगली पीढ़ी की प्रौद्योगिकियों तक विस्तारित होने की संभावना है।

भारत की अंतरराष्ट्रीय एआई चर्चाओं में सक्रिय भागीदारी, विशेष रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका, यूरोपीय संघ और इंडो-पैसिफिक देशों के साथ, एआई-प्रेरित कूटनीति की ओर एक महत्वपूर्ण परिवर्तन को दर्शाती है। वैश्विक एआई ढांचों में योगदान करके, भारत वैश्विक एआई परिदृश्य को प्रभावित करने का लक्ष्य रखता है, ताकि एआई प्रौद्योगिकियों की निष्पक्ष पहुंच और नैतिक तरीके से उपयोग सुनिश्चित किया जा सके।

### भारत की एआई सम्बंधित दृष्टिकोण और भविष्य की संभावनाएं

पीएम मोदी का एआई नवाचार पर ध्यान, डिजिटल इंडिया, एआई फॉर ऑल और राष्ट्रीय एआई रणनीति जैसी मौजूदा पहलों के अनुरूप है। ये प्रयास अत्याधुनिक अनुसंधान, आर्थिक वृद्धि और रोजगार सृजन को बढ़ावा देंगे। वैश्विक एआई साझेदारियों को मजबूत करके, भारत निवेश आकर्षित करने, नौकरियां सृजित करने और एक विश्वसनीय एआई साझेदार के रूप में अपनी स्थिति स्थापित करने का लक्ष्य रखता है, क्योंकि तकनीकी नेतृत्व इस युग में अत्यंत महत्वपूर्ण है।

जैसे-जैसे एआई उद्योगों और अर्थव्यवस्थाओं को बदलता जा रहा है, पीएम मोदी की दृष्टि भारत की नैतिक एआई नवाचार और रणनीतिक वैश्विक सहयोगों के प्रति प्रतिबद्धता की पुन: पुष्टि करती है। यह समिट न केवल भारत की तकनीकी महत्वाकांक्षाओं को उजागर करता है, बल्कि वैश्विक स्तर पर एआई शासन और विकास के भविष्य को आकार देने में इसकी भूमिका को भी मजबूत करता है।

### एआई के क्षेत्र में भारत का नैतिक नेतृत्व

भारत का एआई-प्रेरित नेतृत्व वैश्विक एआई आंदोलन में एक नया नैतिक दृष्टिकोण जोड़ता है, जहां एआई का उपयोग बिना उचित विनियमन के किया जाता है।

भारत का नैतिक नेतृत्व यह सुनिश्चित करेगा कि एआई का इस्तेमाल जिम्मेदारी से हो, जिससे भारतीय युवाओं के साथ-साथ वैश्विक एआई उपयोगकर्ताओं को भी मार्गदर्शन मिलेगा।

**डॉ. मनीष कुमार सिंह, डॉ. संजीव कुमार**
प्रस्तुति-अमर भारती

## वात्सल्य वारिधि




## सुविचार






आचार्य श्री 108 प्रसन्न सागर जी महाराज

## अंतर्मना उवाच

जो भाग्य से मिलता है, उसे सात पीढ़ी भोगती है..
और जो छीन कर या लड़ झगड़ कर लिया जाता है, उसे सात पीढ़ी भुगतती है..!

आप चाहते हैं बिना मेहनत का फल, और बिना मेहनत का फल तो हमेशा ही कड़वा होता है। अपने आप जो मिलेगा, वह गोबर ही मिलेगा। बिना मेहनत के गोबर के सिवा और कुछ नहीं मिलने वाला है। दूध, दही, मक्खन, छाछ और घी जैसे अमृत के लिए - खून पसीना एक कर देना पड़ता है, तभी वे मिलते हैं। नाभि से ऊपर उठकर जीने की साधना करनी पड़ती है। नाभि के नीचे जो जी रहा है, वह तो केवल गोबर खा कर मूत्र पी कर खुश हो रहा है। वह उस गंदगी को ही जिंदगी समझने की भूल कर रहा है। कुछ लोग नाभि से ऊपर की जिंदगी जीते हैं। और बहुत कुछ लोग नाभि से नीचे ही रहकर जीवन गुजार देते हैं। नाभि से ऊपर आने की चेष्टा ही नहीं करते हैं। जबकि नाभि से निम्न क्षेत्र केवल विकारों का है, वासनाओं का है।

मैं कहता हूँ- ? नाभि से ऊपर उठो। नाभि से ऊपर विशुद्ध चक्र है। आज्ञा चक्र और सहस्त्रार चक्र की सीढ़ियाँ शुरू होती है, जहाँ से होकर अनाहद नाद तक पहुँचा जा सकता है। ब्रह्मरंध्र तक पहुँचा जा सकता है।

नाभि से ऊपर की यात्रा परमात्मा की यात्रा है..
नाभि से नीचे की यात्रा संसार की यात्रा है..
आप कौन सी यात्रा के यात्री हैं.....?

अंतर्मना

## लेख

# महाकुंभ के बहाने सनातन के अपमान की पराकाष्ठा



मृत्युंजय दीक्षित
प्रस्तुति-अमर भारती

प्रयागराज में दिव्य- भव्य महाकुंभ के आयोजन की तैयारियों के समय से ही इंडी गठबंधन के सभी दलों के नेता किसी न किसी बहाने इसकी आलोचना कर रहे थे किन्तु इसके सफलतापूर्वक संचालित होते हुए देखने के बाद तो वो इसको विफल करने के लिए तरह तरह के प्रयास कर रहे हैं और अपने वक्तव्यों से महाकुम्भ मेले की आड़ में सनातन धर्म और हिन्दू आस्था का निरंतर अपमान कर रहे हैं।

खडगे के क्या कुम्भ में नहाने से गरीबी दूर होगी, से शुरू हुआ ये अपमान अब महाकुम्भ को मृत्यु कुम्भ कहने तक जा पंहुचा है। बिहार के चारा घोटाले के मुख्य आरोपी न्यायपालिका की दया से जमानत पर बाहर घूम रहे बिहार के पूर्व मुख्यमं.त्री लालू प्रसाद यादव ने महाकुंभ को फालतू का कुंभ कहा और फिर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सभी सीमाओं को पार करते हुए महाकुंभ को मृत्युकुंभ कह डाला जिससे संपूर्ण हिंदू समाज आक्रोशित है। मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति में अंधे हो चुके इन सभी दलों के नेताओं को यह महाकुंभ इसलिए रास नहीं आ रहा है क्योंकि यह अब तक का सर्वाधिक सफल महाकुंभ बनने जा रहा है। इस महाकुंभ से सनातन हिंदू समाज की एकता का जो ज्वार उभरा है उससे मुस्लिम परस्त दलों को अपना भविष्य अंधकारमय दिख रहा है। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने जिस प्रकार से महाकुंभ को मृत्युंकुभ कहा है उससे यह साफ प्रतीत हो रहा है कि उन्हें अब 2026 में राज्य के विधानसभा चुनावों में संभावित हिन्दू एकता से भय लगने लगा है। इंडी गठबंधन के कई दलों के प्रमुख नेता जहाँ महाकुंभ की आलोचना कर रहे हैं वहीं उन्हीं दलों के बहुत से नेता वीवीआईपी टीट्रमेंट के साथ गंगा नदी में पुण्य की डुबकी लगा रहे हैं। कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह, डी.के. शिवकुमार, अजय राय, सचिन पायलट यह सभी माँ गंगा में डुबकी लगा चुके हैं। यूपी में समाजवादी पार्टी ने तो महाकुंभ के खिलाफ एक नियमित अभियान ही चला दिया है। सपा के प्रवक्ता टीवी चैनलों पर कह रहे हैं कि हम विरोधी दल हैं हमारा तो काम ही सरकार से व्यवस्थाओं पर सवाल करना है। तो सरकार पर सवाल करो ना, सनातन पर क्यों कर रहे हो? सपा के सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर भी महाकुंभ के खिलाफ खूब दुष्प्रचार किया जा रहा है। महाकुंभ -2025 पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के लिए सपा सांसद अफजाल अंसारी पर मुकदमा तक दर्ज हुआ है क्योंकि उन्होंने कहा था कि संगम पर भीड़ देखकर लगता है कि स्वर्ग हाउसफुल हो जाएगा। उत्तर प्रदेश विधान सभा सत्र में बोलते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ को फालतू कुंभ और मृत्यु कुंभ बताने वालों को सटीक और कड़ा जवाब दिया। मुख्यमंत्री ने विधानसभा में कहा कि सनातन का आयोजन भव्यता से करना अगर अपराध है तो ये अपराध मेरी सरकार ने किया है आगे भी करेगी। मुख्यमंत्री ने अपने बयान में सपा पर हमलावार होते हुए कहाकि सोशल मीडिया हैंडल देखें तो वहां की भाषा उनके संस्कारों को प्रदर्शित करती है यह भाषा किसी सभ्य समाज की नहीं हो सकती। ये लोग अकबर का किला जानते थे लेकिन अक्षयवट और सरस्वती कूप नहीं जानते थे, ये इनके सामान्य ज्ञान का स्तर है। मुख्यमंत्री ने कहा इतने बड़े सनातन धर्म के आयोजन में कोई भूखा नहीं रहा, महाकुंभ में जो आया वो भूखा नहीं गया। मुख्यमंत्री ने संगम जल की गुणवत्ता पर उठाये जा रहे सभी सवालों का जवाब देते हुए कहाकि संगम का पानी न केवल नहाने के लिए अपितु आचमन के लिए भी उपयुक्त है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कर दिया कि संगम व महाकुंभ को बदनाम करने के लिए लगातार झूठा अभियान चलाया जा रहा है।मुख्यमंत्री ने कहा कि संगम और उसके आसपास के सभी पाइप और नलों को टेप कर दिया गया है और पानी को शुद्ध करने के बाद ही छोड़ा जा रहा है। उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड पानी की गुणवत्ता को बनाये रखने के लिए लगातार निगरानी कर रहा है। आज की रिपोर्ट के अनुसार संगम के पास बीओडी की मात्रा 3 से कम है और घुलित ऑक्सीजन 8-9 के आसपास है। इसका तात्पर्य यह है कि संगम का पानी न केवल नहाने के लिए अपितु आचमन के लिए भी उपयुक्त है। हिंदू विरोधी इंडी गठबंधन के नेताओं की हिंदू आस्था पर आघात करने की आदत बन चुकी है। यह सभी दल हीन भावना से ग्रसित हो चुके हैं इन्हें हिंदू समाज का उत्थान, हिंदू समाज का वैभव पसंद नहीं आ रहा है।

# गिग श्रमिक की समस्यायें और समाधान



प्रो. अनिल कुमार वर्मा
प्रस्तुति-अमर भारती

2025 के बजट में गिग श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा और स्वास्थ्य बीमा की घोषणा करते हुए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से जुड़े लगभग एक करोड गिग श्रमिकों के लिए पहचान पत्र प्रदान करने, ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण के साथदृसाथ प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत स्वास्थ्य बीमा देकर सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने का प्रयास किया गया है। इससे इन गिग श्रमिकों को सरकारी एजेन्सियों द्वारा संचालित की जाने वाली योजनाओं का फायदा मिल सकेगा। हालांकि केन्द्रीय श्रम मंत्रालय, 2021 में लांच किये गये ई-श्रम पोर्टल के माध्यम से सभी क्षेत्र के नियोक्ताओं को पोर्टल पर पंजीकरण के लिए पहले ही निर्देशित कर चुका है ताकि कार्यबल को औपचारिक बनाकर इन गिग श्रमिकों की पहचान की जा सके और उन्हें सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ दिया जा सके। गिग श्रमिक आखिर हैं कौन? सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020 के मुताबिक गिग श्रमिक वह व्यक्ति है जो अल्पकालिक लचीले कामों में लगे होते हैं जैसे कैब चलाना, ऑन लाइन डिलीवरी सेवायें देना या फ्रीलांस काम करना। ये श्रमिक पारम्परिक नियोक्ता-कर्मचारी सम्बन्ध से अलग अस्थायी या अनुबन्ध आधारित कार्य करते हैं। इन लाखों लोगों को गिग श्रमिक बनने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है, क्योंकि भारतीय अर्थव्यवस्था पर्याप्त नौकरियां पैदा नहीं कर पा रही है। नई श्रम संहिता में इन गिग श्रमिकों को असंठित श्रमिकों के रूप में मान्यता दी गयी है। इन श्रमिकों की एक बड़ी संख्या दो या दो से अधिक कार्यो में लगी है। गिग श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा नीतियों के दायरे में लाने का पहला कदम सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020 के माध्यम से ही उठाया गया था। यह गिग श्रमिकों को मान्यता देने वाला पहला कानून था। इसने सामाजिक सुरक्षा प्रावधानों के लिए आधार भी तैयार किया था। नीति आयोग की 2022 में प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार 2020-21 में भारत में गिग श्रमिकों की कुल संख्या 77 लाख थी जिसके 2030 तक भारत के कुल कार्यबल का लगभग 4.1 प्रतिशत या लगभग 23.5 करोड़ हो जाने का अनुमान है। भारत मे गिग अर्थव्यवस्था 17 प्रतिशत की वार्षिक दर से बढ़ रही है। 2030 तक गिग अर्थव्यवस्था द्वारा 9 करोड़ नौकरियां सृजित करने और भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 1.25 प्रतिशत का योगदान देने का अनुमान लगाया जा रहा है। वैश्विक स्तर पर देखें तो स्टाफिंग इण्डस्ट्री एनालिस्ट के मुताबिक गिग अर्थव्यवस्था ने 2022 में 3.8 ट्रिअलियन अमेरिकी डॉलर का राजस्व उत्पन्न किया था जिसके 2024 तक 5.61 ट्रिलियन डालर तक पहुंचने का अनुमान रखा गया था, हालाकि अंतिम आंकड़े आना अभी शेष है। जितनी तेजी के साथ भारत की अर्थव्यवस्था बढ़ रही है, उतनी ही तेजी के साथ भारत में गिग अर्थव्यवस्था भी बढ़ रही है। गिग इकोनामी के कई सेक्टर हैं जिनमें करोड़ों लोग कार्य कर रहे हैं। इनमें पहला है डिलीवरी और लॉजिस्टिक सेक्टर जिसमें स्विगी, जोमेटो, फिलिपकॉर्ट, अमेजन, आदि आते हैं। दूसरा महत्वपूर्ण सेक्टर परिवहन है कैब और मोबिलिटी सेवायें जैसे उबर, ओला, रेपिडो आदि शामिल हैं। तीसरा सेक्टर फ्रीलांस और डिजिटल सेवाओं का है जिसमें अपवर्क, फ्रीलांसर, टॉस्करैबिट, आदि की महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। भारत में गिग अर्थव्यवस्था के जिस नये क्षेत्र ने तेजी से पैर पसारे हैं वह है ऑनलाइन ट्यूटरिंग और कंटेन्ट क्रियेशन, जिसमें स्कूली, फिजिक्सवाला, चेग, यूटयूब, बाइजूस आदि आते हैं। इसके अतिरिक्त बहुत से गीगा श्रमिक कंसल्टिंग और प्रोजेक्ट बेस्ड वर्क जैसे टोपटॉल, पीपुलपरअवर आदि में लगे है। डिजीटल प्लेस मांग आधारित ऐप सेवाओं जैसे अर्बनक्लैप, केयर डॉटकॉम, हाउसजॉय, हेल्पर आदि का सेक्टर भी भारत में बड़े शहरो के साथदृसाथ छोटे नगरों और कस्बों में भी तेजी से बढ़ रहा है। इन गिग श्रमिकों की अपनी बहुत सी समस्यायें हैं। सबसे बड़ी समस्या है, उनके कार्य की प्रकृति का अस्थायी होना। जिन कम्पनियों ओर प्लेटफॉर्म में ये गिग श्रमिक काम करते हैं, वे उनको पूर्णकालिक स्थायी कर्मचारी का दर्जा नहीं देती हैं; न ही उन्हें श्रम कानूनों के तहत कोई सुरक्षा मिलती है। संविदा पर कार्य कर रहे इन श्रमिकों का कान्ट्रेक्ट कभी भी समाप्त किया जा सकता है। इन गिग श्रमिकों को बहुत कम वेतन मिलता है। पीपुल्स एसोसिएशन इन ग्रासरूट्स एक्शन एण्ड मूवमेन्ट्स और इंडियन फेडरेशन ऑफऐप बेस्ड ट्रान्सपोर्ट्स वर्कर्स द्वारा किये अध्ययन में यह तथ्य निकलकर सामने आया कि ऐप आधारित कैब चालकों में लगभग एक तिहाई प्रतिदिन 14 घंटे से अधिक काम करते हैं। इनमें से 83 प्रतिशत से अधिक 10 घंटे से अधिक और 60 प्रतिशत 12 घंटे से अधिक कार्य करते हैं। इसके बावजूद विडम्बना देखिए कि वे अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए न्यूनतम वेतन भी नहीं कमा पाते जबकि वेतन संहिता 2019 में गिग श्रमिकों सहित संगठित और असंगठित दोनों क्षेत्रों के श्रमिकों के लिए सार्वभौमिक न्यूनतम वेतन का प्रावधान किया जा चुका है। 43 प्रतिशत श्रमिक 500 रूपये प्रतिदिन या 15000 रूपये प्रतिमाह से भी कम कमाते हैं। रिपोर्ट में यह तथ्य भी प्रकाश में आया कि 34 प्रतिशत गिग श्रमिकों की आय 10000 रूपये प्रतिमाह से भी कम है। इन गिग श्रमिकों को स्वास्थ्य बीमा, पेशन प्रोव्रिडेन्ट फ्ण्ड साहित अन्य सरकारी लाभों से भी वंचित रहना पड़ता है। बीमारी या दुर्घटना की स्थिति में उनके पास कोई सामाजिक सुरक्षा कवच नहीं होता है। कम्पनियां किसी न किसी बहाने इनका शोषण को तैयार रहती हैं। बिना कोई कारण बताये इनके कमीशन में कटौती कर देना, ग्राहक द्वारा खराब रेटिंग दिये जाने पर बिना कोई स्पष्टीकरण दिये कर्मचारी को बैन कर देना, बोनस और इंसेटिव न देना आदि कई तरीके हैं, जिनसे कम्पनियां इन कर्मचारियों का मनमाना शोषण करती है। कैब नियोक्ता, कैब चालकों की प्रतिदिन का सवारी कमीशन का 30 से 40 प्रतिशत तक काट रहे हैं, जबकि कम्पनियां आधिकारिक तौर पर इसे 20 प्रतिशत तक बताती है। बिजनेस इनसाइडर की रिपोर्ट के मुताबिक 2024 में गिग श्रमिकों को कम वेतन, टिप बैटिंग और साइबर हमले जैसी समस्याओं का शिकार होना पड़ा था। गिग श्रमिकों अपने कार्यस्थल पर सुरक्षा और स्वास्थ्य सम्बन्धी अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। कार्य करने के अनियमित 'न्टों के कारण उनमें मानसिक तनाव रहता है जिससे दुर्घटना की सम्भावना बढ़ जाती है। ईदृकामर्स प्लेटफॉर्मों की ''10 मिनट में दरवाजे पर डिलीवरी'' नीति ने उनकी स्थिति को और अधिक बदतर बना दिया है। इसके अतिरिक्त ग्राहकों का दुर्व्यवहार उनके प्रभावी ढंग से कार्य करने की क्षमता पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। बैंक और वित्तीय संस्थायें इन गिग श्रमिकों को नियमित कर्मचारी नहीं मानती है जिस कारण उन्हें होम लोन, शिक्षा लोन, क्रेडिट कार्ड और अन्य वित्तीय सेवायें भी नही मिल पाती हैं। दिव्यांग और महिला गिग श्रमिकों की स्थिति तो और भी खराब रहती है। कार्यस्थल पर इनका शोषण एक आम बात है। गिग श्रमिक भारतीय अर्थव्यवस्था का एक अभिन्न अंग है। सेवा असुरक्षा, कम वेतन और श्रमिक अधिकारों की कमी से जूझ रहे इन श्रमिकों के लिए सरकार और कम्पनियों को अथक प्रयास करने होंगे। सबसे पहले सुनिश्चित करना होगा कि इन श्रमिकों को न्यूनतम वेतन जरूर मिले और एक निर्धारित समय से पूर्व नोटिस दिये बिना इनकों सेवा से ना निकाला जाये। कम्पनियों को गिग श्रमिकों के साथ पारदर्शी अनुबन्ध बनाना चाहिए ताकि ये श्रमिक अपने अधिकारों का अच्छी तरह से समझ सकें। इन श्रमिकों के शोषण का एक कारण यह भी है कि वे असंठित हैं। अतः अपनी आवाज को उठाने के लिए उन्हें यूनियन और ट्रेड एसोसिएशन बनानी चाहिएं ताकि वे अपने अधिकारों को समझकर अपनी मांगे सरकार और कम्पनियों के सामने रख सके और अपने शोषण के विरूद्ध आवाज उठा सकें। प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन योजना, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना जैसी योजनाओं को इन श्रमिकों पहुंचाकर इनकी स्थिति को सुधारा जा सकता है। बैंक और वित्तीय संस्थाओं इन गिग श्रमिकों के लिए स्पेशल लोन और क्रेडिट स्कीम्स आरम्भ करनी चाहिएं। भारत में गिग श्रमिकों के लिए एक राष्ट्रीय कानूनी और सामाजिक सुरक्षा ढांचे की आवश्यकता है। जिस तरह से कर्नाटक और राजस्थान जैसे राज्यों ने अधिनियम बनाकर गिग श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा और उनके सामाजिक उत्थान के लिए प्रयास किया है, अन्य राज्यों को भी इससे प्रेरणा लेकर गिग श्रमिकों की समस्याओं के समाधान के लिए सकारात्मक प्रयास करने होंगे। अतएव गिग श्रमिकों, जिनमें मुख्य रूप से गरीब और वंचित लोग शामिल हैं, के लिए सरकार द्वारा बनायी जा रही योजनाओं को अमली जामा पहनाना वर्तमान और भविष्य की महत्वपूर्ण मांग है।

अमर भारती में प्रकाशित समाचार, विचार, लेख अथवा विज्ञापन से यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो कृपया स्पष्टीकरण एवं सुझाव समूह सम्पादक की ईमेल- editor@amarbharti.com पर प्रेषित करें अथवा 9311222595 पर व्हाट्सएप्प करें।

## लघु समाचार

### रात युवक पर चाकू से हमला, अस्पताल में भर्ती



**अमर भारती संवाददाता नई दिल्ली।** साउथ दिल्ली के संगम विहार इलाके में बीती रात एक युवक पर चाकू से हमला करके उसे घायल कर दिया गया। उसे नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। इस मामले में नेब सराय थाना की पुलिस टीम छानबीन कर रही है। घायल की पहचान संगम विहार एल ब्लॉक के रहने वाले रेहान के रूप में हुई है। इस मामले की पुष्टि करते हुए डीसीपी साउथ अंकित चौहान ने बताया कि नेब सराय पुलिस को इस मामले की इनफार्मेशन रात में मिली थी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची छानबीन शुरू की, घायल से पूछताछ में पता चला कि गुगलू नाम के एक युवक से उसका किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था और उसकी पिटाई कर दी थी। बीती रात गुगलू अपने दो साथियों के साथ पहुंचा और रेहान पर हमला कर दिया। पहले उसकी पिटाई की और फिर चाकू से वार कर दिया। बाई तरफ चेस्ट पर चाकू लगने से वह घायल हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज करके छानबीन शुरू की। इस मामले में गूगलू उर्फ मुफजुल को गिरफ्तार कर लिया गया। साथ ही उसके एक नाबालिक साथी को भी हिरासत में लिया गया है। तीसरे सहयोगी के बारे में पुलिस पता लगा रही है।

### लूटपाट करने वाले दो बदमाशों को दबोचा



**अमर भारती संवाददाता नई दिल्ली।** बुराड़ी थाना की पुलिस टीम ने लूटपाट की वारदात को अंजाम देने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। साथ ही इनके साथ रहने वाले एक नाबालिक को भी हिरासत में लिया गया है। डीसीपी नॉर्थ राजा बांठिया ने बताया कि गिरफ्तार किए गए बदमाशों की पहचान आबिद और शिवम के रूप में हुई है। यह दोनों दिल्ली के जगतपुर गांव और कश्मीरी गेट इलाके के रहने वाले हैं।आबिद पहले से तिमारपुर, बुराड़ी और शालीमार बाग थाना के पांच मामलों में शामिल रहा है। जबकि शिवम धमकी देने के मामले में इंवॉल्व रहा है। जिस नाबालिक को हिरासत में लिया गया है, उसकी उम्र 17 साल है। पुलिस ने इनके पास से लूटे गए कई मोबाइल, वारदात में इस्तेमाल मोटरसाइकिल, वारदात के दौरान इस्तेमाल पेपर कटर बरामद किया है। साथ ही वारदात के दौरान पहने गए कपड़े को पुलिस ने सबूत के रूप में जप्त किया है।

### बस के पास पहुंचे थे वारदात को अंजाम देने



**अमर भारती संवाददाता नई दिल्ली।** किशनगढ़ थाना की पुलिस टीम ने दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से देसी पिस्टल और चार जिंदा कारतूस के अलावा दो मोबाईल भी बरामद किया गया है। ये पहले से कई मामलों में शामिल रहे हैं, जिनमें लूट, स्नैचिंग, चोरी, आर्म्स एक्ट के मामले शामिल हैं। किशनगढ़ इलाके में वारदात के इरादे से इकट्ठा हुए थे। लेकिन पुलिस टीम ने घेराबंदी करके इन्हें दबोच लिया। डीसीपी साउथ वेस्ट सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए बदमाशों की पहचान अजय उर्फ सुमित और जॉन मैसी के रूप में हुई है। यह दोनों अंबेडकर नगर के दक्षिणपुरी और सुभाष कैंप के रहने वाले हैं। एसएचओ श्रीनिवास की देखरेख में सब इंस्पेक्टर अशोक, हेड कांस्टेबल जयवीर, नीरज, राजेश, कांस्टेबल मोहन की टीम ने मछली वाला पार्क किशनगढ़ गांव के पास इन दोनों को संदेह होने पर पकड़ा था। जब यह एक बस के पास खड़े थे और वारदात के फिराक में घूम रहे थे। पुलिस टीम को देखते ही दोनों सरपट भागने लगे, लेकिन पुलिस टीम ने पीछा करके पकड़ा। तलाशी में देसी पिस्टल और दो जिंदा कारतूस बरामद किया गया। इनके खिलाफ आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज किया गया। पूछताछ से पता चला कि अजय पहले से स्नैचिंग, आर्म्स एक्ट और चोरी के 24 मामलों में जबकि जॉन मैसी 12 मामलों में शामिल रहा है। आगे की छानबीन की जा रही है।

### गृह/शिक्षा मंत्री के घर मिलने वालों का सुबह से लगा तांता



**अमर भारती संवाददाता नई दिल्ली।** दिल्ली के नए गृह मंत्री, शिक्षा और शहरी विकास मंत्री आशीष सूद के घर आज लोगों के आने का सिलसिला सुबह से ही शुरू हो गया। सचिवालय में मंत्री का पद भर ग्रहण करने से पहले उन्होंने जनकपुरी स्थित अपने निवास स्थान पर लोगों से मुलाकात की। उनसे मिलने और बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ रहा। मीडिया से बातचीत में मंत्री आशीष सूद ने कहा कि अभी-अभी मंत्रालय मिला है। जिसमें काफी कुछ काम करना है। जो दिल्ली वालों की बेहतरी से जुड़ा काम होगा, उसे प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। पूर्व की आप सरकार और अरविंद केजरीवाल के शिक्षा मॉडल पर सवाल पूछने पर उन्होंने कहा उनका शिक्षा मॉडल कैसा था। यह दिल्ली की जनता ने बता दिया है। साथ ही अनाधिकृत कॉलोनी में विकास कार्यो को लेकर भी उन्होंने बताया की सभी स्तर पर और सभी विभागों में बेहतर काम होंगे।

### बड सकती हैं आप की मुश्किलें, विधानसभा सत्र में पेश होगी सीएजी रिपोट

**अमर भारती संवाददाता नई दिल्ली।** बीजेपी नेता विजेंद्र गुप्ता ने आम आदमी पार्टी (आप) पर निशाना साधा है। उन्होंने दिल्ली की पूर्व सीएम आतिशी पर पलटवार करते हुए कहा कि यह समय से पहले तीर चलाना है। विजेंद्र गुप्ता ने कहा आम आदमी पार्टी को पता है कि दिल्ली में सभी काम होने वाले हैं। भाजपा नेता विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि दिल्ली की जनता ने बहुत शिद्दत से भाजपा को चुना है। हमारी सरकार में दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के साथ काम करेगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली में जल्द ही विकास कार्य प्रारंभ होंगे। विजेंद्र गुप्ता ने बताया कि पहली कैबिनेट बैठक में ही डेट डिसाइड की गई है कि 24, 25 और 26 तीन दिन का विधानसभा सत्र बुलाया गया है। विधानसभा सोमवार से शुरू होगा।

# दिल्लीवालों के लिए गुड न्यूज, अब 10 लाख परिवारों को मिलेगा मुफ्त इलाज, लागू हुई आयुष्मान योजना

**अमर भारती संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भाजपा सरकार के सत्ता संभालने के बाद दिल्ली में आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएमजेएवाई) लागू करने की घोषणा से राष्ट्रीय राजधानी में करीब दस लाख गरीब परिवारों को फायदा होगा। वहीं, 70 वर्ष से अधिक उम्र के दस लाख 65 हजार 679 बुजुर्ग लोगों को भी सरकारी अस्पतालों के साथ निजी अस्पतालों में आयुष्मान भारत-पीएमजेएवाई के तहत पांच लाख रुपये व राज्य सरकार के पांच लाख रुपये तक के स्वास्थ्य बीमा के तहत निरूशुल्क इलाज मिल सकेगा। इस तरह योजना के लाभार्थियों को दस लाख रुपये तक का निरूशुल्क इलाज मिल सकेगा। दिल्ली सरकार का स्वास्थ्य विभाग इसके लिए तैयारी भी शुरू कर चुका है और एक माह के भीतर एक लाख परिवारों को आयुष्मान भारत-पीएमजेएवाई के तहत पंजीकृत करने का सभी 11 जिला प्रशासन को निर्देश दिया है और कहा है कि निर्धारित समय में एक लाख परिवारों का पंजीकरण सुनिश्चित करें।



केंद्र सरकार ने वर्ष 2018 में इस योजना की शुरुआत की घोषणा की थी। इसके तहत वर्ष 2011 में हुए सामाजिक आर्थिक जातिगत जनगणना के आधार पर गरीब परिवारों के लोगों को पांच लाख रुपये तक के निरूशुल्क इलाज का प्रविधान किया गया। तब इस योजना को दिल्ली में लागू करने की तैयारी की गई। तब दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस) ने करीब दस लाख परिवारों को इस योजना का लाभ देने की तैयारी की थी। लेकिन आम आदमी पार्टी (आप) सरकार आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के नाम में मुख्यमंत्री शब्द जोडने का प्रस्ताव दिया था। जिसे केंद्र सरकार ने मानने से इनकार कर दिया था। बाद में दिल्ली सरकार ने वर्ष 2020-21 के बजट में आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना को लागू करने का प्रविधान किया था लेकिन, बात बजट से आगे नहीं ब? पाई। तब आप सरकार का तर्क था कि इस योजना के दायरे में बहुत कम परिवार होते हैं।

दिल्ली आरोग्य कोष की मदद से सरकार ने निजी अस्पतालों में निरूशुल्क सर्जरी का प्रविधान किया गया है। इसके तहत सरकारी अस्पतालों में सर्जरी के लिए लंबी तारीख मिलने पर अमीर-गरीब का भेदभाव किए बगैर हर वर्ग का मरीज निजी अस्पतालों में निरूशुल्क सर्जरी करा सकता है। इस वजह से दिल्ली में आयुष्मान भारत-पीएमजेएवाई करीब दस लाख परिवार योजना से वंचित रह गए।

## एक्शन मोड में सीएम, पीडब्लूडी, जल बोर्ड के अधिकारियों की बैठक बुलाई

**अमर भारती संवाददाता**

**नई दिल्ली** सीएम बनते ही रेखा गुप्ता एक्शन मोड में आ गई हैं। भाजपा ने दिल्ली में खराब सडकों से लेकर स्वास्थ्य, यमुना की सफाई तक अपने वादों पर काम करना शुरू कर दिया है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को समर्थकों से मुलाकात के दौरान आभार व्यक्त किया और कहा कि दिल्ली सरकार ने पहली कैबिनेट बैठक में ही आयुष्मान भारत योजना को मंजूरी दे दी गई, जिसे आम आदमी पार्टी सरकार ने रोक दिया था। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने लोगों से बातचीत भी की। आज सुबह शालीमार बाग स्थित उनके आवास के बाहर बडी संख्या में लोग उन्हें बधाई देने के लिए एकत्र हुए। लोग उन्हें बधाई देने के लिए माला और फूलों के गुलदस्ते लेकर आए। मीडिया से बात करते हुए दिल्ली के नए सीएम ने कहा, ष्कल कैबिनेट की बैठक में हमने आयुष्मान भारत योजना को मंजूरी दी, जिसे आप ने रोक दिया था। यह योजना जल्द ही सार्वजनिक होगी। आज हमने कैबिनेट के साथ बैठक के लिए पीडब्ल्यूडी और जल बोर्ड के अधिकारियों को बुलाया है। हम सडकों में गड्ढों के मुद्दे को गंभीरता से उठाएंगे।

उधर, दिल्ली की नवगठित सरकार ने आतिशी सरकार के सभी निजी स्टाफ की सेवाएं खत्म कर दीं। पूर्व मुख्यमंत्री और मंत्रियों के सभी व्यक्तिगत स्टाफ को नौकरी से हटा दिया। अधिकारियों और कर्मचारियों को अपने मूल विभागों में रिपोर्ट करने को कहा गया है। दिल्ली सरकार सेवा विभाग ने एक आदेश जारी कर इसकी सूचना दी है।

## निरंकारी मिशन के 'प्रोजेक्ट अमृत' का तृतीय चरण 23 से स्वच्छ जल, स्वच्छ मन

**अमर भारती संवाददाता**




**नई दिल्ली।** संत निरंकारी मिशन की सेवा भावना और मानव कल्याण के संकल्प को साकार करने हेतु 'प्रोजेक्ट अमृत' के अंतर्गत 'स्वच्छ जल, स्वच्छ मन' परियोजना के तृतीय चरण का भव्य शुभारंभ रविवार, 23 फरवरी 2025 को परम श्रद्धेय सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं सत्कार योग्य निरंकारी राजपिता रमित जी के पावन सान्निध्य में यमुना नदी के छठ घाट, आई.टी.ओ., दिल्ली पर किया जाएगा। इस परियोजना का उद्देश्य जल संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है। संत निरंकारी मिशन ने बाबा हरदेव सिंह जी महाराज की प्रेरणादायक शिक्षाओं को आत्मसात करते हुए वर्ष 2023 में संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से 'प्रोजेक्ट अमृत' का शुभारंभ किया था। इस दिव्य पहल का उद्देश्य जल संरक्षण को मानव जीवन का अभिन्न अंग बनाने की सोच को विकसित करना है। संत निरंकारी मंडल के सचिव जोगिंदर सुखीजा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह वृहद अभियान देशभर में 27 राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों के 900 से अधिक शहरों में 1600 से भी अधिक स्थानों पर एक साथ आयोजित किया जाएगा। दिल्ली में इस अभियान को पूर्व की भांति 'आओ सवारें, यमुना किनारे' के प्रेरक संदेश के साथ आयोजित किया जा रहा है। संत निरंकारी मिशन के लगभग 10 लाख समर्पित स्वयंसेवक के साथ-साथ इंद्रप्रस्थ, जे.एन.यू. और दिल्ली विश्वविद्यालय सहित विभिन्न संस्थानों के युवाओं के साथ मिलकर जल संरक्षण और स्वच्छता का संदेश जन-जन तक पहुंचाएंगे।

## सभी 18 मृतकों की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आई, ज्यादातर मौत की वजह एक, कुछ सिर पर चोट लगने से मरे

**अमर भारती संवाददाता**



**नई दिल्ली।** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर 15 फरवरी की रात हुई भगद? में मारे गए 18 लोगों की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आ गई है। रिपोर्ट के मुताबिक 10 से ज्यादा लोगों की मौत दम घुटने से हुई है, वहीं अन्य लोगों के सिर में गंभीर चोट लगने से उनकी मौत हुई है। मामले की जांच कर रही दो सदस्यीय उच्च स्तरीय कमेटी मामले की जांच कर रही है और कमेटी ने पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट और घायलों की मेडिकल रिपोर्ट मांगी है। शनिवार को पुलिस उन्हें रिपोर्ट सौंपेगी। उच्च स्तरीय कमेटी की रिपोर्ट आने के बाद ही पुलिस इस बाबत मामला दर्ज करेगी। घटना के बाद दो सदस्यीय उच्च स्तरीय कमेटी मामले की जांच कर रही है। जांच के दौरान कमेटी की टीम ने घटनास्थल का दौरा किया और टीम ने 203 सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को अपने कब्जे में लिया। साथ ही घटना के दौरान स्टेशन पर तैनात होने वाले विभिन्न विभागों के कर्मियों की जानकारी हासिल की है। वहीं सूत्रों का कहना है कि उच्च स्तरीय कमेटी के साथ राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) भी घटना के बाद अपने स्तर पर मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस की जांच के दौरान घटनास्थल का दौरा किया और वहां के सीसीटीवी फुटेज को कब्जे में किया। शुरुआती जांच में यह बात सामने आई है कि जिस जगह पर घटना हुई है, वहां कोई सीसीटीवी कैमरा मौजूद नहीं था। जिसकी वजह से घटना के सही कारणों का खुलासा नहीं हुआ है। इसके बाद पुलिस ने घटना में घायल हुए करीब दस लोगों के बयान दर्ज कर लिया है। सूत्रों का कहना है कि उच्च स्तरीय कमेटी की जांच रिपोर्ट मिलने के बाद पुलिस अपनी जांच में आए साक्ष्यों का मिलान करेगी। उसके बाद ही पुलिस इस बाबत कोई मामला दर्ज करेगी। रेलवे पुलिस उपायुक्त केपीएस मल्होत्रा ने बताया कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन में हुई घटना में पुलिस रेलवे की उच्च स्तरीय कमेटी की रिपोर्ट आने का इंतजार कर रही है। इधर रेलवे पुलिस ने भी अपनी तरफ से जांच पूरी कर ली है। रेलवे की रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## अरविंदर सिंह लवली होंगे प्रोटेम स्पीकर, 24 फरवरी को विधायकों को दिलाएंगे शपथ

**अमर भारती संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और उनके कैबिनेट के मंत्रियों के शपथ ग्रहण के साथ ही दिल्ली को अपनी नई सरकार मिल चुकी है। सरकार बनने के साथ ही अब बारी है विधायकों के शपथग्रहण की। इसके लिए दिल्ली विधानसभा का तीन दिवसीय सत्र बुलाया गया है जो 24 फरवरी यानी सोमवार से शुरू होगा। इस सत्र में विधायकों को शपथ दिलाने के साथ ही सरकार अपना पहला रखेगी। विधायकों को शपथ दिलाने के लिए एक च्तवजमउ चमांमत नियुक्त किया जाता है। इसके बाद स्पीकर और डिप्टी स्पीकर नियुक्त किया जाता है और फिर सदन की कार्यवाही सामान्य रूप से चलती है।भाजपा ने प्रोटेम स्पीकर के तौर पर विधायक अरविंदर सिंह लवली को नियुक्त किया है।

## नवगठित दिल्ली विधानसभा के पहले सत्र में पेश की जाएगी कैग रिपोर्ट

**अमर भारती संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नवगठित दिल्ली विधानसभा का पहला सत्र सोमवार से शुरू होगा जिसमें लंबित कैग रिपोर्ट पेश की जाएंगी। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि सत्र 24, 25, 27 फरवरी को आयोजित किया जाएगा तथा आम आदमी पार्टी (आप) की पिछली सरकार के प्रदर्शन से जु?ी 14 लंबित कैग (नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक) रिपोर्ट सदन में पेश की जाएंगी। नवनिर्वाचित विधायकों को 24-25 फरवरी को शपथ दिलाई जाएगी और 26 फरवरी को शिवरात्रि की छुट्टी के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार कैग रिपोर्ट पेश करेगी। इससे पहले दिल्ली में आप सरकार के दौरान भाजपा ने अदालत से गुहार लगाई थी कि सरकार को कैग रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया जाए। भाजपा ने आप सरकार पर अपने भ्रष्टाचार को छिपाने के लिए रिपोर्ट को रोकने का आरोप लगाया था। इस महीने की शुरुआत में हुए विधानसभा चुनावों के बाद भाजपा ने दिल्ली में नई सरकार बनाई है।

## होली-दिवाली पर मुफ्त सिलेंडर देने की तैयारी में जुटी दिल्ली सरकार

**अमर भारती संवाददाता**



**नई दिल्ली** दिल्ली में नई सरकार का गठन हो चुका है और गुरुवार रात को पहली कैबिनेट बैठक भी हो गई। अब भाजपा सरकार के सामने अपने वादों को पूरा करने की चुनौती है। इसको लेकर सरकार में मंथन शुरू हो गया है। इस बीच जानकारी है कि दिल्ली वालों को होली-दिवाली में फ्री सिलेंडर देने की तैयारी करने में सरकार जुट गई है। कैबिनेट मंत्री सिरसा ने कहा कि अगले दो दिन में होने वाली कैबिनेट बैठक में इस पर फैसला लिया जाएगा। साथ ही साल के अन्य 10 सिलेंडर 500 रुपये की कीमत पर उपलब्ध कराने का खाका तैयार किया जा रहा है। नई सरकार ने पहली कैबिनेट बैठक में ही अपनी प्राथमिकता तय कर दी। अगले 30 दिन में दिल्ली के एक लाख लोगों को आयुष्मान भारत योजना से जो?ने का लक्ष्य तय किया गया। इसमें 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के बुजुर्ग नागरिक भी शामिल हैं। वहीं, महिला सम्मान निधि अगले महीने अलग से बजट मिलने के साथ लागू कर दी जाएगी शहरी विकास को लेकर प्रधानमंत्री आवास योजना पर चर्चा हुई। राजधानी के लोगों को इस योजना का लाभ देने के लिए इसमें पक्के घर के साथ फ्लैट्स भी शामिल किए हैं। इसके तहत नए फ्लैट लेने पर लाभार्थी को बैंक कर्ज में करीब 2.60 लाख रुपये तक का लाभ मिल सकता है। हालांकि अंतिम फैसला होना बाकी है। सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, नगर निगम और राज्य सरकार की डिस्पेंसरी अपग्रेड करते हुए आयुष्मान आरोग्य मंदिर-पीएचसी में बदली जाएंगी। पहले 30 दिन में 11 डिस्पेंसरी का लक्ष्य है। केंद्र सरकार की ओर से दिल्ली के कुल 1139 शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर मंजूर किए गए हैं। अभी 553 मोहल्ला क्लीनिक हैं, जिन्हें अपग्रेड किया जाएगा और बाकी 413 नए शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्थापित किए जाएंगे।

## अब मेट्रो ट्रेन के भीतर मिलेगी हाईस्पीड इंटरनेट सुविधा

**अमर भारती संवाददाता**

**नई दिल्ली।** डीएमआरसी (डीएमआरसी) एनसीआर में दिल्ली मेट्रो के सभी कॉरिडोर के साथ आप्टिक फाइबर केबल बिछाएगा। इससे मेट्रो में यात्रियों को हाई स्पीड इंटरनेट की सुविधा मिल सकेगी। लिहाजा, मेट्रो में इंटरनेट कनेक्टिविटी की समस्या नहीं होगी। सबसे पहले मजेंटा लाइन (बोटेनिकल गार्डन-कृष्णा पार्क एक्सटेंशन) व पिंक लाइन (शिव विहार-मजलिस पार्क) कारिडोर पर यह सुविधा की जाएगी। कडत्ब् का कहना है कि मजेंटा व पिंक लाइन के बाद अन्य सभी कॉरिडोर पर चरणबद्ध तरीके से छह माह में यह काम पूरा किया जाएगा। डीएमआरसी के प्रधान कार्यकारी निदेशक (जनसंपर्क) अनुज दयाल का कहना है कि इस कार्य के लिए डीएमआरसी ने बेकहाल डिजिटल टेक्नोलाजीज प्राइवेट लिमिटेड के साथ किया समझौता। यह कंपनी आप्टिकल फाइबर नेटवर्क बिछाने और उसके रखरखाव का काम करेगी। हाई स्पीड इंटरनेट के नेटवर्क के लिए ऑप्टिक फाइबर नेटवर्क होना जरूरी होता है।

## अंतर्राष्ट्रीय राजभाषा दिवस मनाया



**अमर भारती संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के श्री अरविंद महाविद्यालय में राजभाषा कार्यान्वयन समिति के तत्त्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय राजभाषा दिवस मनाया गया।

इस अवसर पर मातृभाषा की स्थिति और संभावनाएँ ÷ विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।संगोष्ठी में अलग-अलग मातृभाषा के विद्वान वक्ताओं को आमंत्रित किया गया।डॉ.पूर्ण सिंह डबास ने हिंदी,डॉ.जसविंदर कौर बिंद्रा ने पंजाबी,डॉ.संजय वर्मा ने अंग्रेजी एवं डॉ.आनंदी वासुदेवन ने तमिल भाषा और साहित्य की वैश्विक स्थिति पर अपने विचार रखे।महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.अरुण चौधरी ने विद्वान अतिथियों का स्वागत किया जबकि राजभाषा कार्यान्वयन समिति के संयोजक डॉ.पंकजेन्द्र किशोर ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## दिल्ली की सीएम आवास के लिए पीडब्लूडी ने तीन जगहों को किया शॉर्टलिस्ट

**नई दिल्ली।** सीएम के आधिकारिक आवास के लिए तीन बंगलों में फैसला हो सकता है। इनमें से दो आवासीय बंगले मध्य दिल्ली में डीडीयू मार्ग पर स्थित हैं और तीसरा उत्तरी दिल्ली के सिविल लाइंस में राजपुर रोड पर स्थित है।लोक निर्माण विभाग (पीएब्लयूडी) ने दिल्ली की नई मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के लिए तीन आवासीय आवास विकल्पों को चुना है। इनमें से दो आवासीय बंगले मध्य दिल्ली में डीडीयू मार्ग पर स्थित हैं, जहां दिल्ली भाजपा कार्यालय और भाजपा राष्ट्रीय मुख्यालय स्थित हैं और तीसरा उत्तरी दिल्ली के सिविल लाइंस में राजपुर रोड पर स्थित है।

## टाटा पावर-डीडीएल ने एडवांस स्मार्ट मीटरिंग टेक्नोलॉजी के लिए किया करार




**अमर भारती संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली में लगभग 90 लाख की आबादी को बिजली आपूतिज़् करने वाली अग्रणी पावर यूटिलिटी टाटा पावर-डीडीएल ने स्मार्ट मीटरिंग टेक्नोलॉजी में क्रांतिकारी परिवतज़्न लाने के इरादे से, इनोवेटिव टेक्नोलॉजी और एआई-आधारित डेटा एनेलिटिक्स सॉल्यूशंस के क्षेत्र में अग्रणी प्रोबस स्मार्ट एनेलिटिक्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ भागीदारी की घोषणा की है। ब्लूटूथ-इनेबल्ड कम्युनिकेशन के साथ यूनीवसज़्ल नेटवकज़् इंटरफेस काडज़् (एनआईसी) की मदद से स्माटज़् मीटरिंग टेक्नोलॉजी को उन्नत बनाया जाएगा। इस पार्टनरशिप के बारे में, गजानन एस काले, चीफ एग्जीक्युटिव ऑफिसर, टाटा पावर-डीडीएल ने कहा, हम इस अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी के लिए प्रोबस स्माटज़् थिंग्स के साथ गठबंधन को लेकर उत्सुक हैं। यह पहल हमारे उपभोक्ताओं के लिए भरोसेमंद, दक्ष और सस्टेनेबल समाधानों को मुहैया कराने की टाटा पावर-डीडीएल की विजन से भी मेल खाती है। आनंद सिंह, फाउंडर एवं सीईओ, प्रोबस स्मार्ट थिंग्स ने इस पाटज़्नरशिप के बारे में उत्साहित होकर कहा, यह पाटज़्नरशिप बिजली वितरण क्षेत्र के लिए इनोवेशन और स्मार्ट तथा भरोसेमंद सॉल्यूशंस प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता का सूचक है। टाटा पावर-डीडीएल के साथ मिलकर, हम स्माटज़् मीटरिंग टेक्नोलॉजी में नए मानक रच रहे हैं।÷यह गठबंधन एनजीज़् सेक्टर में इनोवेशन को बढ़ावा देने के साथ-साथ स्मार्ट, डिजिटली कनेक्टेड ग्रिड की विजन को और मजबूती देता है। एडवांस एनआईसी से शुरू में टाटा पावर-डीडीएल के ऑपरेशंस को बढ़ावा मिलेगा, और भविष्य में अन्य यूटिलिटीज तथा भौगोलिक क्षेत्रों तक भी इसके प्रसार की योजना है।

## 21 से 23 फरवरी को होगा 37वें पर्यटन उद्यान उत्सव का आयोजन

### उत्सव का मुख्य ध्येय दिल्लीवासियों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना

**अमर भारती संवाददाता**



**नई दिल्ली।** बसंत के मौसम में धरा पर चारों तरफ खिले हुए मनमोहक फूल जो सभी को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। ऐसे दिलखुश मौसम में दिल्ली पर्यटन की ओर से 37वें पर्यटन उद्यान उत्सव का आयोजन 21 से 23 फरवरी तक गार्डन ऑफ फाइव सेंसेंज में किया जा रहा है, जोकि 20 एक? क्षेत्रफल मे फैला हुआ है। यह त्रि-दिवसीय उत्सव वास्तव में उद्यान प्रेमियों के लिए किसी स्वर्ग से कम नहीं है। दिल्लीवासी व बागवान प्रेमियों को इस पर्यटन उद्यान उत्सव का बहुत इंतजार रहता है। उत्सव में बागवानी प्रेमियों द्वारा की गई मेहनत को दर्शाया जा रहा है। यह उत्सव एक ऐसा पटल है जिसमे विभिन्न बागवान आपस में अपने विचारों का आदान-प्रदान करते हैं। एक अधिकारी ने बताया कि पर्यटन उद्यान उत्सव का मुख्य ध्येय दिल्लीवासियों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना है, जिसमें घर के अंदर, बालकनी और टैरेस पर बागवानी करके फूल-पौधों से सुसज्जित तथा गमलों में सब्जियों को उगाकर अपने परिवार को स्वच्छ वायु व केमिकल मुक्त सब्जियों से अच्छे स्वास्थ को प्राप्त किया जा सकें। पर्यटन उद्यान उत्सव में 32 श्रेणियों के मध्य प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही है, जिसमें अधिकतम किस्मों के पौधों की प्रदर्शनी- कैक्टस से लेकर डहलिया तक, गुलदाऊदी, लिली, गुलाब आदि पुष्पों वाले पौधे, लटकने वाली टोकरियों में पौधे, मौसमी फूल, फल और सब्जियां, फूलों से बनाए हुए पशु-पक्षियों की आकृतियॉ, खुशबू वाले पौधें, टेऊ गार्डन, पौधों से अलग किए गए पुष्पों को व्यवस्थित ढंग से सजाना इत्यादि सम्मिलित है। विषय श्रेणी में एन.डी.एम.सी., डीजेबी, डीडीए, नार्दन रेलवे, इंडियन नर्सरी मैन एसोसिएशन, दिल्ली यूनिवर्सिटी, एयरपोर्ट, हीरो मोटर कोर्प, कुमार मंगलम, नेताजी सुभाष टेकनीकल यूनिवर्सिटी, आईपी यूनिवर्सिटी, जीडी गोयंका, मॉल आफ इंडिया नोए?ा आदि संस्थानों द्वारा थीम (विषय) पर मॉडल के रूप में लघु उद्यान प्रतियोगिता के लिए सृजित किए जा रहे हैं। बता दें कि प्रथम पर्यटन उद्यान उत्सव 1988 में ग्रेटर कैलाश के डीडीए पार्क में आयोजित किया गया था, जिसकी सफलता को देखते हुए इसे वार्षिक उत्सव घोषित किया गया था। इसके उपरान्त पर्यटन उद्यान उत्सव इंडिया गेट तथा तालकटोरा गार्डन मे भी क्रमशरू आयोजित किया गया।

## धानुका एग्रीटेक ने मनाया, जश्न, भारतीय कृषि में सकारात्मक बदलाव



**अमर भारती संवाददाता**

**नई दिल्ली।** कई सालों से किसान मोथा (साइपेरस रोटंडस) की समस्या से जूझ रहे हैं, यह एक तरह का वीड (खरपतवार) है जो गन्ने और मक्के की खेती को नुकसान पहुंचाता है। कई तरह की कोशिशें करने के बावजूद भी मोथा फसल पर फिर से लौट आता है, जिससे न सिर्फ फसल की उत्पादकता कम हो जाती है बल्कि श्रम की लागत भी ब? जाती है। इसी को ध्यान में रखते हुए धानुका एग्रीटेक लिमिटेड ने 2015 में निस्सान कैमिकल जापान के सहयोग से सेम्परा का लॉन्च किया था। यह आधुनिक हर्बीसाईड जापानी तकनीक से बनाया गया है। सेम्परा के 10 साल पूरे होने पर धानुका एग्रीटेक ने कृषि पर इसके प्रभाव और किसानों की समृद्धि में इसके योगदान का जश्न मनाया। अतुल कुमार, जनरल मैनेजर, धानुका एग्रीटेक लिमिटेड ने कहा, ''सेम्परा की दस सालों की सफलता को देखकर हमें बेहद गर्व और खुशी का अनुभव हो रहा है, यह किसानों की समृद्धि एवं इनोवेशन्स के लिए हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

आरके धुरिया, सीनियर डिप्टी जनरल मैनेजर ने कहा, ''पिछले दशक के दौरान सेम्परा की सफलता इस प्रोडक्ट की प्रभाविता तथा किसानों के हममें भरोसे को दर्शाती है। अवनीश् चन्द्रा, डिप्टी जनरल मैनेजर ने कहा, ''यह उपलब्धि भारतीय खेती पर सेम्परा के सकारात्मक प्रभावों की पुष्टि करती है। आने वाले समय में भी हम किसानों की जरूरतों को ध्यान में रखते हैं।

## मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड से की मुलाकात

**अमर भारती संवाददाता**

**नई दिल्ली।** 27 साल बाद दिल्ली में भाजपा की सरकार बनी है। गुरुवार को रामलीला मैदान में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में शालीमार बाग विधानसभा की विधायक रेखा गुप्ता ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। इनके साथ ही दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने पार्टी नेता प्रवेश वर्मा और आशीष सूद को भी कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ दिलवाया।

इनके अलावा भाजपा नेता मनजिंदर सिंह सिरसा ने भी दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली। सिरसा ने पंजाबी में शपथ लिया। भाजपा विधायक रविन्द्र इंद्राज सिंह, कपिल मिश्रा और पंकज कुमार सिंह ने भी दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री के तौर पर शपथ ली। जिसके बाद आज दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड से मुलाकात की।

अमर भारती में प्रकाशित समाचार, विचार, लेख अथवा विज्ञापन से यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो कृपया स्पष्टीकरण एवं सुझाव समूह सम्पादक की ईमेल- editor@amarbharti.com पर प्रेषित करें अथवा 9311222595 पर व्हाट्सएप करें।

# आगामी त्यौहारों के सुरक्षा व्यवस्था को किया जाये चाक-चौबंदः आयुक्त

**अमर भारती संवाददाता, मेरठ।** आयुक्त सभागार में आयुक्त मेरठ मंडल मेरठ हृषिकेश भास्कर यशोद व डीआईजी कलानिधि नैथानी द्वारा समस्त जिलाधिकारियों एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के साथ अभियोजन कार्यो तथा कानून एवं शांति व्यवस्था की मंडलीय समीक्षा बैठक आहूत की गयी। कानून एवं शांति व्यवस्था की मंडलीय समीक्षा बैठक में आयुक्त महोदय ने संबंधित अधिकारी को आगामी त्यौहारो के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद किये जाने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि संबंधित अधिकारी शिवरात्रि त्यौहार के दृष्टिगत चिन्हित शिवालयो का निरीक्षण करें तथा सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुये आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। डीआईजी कलानिधि नैथानी ने कहा कि शासन से चिन्हित गैंगस्टर, माफिया की समीक्षा करते हुये कार्यवाही सुनिश्चित करें। आनलाईन गवाही को बढावा दिया जाये। मंडल स्तर पर अभियोजन कार्यो की समीक्षा करते हुये निर्देशित किया गया कि पॉक्सो, गैंगस्टर, माफिया जैसे अन्य आपराधिक कृत्यो में प्रभावी पैरवी सुनिश्चित की जाये तथा गवाह को समय पर उपलब्ध कराते हुये गवाही कराना सुनिश्चित करें जिससे कि अपराधी को जल्द से जल्द सजा मिल सके। इस अवसर पर अपर आयुक्त अमित कुमार, अपर आयुक्त गरिमा सिंह, जिलाधिकारी मेरठ डा0 वी0के0 सिंह, एसएसपी विपिन ताडा सहित अन्य जनपदो के जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधिकारीगण उपस्थित रहे।



## दिल्ली के परिवहन मंत्री ने महिलाओं के लिए मुफ्त बस सेवा जारी रखने का आश्वासन दिया

**अमर भारती संवाददाता, नई दिल्ली।** दिल्ली के नये स्वास्थ्य एवं परिवहन मंत्री पंकज सिंह ने शपथ लेने के एक दिन बाद शुक्रवार को आश्वासन दिया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार में महिलाओं के लिए मुफ्त बस सेवा जारी रहेगी। सिंह ने अधिकारियों को मोहल्ला क्लीनिक के कामकाज पर विस्तृत रिपोर्ट पेश करने का भी निर्देश दिया है। राष्ट्रीय राजधानी में भाजपा की जीत के बाद बुधवार को हुए शपथ ग्रहण समारोह में रेखा गुप्ता ने मुख्यमंत्री पद और नवनिर्वाचित छह विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली थी। वहीं, बृहस्पतिवार को हुए विभाग आवंटन में सिंह को स्वास्थ्य, परिवहन और सूचना प्रौद्योगिकी का प्रभार सौंपा गया है। सिंह ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''वादे के मुताबिक सार्वजनिक परिवहन मुफ़्त रहेगा।

हम सुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।'' उन्होंने आश्वासन दिया कि महिलाओं के लिए मुफ्त सार्वजनिक परिवहन बंद नहीं किया जाएगा। साथ ही यह भी बताया कि सरकार सार्वजनिक परिवहन में नये लाभ शुरू करने की योजना बना रही है।

# जनसुनवाई में शिकायतों का संबंधित अधिकारी करें गुणवत्तापूर्ण निस्तारण : जिलाधिकारी

**अमर भारती संवाददाता, हापुड़।** जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा प्रतिदिन अपने नियमित समय प्रातः10.00 बजे से अपने कार्यालय में जनसुनवाई करती है। इस दौरान डे ऑफिसर के रूप में डिप्टी कलेक्टर ईला प्रकाश उपस्थित रही। बताते चले कि जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा के द्वारा प्रतिदिन की तरह जनसुनवाई की गई। जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी के समक्ष निराश्रित बच्चों के संबंध में शिकायत प्राप्त हुई जिसमें दो मासूम बच्चों जिनके मां-बाप की मृत्यु हो चुकी है तथा रिश्तेदारों द्वारा बच्चों को घर से निकालकर घर अपने नाम कर लिया हैं। शिकायत का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देशित किया कि तहसीलदार हापुड़ से समन्वय स्थापित करते हुए समस्या की गहनता से जांच करें, जांच के उपरांत समस्या का निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। साथ ही डीएम ने जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत दोनों बच्चों को लाभान्वित भी किया जाए। जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी को राजस्व, नगर पालिका, पुलिस विभाग, विकास विभाग सम्बंधित अन्य शिकायतें प्राप्त हुई। इस दौरान शिकायतकर्ताओं द्वारा आय, जाति प्रमाण पत्र, विधवा, वृद्धा, विकलांग पेंशन, किसान सम्मान निधि, आधार कार्ड, विद्युत



व्यवस्था बाधित होने, आपसी लड़ाई–झगड़ा, स्कूल में प्रवेश, गृह कलेश से सम्बंधित शिकायतों से जिलाधिकारी को अवगत कराया गया। इस दौरान कार्यालय पर जनसुनवाई हेतु शिकायतकर्ताओं का आवागमन रहा। जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा ने शिकायत सुनते हुए क्रमवार सभी शिकायतकर्तओ की शिकायतों का निस्तारण पूर्ण गुणवत्ता के साथ किए जाने हेतु संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने शिकायतों से सम्बंधित अधिकारियों को शिकायत प्रेषित करते हुए निर्देशित करते हुए कहा कि शिकायत का निस्तारण समयान्तराल में पूर्ण गुणवत्ता से किया जाना सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी द्वारा अंतिम व्यक्ति की शिकायत सुनने तक जनसुनवाई की गई।

## लापता अरहान का शव तालाब से मिला

**अमर भारती संवाददाता, सरधना (मेरठ)।** सरधना थाना क्षेत्र के गांव भंभोरी में गुरुवार से लापता सात वर्षीय बालक अरहान का शव शुक्रवार सुबह गांव के तालाब में मिलने से सनसनी फैल गई। शव मिलने की सूचना मिलते ही परिवार के लोग और ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव को तालाब से बाहर निकाला। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया, जिसके बाद पुलिस ने पंचनामा भरकर शव परिजनों को सौंप दिया। दोपहर बाद परिवार ने बच्चे को दफना दिया। गांव भंभोरी निवासी नूर मोहम्मद अंसारी का सात वर्षीय बेटा अरहान गुरुवार दोपहर घर से खेलने के लिए निकला था। देर शाम तक जब वह वापस नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। पूरे गांव में खोजबीन की गई, लेकिन अरहान का कोई सुराग नहीं मिला। परिजनों ने रात में पुलिस को भी सूचना दी, जिसके बाद पुलिस ने बच्चे की तलाश शुरू की, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। शुक्रवार सुबह कुछ ग्रामीण जब तालाब के



पास से गुजर रहे थे, तो उन्होंने पानी में एक बच्चे का हाथ दिखा। यह देखकर उन्होंने तुरंत शोर मचाया, जिससे गांव के लोग और अरहान के परिजन मौके पर पहुंच गए। सूचना मिलते ही पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची और शव को तालाब से बाहर निकाला। अरहान का शव देखते ही परिवार में कोहराम मच गया। मां और अन्य परिजन दहाड़ें मारकर रोने लगे। परिजनों ने बच्चे के शव का पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया। पुलिस ने पंचनामा भरने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। इसके बाद दोपहर बाद अरहान को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। गांव के लोगों और परिजनों का मानना है कि अरहान खेलते-खेलते तालाब के पास चला गया होगा।

## महाशिवरात्रि पर 25 फरवरी की मध्य रात्रि से रहेगा रुट डायवर्ट

**अमर भारती संवाददाता, हापुड़।** महाशिवरात्रि पर्व पर आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के मद्देनजर 25 फरवरी की मध्य रात्रि से रूट डायवर्ट रहेगा। इस दौरान राहगीरों को थोड़ी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। भारी भीड़ के चलते हापुड़ की ओर से गजरौला की तरफ जाने वाले वाहनों का रूट डायवर्ट कर दिया जाता है। सीओ स्तुति सिंह ने बताया कि कांवड़ियों की सुरक्षा को लेकर 25 फरवरी की मध्य रात्रि से रूट डायवर्ट कर दिया जाएगा। किसी अन्य लिंक मार्ग से कोई वाहन हाईवे पर नहीं पहुंचे इसके लिए जगह-जगह पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। इसके साथ ही तीर्थ नगरी ब्रजघाट में भी अतिरिक्त पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाएगा। आपको बता दें कि 26 फरवरी को महाशिवरात्रि का पर्व है जिसको लेकर कड़े बंदोबस्त पुलिस-प्रशासन द्वारा किए गए हैं। हरिद्वार आदि तीर्थ स्थान से जल लेकर कांवड़िये लौटते हैं और भगवान भोले का जलाभिषेक करते हैं।

# विश्वविद्यालय टॉप करने पर शोएबा कुरैशी को दो बैंकों ने किया सम्मानित

**अमर भारती संवाददाता, सरधना (मेरठ)।** शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सरधना की होनहार छात्रा शोएबा कुरैशी ने पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। एमए हिंदी में विश्वविद्यालय टॉप करने वाली शोएबा कुरैशी को बैंक ऑफ बड़ौदा और यूको बैंक ने संयुक्त रूप से 16 हजार रुपये की धनराशि देकर सम्मानित किया। इस सम्मान समारोह का आयोजन चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के सभागार में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर किया गया। बैंक ऑफ बड़ौदा ने शोएबा कुरैशी को 11 हजार रुपये का चेक प्रदान किया, जबकि यूको बैंक ने 5 हजार रुपये का चेक देकर उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन को सराहा। समारोह में विश्वविद्यालय के कुलपति, बैंक अधिकारियों, शिक्षकों और छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही। शोएबा



कुरैशी की यह सफलता आसान नहीं थी। उन्होंने कठिन परिश्रम और लगन के बल पर यह मुकाम हासिल किया। उनकी शिक्षा यात्रा संघर्षों से भरी रही, लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी। पढ़ाई के प्रति उनके समर्पण ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया। उनकी इस उपलब्धि पर उनके परिवार, गुरुजनों और मित्रों में खुशी की लहर है। पहले भी मिल चुके हैं कई सम्मानयह पहला अवसर नहीं है जब शोएबा को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया हो। इससे पहले, उन्हें उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस प्रेक्षागृह में आयोजित चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के 36वें दीक्षांत समारोह में कुलपति स्वर्ण पदक और जगदेव शांत स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया था। शोएबा कुरैशी की यह सफलता अन्य छात्र-छात्राओं के लिए एक प्रेरणास्रोत है।

## लघु समाचार

### अतुल प्रधान ने विधानसभा में उठाया रिंग रोड का मुद्दा

**अमर भारती संवाददाता, मेरठ।** विधायक अतुल प्रधान ने विधानसभा में मेरठ की ट्रैफिक की गंभीर समस्या को उठाया। इसी के साथ गन्ना किसानों की समस्याओं को उठाते हुए गन्ना मूल्य 500 रुपये घोषित करने और मेरठ की रिंग रोड के लिए धनराशि आवंटित करने की



मांग की। विधानसभा में सरधना विधायक अतुल प्रधान ने कहा कि मेरठ महानगर की आबादी को देखते हुए रिंग रोड के लिए लंबे समय से मांग की जा रही है ताकि मेरठ में गंभीर होती जा रही ट्रैफिक की समस्या का समाधान हो सके। उन्होंने कहा कि सरकार ने यातायात व्यवस्था सुधार के लिए कोई बजट जारी नहीं किया। वहीं, गन्ना किसान अपने लागत के अनुपात में गन्ने के मूल्य घोषित होने का इंतजार कर रहे थे, लेकिन उनके लिये भी सरकार द्वारा कुछ नहीं किया। सरकार जल्द से जल्द 500 रुपये गन्ने का मूल्य घोषित करने और मेरठ की रिंग रोड के लिए धनराशि आवंटित करने की मांग की।

### बयान पर विवाद पैदा होने के बाद स्वरा भास्कर ने कहा- शिवाजी महाराज की विरासत का सम्मान करती हूं

**अमर भारती संवाददाता, नई दिल्ली।** अभिनेत्री स्वरा भास्कर ने शुक्रवार को कहा कि वह एक गौरवान्वित भारतीय हैं जो छत्रपति शिवाजी महाराज की 'वीरतापूर्ण विरासत' का सम्मान करती हैं। उन्होंने कुछ दिन पहले टिप्पणी की थी कि लोग हाल में भगदड़ की घटनाओं में हुई मौतों के बजाय हिंदुओं पर हुए अत्याचारों को काल्पनिक फिल्मों के जरिए दिखाए जाने पर अधिक क्रोधित हो रहे हैं। स्वरा ने बुधवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन पर आधारित विक्की कौशल अभिनीत फिल्म 'छावा' और महाकुंभ तथा नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ की घटनाओं का संदर्भ दिया, लेकिन उन्होंने इसका कोई विशेष उल्लेख नहीं किया। उन्होंने लिखा, ''लोगों को खराब प्रबंधन की वजह से भगदड़ में हुई मौतों के बजाय 500 साल पहले हिंदुओं पर हुए अत्याचारों को काल्पनिक फिल्मों के जरिए दिखाए जाने पर अधिक क्रोध आता है। वहां के शवों को कथित तौर पर बुलडोजर से हटाया जाना बताता है कि यह समाज मस्तिष्क और आत्मा से मरा हुआ है।''अपने इस पोस्ट पर आलोचनाओं के बाद शुक्रवार को उन्होंने सफाई देने की कोशिश की।

### जेएमएस वर्ल्ड स्कूल के छात्रों ने मथुरा में आयोजित शूटिंग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया

**अमर भारती संवाददाता, हापुड़।** जेएमएस वर्ल्ड स्कूल से जिला राइफल एसोसिएशन मथुरा में आयोजित शूटिंग प्रतियोगिता में वीर दीक्षित, नैतिक गहलोत, दिव्यांश सिंह सिद्धार्थ, कार्तिक शर्मा, हार्दिक गहलोत और अभिनव तोमर ने अविश्वसनीय उपलब्धि हासिल की।



वीर और नैतिक के लिए व्यक्तिगत स्वर्ण पदक, साथ ही नैतिक, हार्दिक और अभिनव के लिए टीम स्वर्ण पदक और वीर, दिव्यांश और कार्तिक के लिए टीम रजत पदक के साथ उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण का अद्भुत नतीजा देखने मिला। पूरे जेएमएस परिवार को इन प्रतिभाशाली छात्रों पर गर्व है। विद्यालय प्रबंधक डॉ आयुष सिंघल ने उनकी सफलता, उनके कौशल और दृढ़ता से खेलने के लिए बधाई दी। विद्यालय प्रधानाचार्य डॉ निधि मलिक ने विद्यार्थियों के कोच अकुंश चौधरी के समर्पण तथा उनकी मेहनत को भी सराहा जिसकी वजह से विद्यार्थी नित नये कीर्तिमान स्थापित कर रहे है।

# बालाजी गैस सर्विस की और से गोष्ठी कर छात्र-छात्राओं को बताए सुरक्षा के उपाय

**अमर भारती संवाददाता,** सरधना(मेरठ)। बालाजी गैस एजेंसी द्वारा गोष्ठी कर घरेलू एलपीजी गैस के सुरक्षित उपयोग के प्रति जागरूक करने के लिए एक विशेष अभियान चलाया । इस अभियान के तहत सरधना के मोहल्ला आदर्श नगर स्थित ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल में घरेलु गैस सिलेंडर व चूल्हे के सुरक्षित उपयोग के उपायों की जानकारी दी गई। इस जागरूकता शिविर में स्कूल मैनेजर बबीता जैन, प्रधानाचार्य सौरभ जैन, शिक्षिकाएं काजल ठाकुर, चांदनी त्यागी, राखी सोम, ज्योति गोयल, गीता वर्मा, निशु सोम, मंजू पालीवाल, सोनिया जैन सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान बालाजी गैस एजेंसी की ओर से बच्चों को एप्रिन भी वितरित किए गए। बालाजी गैस एजेंसी के मैनेजर वीरेंद्र वर्मा ने अपनी टीम के साथ घरेलू गैस के सुरक्षित उपयोग पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने




उपभोक्ताओं को बताया कि भारत सरकार द्वारा महिलाओं के लिए चलाई जा रही योजनाओं के अंतर्गत एलपीजी गैस सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। गैस सिलेंडर और चूल्हे के सुरक्षित उपयोग के लिए उन्होंने उपाय बताए उन्होंने बताया कि गैस सिलेंडर को हमेशा उचित स्थान पर रखें सिलेंडर को कभी भी छप्पर या असुरक्षित स्थानों पर न रखें, क्योंकि इससे आग लगने की संभावना बढ़ सकती है।चूल्हा हमेशा गैस सिलेंडर से ऊंचाई पर रखें ताकि गैस रिसाव होने पर दुर्घटना की संभावना कम हो। रसोई में काम खत्म होने के बाद सोने से पहले हमेशा गैस रेगुलेटर बंद करें। यदि गैस की गंध महसूस हो, तो तुरंत रेगुलेटर बंद कर सिलेंडर पर सेफ्टी कैप लगाएं और गैस वितरक को सूचना दें।

## न्यायालय ने पार्थ चटर्जी की जमानत याचिका पर सीबीआई से जवाब मांगा

**अमर भारती संवाददाता, नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने नौकरी के लिए नकदी मामले में भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे पश्चिम बंगाल के पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी की जमानत याचिका पर शुक्रवार को सीबीआई से जवाब मांगा।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ से चटर्जी के वकील एम एस खान ने कहा कि उनके मुवक्किल बिना किसी सुनवाई के दो साल से अधिक समय तक हिरासत में रह चुके हैं। इसके बाद पीठ ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को नोटिस जारी किया और सुनवाई 20 मार्च के लिए स्थगित कर दी। खान ने कहा कि उनके मुवक्किल को कथित घोटाले से संबंधित धनशोधन मामले में जमानत दी गई थी।

उन्होंने कहा कि यद्यपि चटर्जी के खिलाफ अभियोजन की मंजूरी दे दी गई, लेकिन अन्य आरोपियों के खिलाफ मंजूरी के अभाव में निचली अदालत ने अभी तक आरोपपत्र पर संज्ञान नहीं लिया है।

## एक परिवार एक पहचान कार्ड बनवाने से राशन कार्ड बनने में नहीं होगी कोई परेशानी: सीडीओ

**अमर भारती संवाददाता, लावड़।** एक परिवार एक पहचान पर पंजीकरण करना अनिवार्य है मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम ने एक परिवार एक पहचान में पंजीकरण कराने को लेकर जनपद वासियों से अपील करते हुए कहा है कि एक परिवार एक पहचान पर पंजीकरण करना अनिवार्य है उन्होंने जनपद वासियों से अपील करते हुए कहा कि जिन लोगों के राशन कार्ड नहीं बने हैं वह अपना एक परिवार एक पहचान के पोर्टल पर अपने नजदीकी जन सुविधा केंद्र/अपने एन्ड्रायड फोन के माध्यम से पोर्टल पर पहुंचकर पंजीकरण कराना सुनिश्चित करें जिससे उन सभी लोगों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सके। मुख्य विकास अधिकारी ने यह भी जानकारी दी की फैमिली आई0डी0 बनाये जाने के सम्बन्ध में यह भ्रान्ति उत्पन्न हो रही है कि फैमिली आई0डी0 बन जाने के बाद राशन कार्ड का लाभ नही मिल पायेगा इस सम्बन्ध में शासन द्वारा निम्नानुसार स्थिति स्पष्ट की गई



है राशन कार्ड से अनाच्छादित परिवार जो राशन कार्ड के पात्र है परन्तु उनका राशन कार्ड नहीं बना है, वह फैमिली आई0डी0 पोर्टल के माध्यम से फैमिली आई0डी0 बनवा सकते हैं। फैंमिली आई0डी0 बन जाने के उपरान्त पात्रतानुसार कभी भी राशन कार्ड बनाए जाने हेतु आवेदन कर सकते है। मात्र पूर्व से फैमिली आई0डी0 बने होने के कारण उनकी पात्रता पर कोई प्रभाव नहीं पडेगा। उनकी पात्रतानुसार राशन कार्ड बनाया जा सकता है। राशन कार्ड से अनाच्छादित परिवार जिनकी पोर्टल के माध्यम से फैमिली आई0डी0 बनायी गयी है।

## महाशिवरात्रि पर्व को लेकर जिलाधिकारी ने औघडनाथ मंदिर में की बैठक




**अमर भारती संवाददाता, मेरठ।** औघडनाथ मंदिर में जिलाधिकारी डा0 वी0के0 सिंह की अध्यक्षता में महाशिवरात्रि पर्व की तैयारियो के संबंध में बैठक आहूत की गयी। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा बैरिकेडिंग, प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई, पेयजल, मोबाइल टायलेट, पार्किंग, बिजली सुरक्षा, स्ट्रीट लाईट, सीसीटीवी, कंट्रोल रूम, एम्बुलेन्स, चिकित्सा कैम्प आदि के संबंध में जा रही तैयारियो की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियो को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। उन्होने कहा कि मंदिर परिसर के आसपास व पार्किंग स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। इस अवसर पर एसएसपी विपिन ताडा, नगर आयुक्त सौरभ गंगवार, एसपी ट्रैफिक राघवेन्द्र मिश्रा, एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर बृजेश सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## ईडी ने शैक्षणिक संस्थान और उसके प्रवर्तकों की संपत्तियां कुर्क कीं

**अमर भारती संवाददाता, नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को कहा कि उसने हिमाचल प्रदेश में कथित छात्रवृत्ति घोटाले से जुड़े मामले में एक शैक्षणिक संस्थान और उसके प्रवर्तकों की 18 करोड़ रुपये से अधिक की भूमि और फ्लैट कुर्क किए हैं। यह कार्रवाई मां सरस्वती एजुकेशनल ट्रस्ट के खिलाफ की गई है, जो सिरमौर जिले के काला अंब में 'हिमालयन ग्रुप ऑफ प्रोफेशनल इंस्टीट्यूशंस' का संचालन करता है। संस्थान के ट्रस्टियों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई है। सीबीआई ने इस मामले में सात लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनमें शिमला में तैनात ईडी का एक अधिकारी और उसके विभाग का एक पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) शामिल है। ईडी ने भी इस मामले की जांच के तहत अब तक छह लोगों को गिरफ्तार किया है। ईडी द्वारा लगाए गए आरोपों पर प्रतिक्रिया के लिए संस्थान या उसके प्रमोटरों से तुरंत संपर्क नहीं हो सका। धन शोधन का यह मामला हिमाचल प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा निदेशालय द्वारा राज्य के ओबीसी, एससी और एसटी छात्रों के लिए पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत छात्रवृत्ति के वितरण में कथित अनियमितताओं की जांच के लिए दर्ज की गई ।

# ज्ञापन न लेने से क्षुब्ध अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी न्यायालय का किया बहिष्कार

**अमर भारती संवाददाता, हापुड़।** हापुड़ बार एसोसिएशन हापुड़ के अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी न्यायालय में कोई भी न्यायिक कार्य न करने का फैसला लिया है। हापुड़ बार एसोसिएशन हापुड़ के अधिवक्ता शुक्रवार को हापुड़ की कलेक्ट्रेट पहुंचे। अधिवक्ता संशोधन बिल-2025 के विरोध में उतरे अधिवक्ताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर 30 मिनट तक इंतजार किया लेकिन कोई भी ज्ञापन लेने नहीं आया। अधिवक्ताओं का कहना है कि इससे उनके मान-सम्मान को ठेस पहुंची है और उन्होंने अब जिलाधिकारी न्यायालय का पूर्ण रूप से बहिष्कार करने का फैसला लिया है। आपको बता दें कि हापुड़ बार एसोसिएशन हापुड़ के अधिवक्ताओं ने अध्यक्ष संजय कंसल एडवोकेट की अध्यक्षता और सचिव वीरेंद्र सैनी एडवोकेट के नेतृत्व में शुक्रवार को एक बैठक का आयोजन किया। बैठक में अधिवक्ताओं ने बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश के आवाहन पर अधिवक्ता



संशोधन बिल-2025 का विरोध किया और एक ज्ञापन जिलाधिकारी हापुड़ को सौंपने का फैसला लिया। अधिवक्ताओं का कहना है कि जब वह ज्ञापन सौंपने के लिए डीएम ऑफिस पहुंचे तो उन्होंने करीब आधे घंटे इंतजार किया और कोई भी ज्ञापन लेने नहीं आया। इसके बाद अधिवक्ता क्षुब्ध हो गए और उन्होंने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही फैसला लिया कि जिलाधिकारी न्यायालय का अधिवक्ता पूर्ण रूप से बहिष्कार करेंगे। इसके साथ ही 25 फरवरी को अग्रिम रणनीति तय करते हुए विरोध प्रदर्शन भी करेंगे। हापुड़ बार एसोसिएशन हापुड़ के सभी अधिवक्ताओं ने प्रस्ताव का समर्थन किया।


## कार्यालय - खण्ड विकास अधिकारी मेरठ।

पत्रांकः- 1517/ लेखा. वि.नि. /2024-25 दिनांक 21.2.2025

**E-Tender Notice (ई-निविदा आमन्त्रण सूचना)**

महामहिम राज्यपाल महोदया, उ0प्र0 की और से अधोहस्ताक्षरी द्वारा विधान मण्डल क्षेत्र विकास निधि योजनान्तर्गत कार्य कराये जाने हेतु उ0प्र0 इलैक्टोनिक लिमिटेड में पंजीकृत ठेकेदार से दिनांक 23-02-2025 से 01-03-2025 तक अपरान्ह 2.00 बजे तक आनलाईन निविदा आमन्त्रित की जाती है। निविदा सम्बन्धी समस्त नियम व शर्तें ई-निविदा पोर्टल https://etender.up.nic. पर उपलब्ध है। इच्छुक शासकीय विभाग में पंजीकृत ठेकदारों द्वारा दिनांक 01-03-2025 अपराहन 2.00 बजे तक अपनी निविदायें उपरोक्त ई-निविदा पोर्टल की वेबसाइट पर अपलोड की जा सकती है। निविदादाता द्वारा 02 प्रतिशत घरोहर राशि एन0एस0सी0एफ0डी0आर0 खण्ड विकास अधिकारी, मेरठ के नाम बन्धक कराकर अपलोड करनी होगी। वेबसाइट पर प्राप्त निविदा दिनांक 01-03-2025 को अपराहन 3-00 बजे उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके द्वारा नामित प्रतिनिधि के समक्ष अधोहस्ताक्षरी द्वारा गठित समिति द्वारा खोली जायेगी। अवकाश/अपरिहार्य स्थिति में यह निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। निविदादाता द्वारा निविदा सम्बन्धी समस्त प्रपत्र कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी-मेरठ, को ई टेन्डरिंग के माध्यम से निविदा सबमिट करने की अन्तिम तिथि से एक कार्य दिवस के अन्दर पंजीकृत डाक अथवा व्यक्तिगत रूप से उपलब्ध कराना अनिवार्य है ऐसा न करने की स्थिति में निविदा नॉन रेसपोन्सिव मानी जायेगी। निविदा में दि गयी कार्यो की मात्रा/दर घट बढ़ सकती है। निविदा सम्बन्धी नियम एवं शर्तो की जानकारी दिनांक 23-02-2025 की प्रातः 10.00 बजे से दिनांक 01-03-2025 को अपरान्ह 1.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**खण्ड विकास अधिकारी**
**मेरठ।**

# संबंधित विभागों को सम्मलित करते हुए समिति का करें गठन

## ईको सेंसिटिव जोन के संबंध में जिलाधिकारी ने की बैठक

- औद्योगिक संस्थानों में प्रदूषण नियंत्रण के लिए लगाए गए उपकरणों एवं संयंत्रों की निगरानी के लिए लगाएं आईपी बेस कैमरेः जिलाधिकारी



संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी। फोटो अमर भारती

अमर भारती संवाददाता

**आगरा।** सामाजिक वानिकी विभाग द्वारा आयोजित ईको सेंसिटिव जोन की एनजीटी द्वारा चाही गई सूचना के संबंध में एक अहम बैठक जिलाधिकारी अरविंद मलप्पा बंगारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग को निर्देश दिए कि शासनादेश के अनुसार सभी संबंधित विभाग से उनके द्वारा ईको सेंसिटिव जोन (कीठम/सूरसरोवर) के संबंध में की जा रही कार्रवाई, कार्ययोजना आदि का विस्तृत विवरण एनजीटी द्वारा चाही गई सूचना के अनुसार प्राप्त कर लिया जाए, साथ ही संबंधित विभागों को सम्मिलित करते हुए समिति का गठन कर लिया जाए।

बैठक में जिलाधिकारी ने उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण विभाग को निर्देश दिए कि जनपद में संचालित औद्योगिक संस्थानों में प्रदूषण नियंत्रण के लिए लगाए गए उपकरणों एवं संयंत्रों की क्रियाशीलता की निगरानी के लिए आईपी बेस क्लोज सर्किट कैमरे लगवाए जाए जिनके अवलोकन हेतु कन्ट्रोल रूम बनाया जाए। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि वह अपने अपने विभाग से संबंधित कार्यों का सर्वे करते हुए ईको सेंसिटिव जोन को दृष्टिगत रखते हुए अवश्य भी दे, ताकि उस पर आवश्यक कार्यवाही की जा सके। निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग द्वारा मॉनिटरिंग समिति में सरकारी भूमि के दस्तावेज और कार्यवाही हेतु उप जिलाधिकारी को नामित करने के प्रस्ताव पर जिलाधिकारी द्वारा पत्रावली प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग आदर्श कुमार ने बताया कि 1 मार्च को ताज नेचर वॉक तथा 2 मार्च को राष्ट्रीय चंबल अभयारण्य में पक्षी गणना, पक्षी वॉक तथा लाइव फोटोग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन और 3 मार्च को सुबह 10 बजे लाइव फोटो प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण और समापन समारोह का आयोजन किया जाएगा। बैठक में निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग आदर्श कुमार, आईएफएस चांदनी सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# वर्टिकल गार्डन में सूखे पौधों की जगह लगाए जाएंगे नये पौधे

अमर भारती संवाददाता

**आगरा।** स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर नगर निगम द्वारा की जा रही तैयारियों के मध्य शहर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित वर्टिकल गार्डन के सूखे पौधों के स्थान पर नये पौधे लगाये जाने के निर्देश शुक्रवार को नगर आयुक्त अंकित खंडेलवाल ने दिये हैं।

स्वच्छ सर्वेक्षण के लिए भारत सरकार की टीम कभी भी ताजनगरी आगरा आ सकती है। इसी के मद्देनजर नगर निगम अपनी तैयारियों में जुटा हुआ है। सर्वेक्षण के सभी मानकों पर बारिकी से नजर रखी जा रही है। ऐन वक्त पर कोई कमी न रह जाए इसके लिए सभी विभागाध्यक्षों को अलर्ट रहने के निर्देश दिये हैं। इसी कड़ी में शहर में विकसित की गई ग्रीन बेल्ट और वर्टिकल गार्डनों पर विशेष नजर रखने के निर्देश दिये है। जिन स्थानों पर पानी के अभाव या मियाद पूरी होने के कारण पौधे सूख गये हैं, उनको बदलने के लिए प्रभारी उद्यान को निर्देशित किया हैं। ईदगाह से लेकर ताजगंज जोनल कार्यालय तक के अलावा नगर निगम ने खंदारी चौराहा, वाटरवर्क्स और संजय प्लेस समेत कई अन्य स्थानों पर नगर की सुंदरता बढ़ाने के उद्देश्य से वर्टिकल गार्डन विकसित किये हैं। इनमें से कई स्थानों पर खारे पानी की वजह से पौधों को पानी देने के लिए लगाये गये पाइप बंद हो गये हैं जिससे पौधे सूख रहे हैं। सभी सूखे पौधों के स्थान स्थान पर नगरायुक्त ने नये पौधे लगाने के निर्देश देने के साथ बंद लाइनों को बदलने के निर्देश दिये हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए सह प्रभारी उद्यान विपिन यादव ने बताया कि स्वच्छ मौहल्लों के सभी रुटों पर स्थित हरियाली और वर्टिकल गार्डन को हरा-भरा रखने के लिए हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं। पौधों की सिंचाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सूखे पौधों के स्थान पर नये पौधे लगाये जा रहे हैं। हालांकि नगर निगम ने पौधों की सिंचाई के लिए पानी के टैंकरों की व्यवस्था कर रखी है, इसके बावजूद अब वर्टिकल गार्डन पर वाटर स्प्रिंकलर लगाये जाने पर विचार किया जा रहा है। पहले इसे कुछ स्थानों पर लगाया जाएगा अगर प्रयोग सफल रहा तो अन्य स्थानों पर भी इस प्रकार की व्यवस्था कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि वाटर स्प्रिंकलर को मैनुअल और ऑटोमेटिक दोनों मोड में चलाया जा सकता है।

# 2027 में बने पीडीए सरकार, लिया संकल्प

## सपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ ने लगाई पीडीए चौपाल

अमर भारती संवाददाता

**आगरा।** समाजवादी सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सचिव संजीव पोरवाल की अध्यक्षता में हुआ। जिसमें सभी ने संकल्प लिया, कि आगामी 2027 के चुनावों में पीडीए की सरकार बनेगी।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर शुक्रवार को समाजवादी पार्टी के सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष काशीनाथ यादव के आह्वान पर पूरे देश में सांस्कृतिक प्रकोष्ठ द्वारा पीडीए की बैठक की जा रही है। इसीक्रम में शुक्रवार को समाजवादी सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सचिव संजीव पोरवाल ने भाजपा पर निशाना साधते हुए, कहा कि इस समय केंद्र और प्रदेश में किसान विरोधी, नौजवान विरोधी, महिला विरोधी, सरकार से प्रत्येक वर्ग का आमजनमानस पीड़ित है। पहले ही यहां के व्यापारियों की जीएसटी ने कमर तोड़ कर रख दी है, तो वहीं दूसरी ओर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दिए बजट में भी युवाओं, किसानों के लिए कुछ नहीं है, उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का यह बजट प्रत्येक वर्ग को निराश करने वाला बजट है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सचिव प्रमोद यादव, पूर्व महानगर उपाध्यक्ष इलियास सिद्दीकी, ऋषि कुशवाह, राम पचौरी, गिरीश सिंघल, राम गोयल, राजकुमार यादव, प्रशांत कुमार, मनोज कुमार, कुणाल सिंह, काना राजपूत, कमल ठाकुर, श्याम बाबू वर्मा, निखिल जैन, अनिल चौहान सहित अन्य मौजूद रहे। सभी ने 2027 में पीडीए सरकार बनाने का संकल्प लिया।



आगामी चुनावों की रणनीति बनाते हुई पीडीए के सदस्य।

# डॉ. हरिओम पवार ताज महोत्सव में करेंगे काव्य पाठ

## अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में निशुल्क प्रवेश, पहले आओ पहले पाओ की व्यवस्था

- ताज महोत्सव समिति ने किया कवि सम्मेलन का पोस्टर जारी
- देशभर के शीर्ष कवियों की प्रस्तुति, वीर रस और हास्य रस का समागम
- कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य समेत गणमान्य अतिथि होंगे उपस्थित

अमर भारती संवाददाता

**आगरा।** उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशन में आगरा विकास प्राधिकरण और पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित परंपरागत ताज महोत्सव संस्कृति का महाकुंभ के अंतर्गत आज शाम 5:30 बजे से सूरसदन प्रेक्षागृह में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

शुक्रवार को खंदारी कैंपस के निकट राजा बलवंत एजुकेशन समिति सभागार में ताज महोत्सव समिति ने इस आयोजन का पोस्टर जारी किया और आगरावासी काव्य-रसिकों को सहभागिता के लिए आमंत्रित किया।

कार्यक्रम के सूत्रधार एवं समन्वयक एडवोकेट अशोक चौबे डीजीसी रेवेन्यू ने बताया कि इस कवि सम्मेलन में ओज और शौर्य के लिए विख्यात कवि डॉ. हरिओम पवार, मंच संचालन के जाने-माने नाम शशिकांत यादव, सुमधुर कवयित्री डॉ. रुचि चतुर्वेदी, पैरोडीकार सुदीप भोला, प्रतीकों और हास्य शैली के कवि गजेंद्र प्रियांशु, चुटीले अंदाज के शंभू शिखर सहित अन्य प्रतिष्ठित कवि अपनी प्रस्तुति देंगे। इसके अलावा आगरा के प्रख्यात कवि-गीतकार कुमार ललित, जिन्हें उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान द्वारा निराला पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। पहली बार ताज महोत्सव के मंच पर अपनी काव्य अनुभूतियों को व्यक्त करेंगे।

डॉ. हरिनारायण चतुर्वेदी और अभिनव मौर्य ने आगरा वासियों से इस अवसर का लाभ उठाने की अपील करते हुए बताया कि सूरसदन में सभी के लिए निशुल्क प्रवेश रहेगा और बैठने की सुविधा पहले आओ पहले पाओ के आधार पर होगी। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य, जिलाधिकारी अरविंद मलप्पा बंगारी, डीसीपी सिटी सूरज राय, पर्यटन विभाग और आगरा विकास प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारियों सहित कई गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रहेगी। पोस्टर रिलीज समारोह में एडवोकेट अशोक चौबे, पर्यटन विभाग के विशाल श्रीवास्तव, डॉ. रुचि चतुर्वेदी, अभिनव मौर्य, हरिनारायण चतुर्वेदी, ललित चतुर्वेदी, रेणुका डंग, पंकज गुप्ता, विकास भारद्वाज, आनंद राय, दीपक चतुर्वेदी, अजय शर्मा और ब्रजेश शर्मा सहित कई विशिष्टजन उपस्थित रहे।



ताज महोत्सव समिति के अंतर्गत आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का राजा बलवंत सिंह एजुकेशन समिति सभागार में पोस्टर जारी करते संस्था के पदाधिकारी । फोटो अमर भारती

# समस्याओं का तत्काल हो समाधान, सौंपा ज्ञापन

- समस्याओं से आगरा कॉलेज प्राचार्य को अवगत कराते छात्र, दो दिन का दिया अल्टीमेटम
- कॉलेज प्रशासन द्वारा छात्रों के प्रवेश पत्र पर फोटो अपलोड नहीं किया जाता, अंकतालिका अधूरी



आगरा कॉलेज प्राचार्य को मांग पत्र सौंपते हुए छात्र। फोटो अमर भारती

अमर भारती संवाददाता

**आगरा।** कॉलेज प्रशासन द्वारा छात्रों के प्रवेश पत्र पर फोटो अपलोड नहीं करने से छात्रों की अंक तालिका में होनी वाली परेशानियों को लेकर छात्र कॉलेज प्राचार्य से मिले और अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए उन्हें मांग पत्र सौप कर उचित कार्रवाई की मांग की।

एनएसयूआई के प्रदेश महासचिव अंकुश गौतम के नेतृत्व में शुक्रवार को बीसीए के पीडित छात्रों ने आगरा कॉलेज प्राचार्य से मुलाकात की। उन्होंने कॉलेज प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि कॉलेज प्रशासन की घोर लापरवाही के कारण कॉलेज छात्रों को अंकतालिका प्राप्त करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कॉलेज प्राचार्य से अपील करते हुए कहा कि छात्रों के प्रवेश पत्र पर उनकी फोटो अपलोड हो, जिससे उन्हें अंक तालिका आसानी से प्राप्त हो सकें। इस पर आगरा कॉलेज प्राचार्य ने सभी को आश्वासन दिया कि दो दिन में समस्या का समाधान करा दिया जाएगा। इस अवसर पर एनएसयूआई के प्रदेश महासचिव अंकुश गौतम ने कहा कि अगर दो दिन में समस्या का समाधान नहीं हुआ तो पीड़ित छात्रों द्वारा कॉलेज प्राचार्य के कार्यालय का घेराव करेंगे और मांग पूरी न होने तक छात्रों द्वारा धरना दिया जाएगा। इस मौके पर मयंक, राहुल, निमेष, अनुज सिंह, प्रगति, नेहा, प्रियांशी, जतिन, अंशुल, विमल, सहित छात्र मौजूद रहे।

# नकल विहीन हो यूपी बोर्ड परीक्षाः जिलाधिकारी

**आगरा (अमर भारती)।** जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी, अपर आयुक्त पुलिस संजीव त्यागी और जनपद के सभी डीसीपी की उपस्थिति में यूपी बोर्ड परीक्षा-2025 को नकलविहीन, सुचितापूर्ण,सकुशल संपन्न कराने के लिए सूरसदन प्रेक्षागृह में पुलिस ब्रीफिंग का आयोजन हुआ। ब्रीफिंग में एसीपी, थानाध्यक्ष, चौकी प्रभारी, परीक्षा केंद्र बनाए वित्त विहीन स्कूल, कॉलेजों के केंद्र व्यवस्थापक मौजूद रहे। इस अवसर पर जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी ने पुलिस अधिकारियों को ब्रीफ करते हुए बताया कि जनपद बोर्ड परीक्षा के दृष्टिगत अति संवेदनशील श्रेणी में है, विगत वर्ष पेपर आउट जैसी घटना के दृष्टिगत पुलिस प्रशासन को भी अतिरिक्त सावधानी बरतनी होगी, मोबाइल फोन हेतु दिए गए निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए, केंद्र व्यवस्थापक तथा स्टेटिक मजिस्ट्रेट के अलावा किसी को भी फोन की अनुमति नहीं है, उपरोक्त भी मोबाइल फोन का उपयोग सिर्फ शासकीय सूचनाओं के आदान प्रदान हेतु करेंगे। प्रवेश द्वार पर ही फ्रिस्किंग, तलाशी ली जाए तथा फोन, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट आदि को जमां कराने के बाद ही प्रवेश दिया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर बिना आईडी के कोई भी व्यक्ति प्रवेश नहीं करेगा,सभी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी हों या कक्ष निरीक्षक या अन्य परीक्षा में लगे कार्मिक,सभी के आईडी कार्ड जारी किए गए हैं, संबंधित क्षेत्र के पुलिस प्रशासन को भी सभी की सूची उपलब्ध कराई जा रही है कोई भी अनधिकृत व्यक्ति परीक्षा केंद्र में प्रवेश न करे कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करें। इस अवसर पर डीसीपी सिटी सूरज राय, डीसीपी वेस्ट सोनम कुमार, डीसीपी ईस्ट अतुल शर्मा, अपर जिलाधिकारी (नगर) अनूप कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक चंद्रशेखर, जिला विद्यालय निरीक्षक द्वितीय विश्व प्रताप सिंह सहित सभी संबंधित मौजूद रहे।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, फिरोजाबाद

अतिअल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना

पत्रांक–417 / 2ए0 दिनांक–15 / 02 / 2025

1. महामहिम राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, फिरोजाबाद द्वारा लोक निर्माण विभाग में मार्ग निर्माण कार्य में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रतिशत के आधार पर ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाताओं को सलाह दी जाती है, कि निविदा डालने से पूर्व निविदा के लिये न्यूनतम अर्हता हेतु निविदा निर्देशिका के क्लॉज 4 को ध्यानपूर्वक अध्ययन कर लें।

2.

| क्र0 सं0 | जिला | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू0 में) | धरोहर धनराशि (लाख रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने का समय | अधि.अभि. के कार्यालय का पता | अधी. अभि. के कार्यालय का पता | मुख्य अभि. कार्यालय का पता | ठेकेदारों की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | फिरो0 | ग्राम सेंगई से सिकहरा मार्ग की विशेष मरम्मत का कार्य। | 28.00 | 2.80 | 500+300+50 (Rs. 850.00) | 02 Month | कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 फिरोजाबाद | अधीक्षण अभियन्ता, मैनपुरी वृत, लो0नि0वि0 मैनपुरी | मुख्य अभियन्ता आगरा क्षेत्र, लो0नि0वि0 आगरा | ABCD |
| 2 | फिरो0 | नगला भाव सिंह बरामई मार्ग की विशेष मरम्मत का कार्य। | 15.00 | 1.50 | 500+300+50 (Rs. 850.00) | 02 Month | | | | ABCD |
| 3 | फिरो0 | डाहिनी अब्बासपुर मार्ग से सौरारा होते हुये पिपरानी मार्ग की विशेष मरम्मत का कार्य। | 29.00 | 2.90 | 500+300+50 (Rs. 850.00) | 02 Month | | | | ABCD |
| 4 | फिरो0 | हिन्दलैम्प फैक्ट्री से गनला बांध होते हुये गैलमई सलेमपुर तक मार्ग की विशेष मरम्मत का कार्य। | 31.00 | 3.10 | 500+300+50 (Rs. 850.00) | 02 Month | | | | ABCD |
| 5 | फिरो0 | अरांव खुर्द जायमई मार्ग से नगला नया जाफरपुर सम्पर्क मार्ग की विशेष मरम्मत का कार्य। | 26.00 | 2.60 | 500+300+50 (Rs. 850.00) | 02 Month | | | | ABCD |
| 6 | फिरो0 | सारख से ठार साहूकार गढ़िया भारौल मार्ग की विशेष मरम्मत का कार्य। | 25.50 | 2.55 | 500+300+50 (Rs. 850.00) | 02 Month | | | | ABCD |
| 7 | फिरो0 | शिकोहाबाद भोगांव मार्ग से खेरी मार्ग की विशेष मरम्मत का कार्य। | 11.10 | 1.11 | 500+300+50 (Rs. 850.00) | 02 Month | | | | ABCD |
| 8 | फिरो0 | सिरसागंज मैनपुरी मार्ग से मलूपुरा मार्ग की विशेष मरम्मत का कार्य। | 9.60 | 0.96 | 500+300+50 (Rs. 850.00) | 02 Month | | | | ABCD |

3. कार्य को पूर्ण करने की अवधि में वर्षा ऋतु भी सम्मिलित है।
4. बेवसाईट http://etender.up.nic.in पर निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण एवं विस्तृत शर्तें तथा बिडिंग डॉक्यूमेन्ट्स ऑनलाइन देखे जा सकते हैं तथा दिनांक **24.02.2025 से 02.03.2025** को मध्यान्ह 12.00 बजे तक प्राप्त किये जा सकेंगें। ऑनलाइन बिड दिनांक 02.03.2025 को दोपहर 12.00 बजे या इससे पूर्व ई–निविदा http://etender.up.nic.in पर अनिवार्य रूप से ऑनलाइन जमा कर दी जायें एवं ऑनलाइन प्राप्त समस्त टैक्निकल बिड दिनांक **02.03.2025** को दोपहर 12:30 बजे खोली जायेंगी।
5. निविदादाता द्वारा दरें जी0एस0टी रहित अंकित की जानी है, भुगतान के समय लागू दरों पर नियमानुसार जी0एस0टी0 देय होगी।
6. शासनादेश संख्या–317 / तेईस–2–2018–176 सं0 / 2006 टी0सी0–1 दि0 10.04.2019 के अन्तर्गत धरोहर धनराशि कॉलम सं0–5 के अनुसार तथा निविदा शुल्क कॉलम सं0–6 के अनुसार भुगतान ऑनलाइन (नैट बैंकिंग) द्वारा किया जायेगा।
7. उपरोक्त कार्यों की निविदा प्रक्रिया उ0प्र0 सरकार द्वारा संचालित प्रहरी ऐप के माध्यम से किया जाना अनिवार्य होगा।

**www.up.gov.in पर उपलब्ध है।**
उ0प्र0 229457/सूचना एवं जनसंपर्क विभाग/दिनांकः 19.02.2025

अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 फिरोजाबाद


# अधिवक्ता अधिनियम संशोधन का विरोध, प्रदर्शन

## मानव श्रृंखला बनाकर किया विरोध, सिविल कोर्ट परिसर में गूंजे नारे

- जनमंच ने सरकार से संशोधन वापस लेने की मांग की
- हाईकोर्ट बेंच की मांग पर भी जताई नाराजगी
- अधिवक्ताओं ने दी देशव्यापी आंदोलन की चेतावनी



अपनी मांग को लेकर प्रदर्शन करते अधिवक्ता।

अमर भारती संवाददाता

आगरा। सरकार द्वारा प्रस्तावित अधिवक्ता अधिनियम संशोधन के विरोध में अधिवक्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। दीवानी परिसर में जनमंच के बैनर तले अधिवक्ताओं ने मानव श्रृंखला बनाकर आक्रोश जताया और सरकार से इस कानून को वापस लेने की मांग की।

अधिवक्ताओं का कहना है कि सरकार अधिवक्ता अधिनियम में संशोधन कर उनके अधिकारों को सीमित करने जा रही है। उन्होंने इसे लोकतंत्र के लिए खतरा बताते हुए कहा कि यह कदम गुलाम तंत्र की ओर धकेल सकता है। जनमंच ने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी सूरत में यह संशोधन स्वीकार नहीं किया जाएगा। जनमंच के अधिवक्ताओं ने कहा कि अधिवक्ताओं द्वारा हाईकोर्ट बेंच की मांग लंबे समय से की जा रही है। लेकिन सरकार इस पर ध्यान नहीं दे रही है। इसके विपरीत अधिवक्ता अधिनियम में ऐसे संशोधन किए जा रहे हैं, जो न्यायिक प्रक्रिया पर सीधा प्रभाव डाल सकते हैं।

आक्रोशित अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि यह काला कानून वापस नहीं लिया गया तो देशभर के अधिवक्ता सड़क पर उतरकर आंदोलन करेंगे। अधिवक्ताओं ने संकल्प लिया कि जब तक यह कानून वापस नहीं होगा, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।


## नीलामी सूचना

थाना सकीट जिला एटा पर खड़े 1 कैंटर की नीलामी दिनांक 22/02/2025 आज दोपहर 2 बजे की जायेगी। इच्छुक व्यक्ति नीलामी में भाग ले सकते हैं।

**आज्ञा से**
**थानाध्यक्ष सकीट**

## NOTICE

I have changed my name Poonam Ahuja (New Name) in place of Bhavika Chandra. In future my name be known as Poonam Ahuja. **Poonam W/o Meghav Chandra, H.No-51, Saraswati Nagar, Ph-2, Avadhpuri, Agra.**

## उत्तर मध्य रेलवे

ई-निविदा सूचना सं. DYCE-GS-AGC-2025-03 dated 19.02.2025

**ई-निविदा सूचना**

उप मुख्य इंजीनियर, गतिशक्ति, उत्तर मध्य रेलवे, आगरा द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु **E-TENDER** द्वारा खुली निविदा आमंत्रित की जाती है।

**टेंडर संख्याः** DYCE-GS-AGC-2025-04

**कार्य का नाम लोकेशन सहित एवं कार्य पूर्ण करने की अवधिः** आगरा मंडल के छाता-पलवल सेक्शन में एसएंडटी केबलों को स्थानांनतरित करके विद्युत आपूर्ति बढ़ाने और वास्तविकता में सुधार कार्य के संबंध में रूंधी, शोलाका, होडल और छाता स्टेशनों पर आईपीएस और बैटरी रूम का निर्माण कार्य।, **पूर्णता अवधिः** 08 माह

**कार्य की अनुमानित लागतः** Rs. 49.65 Lac. | **बिड सिक्योरिटीः** रू. 99300.00

**टेंडर डालने की अंतिम तिथि व समयः** दिनांकः 17.03.2025 को 15:00 बजे तक टेंडर डाल सकते हैं।, पूरी जानकारी एवं टेंडर में भाग लेने हेतु इंडियन रेलवे की बेवसाइट **www.ireps.gov.in** देखें। टेंडर केवल बेव पोर्टल इंडियन रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर दिनांक 17.03.2025 तक डाल सकते हैं। **348/25 (D)**

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONCR


# देहलीगेट क्षेत्र से हटवाया अतिक्रमण



कार्रवाई के दौरान मौजूद नगर निगम का प्रवर्तनदल एवं पुलिस बल।

**आगरा (अमर भारती)।** नगर निगम प्रवर्तन दल ने शुक्रवार को कार्रवाई करते हुए देहलीगेट क्षेत्र से अतिक्रमण हटवाये। इस दौरान सड़क किनारे रखे लकड़ी के तखत जब्त किये। कार्रवाई से दुकानदारों में हड़कंप मच गया। नगर निगम के प्रवर्तनदल ने देहलीगेट पर बाबू गुलाबराय प्रतिमा के आस-पास से ठेल-धकेल हटवाते हुए पुलिस चौकी दहेलीगेट से पुष्पांजली हॉस्पीटल तक नाले नालियों पर किये गये अतिक्रमण पर कार्रवाई करते हुए फुटपाथों को साफ कराया। कार्रवाई के दौरान एसएफआई राघवेन्द्र सिंह के अलावा पर्याप्त संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।


## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
## मैनपुरी वृत, लोक निर्माण विभाग, मैनपुरी

अतिअल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना

पत्रांक–987 / 7एम0–मै0वृ0 / 2024–25 दिनांक 15 / 02 / 2025

1. महामहिम राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, मैनपुरी वृत, लो0नि0वि0 मैनपुरी द्वारा लोक निर्माण विभाग में मार्ग निर्माण कार्यों हेतु पंजीकृत ठेकेदारों से प्रतिशत दर के आधार पर ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाताओं को सलाह दी जाती है, कि निविदा डालने से पूर्व निविदा के लिये न्यूनतम अर्हता हेतु निविदा निर्देशिका के क्लॉज 3 को ध्यानपूर्वक अध्ययन कर लें।

2.

| क्र0 सं0 | जिला | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू0 में) | धरोहर धनराशि (लाख रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने का समय | अधि.अभि. के कार्यालय का पता | ठेकेदारों की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | फिरोजाबाद | सिरसागंज रपड़ी मार्ग के कि0मी0–4 में दरिगापुर रेलवे ओवर ब्रिज के नीचे मार्ग की विशेष मरम्मत का कार्य। | 43.00 | 4.15 | 2000+300+414 (Rs. 2714.00) | 02 Month | कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, फिरोजाबाद | ए,बी,सी |

3. बेवसाईट http://etender.up.nic.in पर निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण एवं विस्तृत शर्तें तथा बिडिंग डॉक्यूमेन्ट्स ऑनलाइन देखे जा सकते हैं तथा दिनांक **24.02.2025 से 02.03.2025** को मध्यान्ह 12.00 बजे तक प्राप्त किये जा सकेंगें। ऑनलाइन बिड दिनांक **02.03.2025** को दोपहर 12.00 बजे या इससे पूर्व ई–निविदा http://etender.up.nic.in पर अनिवार्य रूप से ऑनलाइन जमा कर दी जायें एवं ऑनलाइन प्राप्त समस्त टैक्निकल बिड प्रहरी एवं ई–टेण्डरिंग के माध्यम से दिनांक **02.03.2025** को दोपहर 12:30 बजे खोली जायेंगी।
4. निविदा की वैधता इसकी प्राप्ति के दिन से 90 दिन के लिए होगी। वैधता की अवधि में निविदा को वापस नहीं लिया जा सकेगा। निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण ई–टेण्डरिंग साइट पर देखी जा सकती है।

अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0
फिरोजाबाद

अधीक्षण अभियन्ता
मैनपुरी वृत, लो0नि0वि0
मैनपुरी

**www.up.gov.in** पर उपलब्ध है। उ0प्र0 229456/सूचना एवं जनसंपर्क विभाग/दिनांकः 19.02.2025

# निकाय चुनाव शांतिपूर्ण करवाना प्राथमिकता : ब्रह्मजीत

आलोक गुप्ता
alokg@amarbharti.com

**अमर भारती संवाददाता, अंबाला।** अतिरिक्त उपायुक्त डा. ब्रहमजीत सिंह ने कहा कि जिले में निकाय चुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शिता एवं शांतिपूर्ण तरीके से करवाना हमारा दायित्व है। चुनाव आयोग की हिदायतों की अनुपालना करते हुए चुनाव का सफलतापूर्वक आयोजन करवाना है। अतिरिक्त उपायुक्त एवं नोडल अधिकारी डा. ब्रहमजीत शुक्रवार को अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय के कॉन्फ्रैंस हाल में सम्बन्धित अधिकारियों की एक बैठक ले रहे थे। इस मौके पर सामान्य पर्यवेक्षक वीना हुड्डा, सामान्य पर्यवेक्षक डा. सरिता मलिक, रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम दर्शन कुमार, रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम बराड़ा अमित भारद्वाज, नगराधीश अभिषेक गर्ग, डीएसपी रजत गुलिया मौजूद रहे। अतिरिक्त उपायुक्त डा. ब्रहमजीत ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए स्पष्ट किया कि चुनाव आयोग की जो भी हिदायतें है उसकी अनुपालना के तहत सभी कार्य समय रहते होने सुनिश्चित होने चाहिए। उन्होंने कहा कि चुनाव के



दृष्टिगत परमिशन जैसे व्हीकल, पब्लिक मीटिंग या होर्डिंग लगाने की अनुमति के लिए जो भी आवेदन है उस आवेदन पर नियमानुसार तुरंत कार्रवाई करनी है। इस कार्य में किसी प्रकार की देरी नही होनी चाहिए। रैली व होर्डिंग लगाने के लिए स्थान निर्धारित कर दिए गए हैं। आदर्श आचार संहिता की अनुपालना के तहत टीमें फिल्ड में रहकर हर गतिविधि पर नजर रखेंगी। यदि कहीं पर नियमों की अवहेलना होती है तो तुरंत नियमानुसार कार्रवाई अमल में लानी है। कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए भी पुलिस की टीमें तत्परता से कार्य करें। अतिरिक्त उपायुक्त ने यह भी कहा कि चुनाव के सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर चुनाव डयूटी से जुड़े कर्मचारियों व अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया है ताकि चुनाव में उन्हें किसी प्रकार की परेशानी न हो। चुनाव के दिन पोलिंग पार्टियों के लिए जलपान की व्यवस्था सुनिश्चित होनी चाहिए। उन्होने यह भी कहा कि सभी बूथों पर सभी मूलभूत सुविधाएं होनी चाहिए। जिला शिक्षा अधिकारी यह सुनिश्चित करे कि यह व्यवस्थाएं वहां पर होनी चाहिए। इसके साथ-साथ मतदान केन्द्र के बाहर बूथ नम्बर व वार्ड भी अंकित होना चाहिए। चुनाव के दृष्टिगत जितने भी डयूटी मैजिस्ट्रेट लगाए गए है उसके साथ कैमरामैन की व्यवस्था होनी चाहिए। क्रिटीकल बूथों के तहत हर गतिविधि पर नजर रखी जाए इसके लिए वीडियोग्राफी भी होनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि चुनाव से 48 घंटे पहले चुनाव प्रचार थम जाता है, इसके तहत टीमें फिल्ड में रहकर हर गतिविधि पर नजर रखेंगी। मकसद चुनाव को निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से सम्पन्न करवाना है। अतिरिक्त उपायुक्त ने बैठक में यह भी कहा कि शनिवार को पोलिंग पार्टियों, ईवीएम मशीन व माईक्रो ऑब्र्जवर की ऑनलाईन प्रक्रिया के माध्यम से द्वितीय रैण्डमाईजेशन का कार्य भी किया जाएगा। उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों को कहा कि चुनाव आयोग की हिदायतों की अनुपालना करते हुए जिले में निकाय चुनाव का सफलतापूर्वक आयोजन करवाना है।

बैठक में नगर निगम के संयुक्त आयुक्त पुनीत कुमार, अतिरिक्त म्यूनिसिपल कमीशनर दीपक सूरा, आरटीए सुशील कुमार, सिविल सर्जन डा. राकेश सहल, एलडीएम पुनीत कुमार, डीडीपीओ दिनेश शर्मा, डीआईपीआरओ धर्मेन्द्र कुमार, डा. विपिन भण्डारी, जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार, डीआईओ शुभम जोधा, तहसीलदार प्रियंका, तहसीलदार आदित्य रंगा के साथ-

# ट्रिपल इंजन की सरकार बनने पर धड़ाधड़ होंगे विकास कार्य : बड़ौली



**अमर भारती संवाददाता, चंडीगढ़/जींद।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि 2 मार्च को जनता कमल के फूल पर एकतरफा मतदान करेगी और प्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि सरकार के पास बजट की कमी नहीं है, ट्रिपल इंजन की सरकार बनने पर धड़ाधड़ विकास के कार्य होंगे। जुलाना में भाजपा प्रत्याशी डा. संजय जांगड़ा के पक्ष में प्रचार करने पहुंचे बड़ौली ने कहा कि जनता ने भाजपा सरकार के जनकल्याणकारी कार्यों से प्रभावित होकर भाजपा को विजयी बनाने का मन बना लिया है। जनसभा को संबोधित करने के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए श्री बड़ौली ने पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि राजनीति में अपार संभावनाएं हैं, राजनीति में कब क्या हो जाए किसी को कुछ पता नहीं होता। अगर हुड्डा साहब का मन बीजेपी में आने का है तो वे आ सकते हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा चुनाव को उत्सव की मनाती है। भाजपा के कार्यकर्ता जोश और उत्साह से भरे हुए हैं। बीजेपी के लाखों कार्यकर्ता जमीनी स्तर पर पार्टी प्रत्याशियों को जीताने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि निकाय चुनाव में जन आशीर्वाद और कार्यकर्ताओं की मेहनत से ट्रिपल इंजन की सरकार बनने जा रही है। श्री बड़ौली ने कहा कि लोकसभा और विधानसभा चुनावों में जिन लोगो ने बीजेपी के विरोध में वोट किया था आज वो लोग भी बीजेपी के साथ है।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि गलती से अगर कोई विरोधी पार्टी का प्रत्याशी जीत जाता है तो वह एक ही उलाहना पांच वर्षो तक देता रहेगा कि हमारी सरकार नहीं है, इसलिए काम नहीं करवा पाया। उन्होंने कहा कि जनता जान चुकी है कि नीचे से उपर तक भाजपा की सरकार है इसी को ध्यान में रखकर कमल का फूल खिलाने का मन लोग बना चुके हैं।

## लघु समाचार

### मारपीट के मामले में अन्य दो आरोपी गिरफ्तार

**अमर भारती संवाददाता, अंबाला।** थाना अम्बाला छावनी में दर्ज मारपीट के मामले में 20 फरवरी को पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपी बंधन व सूरज निवासी हरि नगर बीडी फ्लोर मिल को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार जमानत पर रिहा किया गया। शिकायतकर्ता श्री भूषण कुमार निवासी न्यू विजय नगर थाना बलदेव नगर अम्बाला ने 27 जनवरी को थाना अम्बाला छावनी में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 27 जनवरी को आरोपी पप्पु व अन्य ने उससे लड़ाई-झगड़ा कर मारपीट करते हुए चोटें पहुंचाई हैं। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया था।

### चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**अमर भारती संवाददाता, अंबाला।** थाना अम्बाला छावनी में दर्ज चोरी के मामले में 20 फरवरी को सीआईए-1 के पुलिस दल ने निरीक्षक हरजिन्द्र सिंह के नेतृत्व में कार्यवाही करते हुए आरोपी नितिन निवासी गांव जड़ौत जिला मोहाली पंजाब व शीश पाल निवासी गांव खतौली को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया। शिकायतकर्ता कर्णजीत सिंह निवासी गांव जनेतपुर जिला ने 26 जनवरी को थाने में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 24 जनवरी को एस.डी. कालेज गेट अम्बाला छावनी के बाहर से आरोपी ने उसकी मोटरसाइकिल चोरी की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले की जिम्मेदारी सीआईए-1 के पुलिस दल को सौंप दी थी।

### चोरी में दो आरोपी गिरफ्तार

**अमर भारती संवाददाता, अंबाला।** थाना साहा में दर्ज चोरी के मामले में 20 फरवरी को पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपी आकाश व शाहरूख निवासी गांव सरांवा थाना साढौरा को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया। शिकायतकर्ता प्रदीप कुमार निवासी गांव सुभरी जिला अम्बाला ने 08 फरवरी को थाना साहा में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 7 फरवरी को अज्ञात आरोपी ने रवैरा पैलेस साहा के पास से उसकी मोटरसाईकिल चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी थी।

### जुआ-सट्टे में आरोपी काबू

**अमर भारती संवाददाता, अंबाला।** थाना अम्बाला छावनी क्षेत्र से सार्वजनिक स्थान पर सट्टा/जुआ खेलने के मामले में 20 फरवरी को पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपी रोहित निवासी ज्वालादीन की मडी अम्बाला छावनी को सट्टा खेलने के मामले में काबू कर 3210/-रुपए बरामद करके थाना अम्बाला छावनी में मामला दर्ज किया गया।

### शिविर में शिकायतों का मौके पर ही किया समाधान




**अमर भारती संवाददाता, अंबाला।** जिला स्तर पर आयोजित समाधान शिविर में शुक्रवार को नगराधीश अभिषेक गर्ग ने यहां पहुंचे प्रार्थियों की समस्याओं को विस्तारपूर्वक सुनते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को शिकायत मार्क कर उनका निवारण करने बारे निर्देश दिए। इस दौरान समाधान शिविर में 5 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें 4 का मौके पर ही समाधान कर दिया गया तथा एक शेष शिकायत को सम्बधिंत विभाग के अधिकारी को मार्क कर जल्द से जल्द निवारण करने निर्देश दिए। नगराधीश ने कहा कि उपायुक्त अजय सिंह तोमर के मार्गदर्शन में समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। जिनमें लोगों द्वारा दी गई शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह समाधान शिविर प्रत्येक कार्य दिवस में सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित करवाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि समाधान शिविर लगाने का उदेश्य हर प्रार्थी की समस्या का त्वरित समाधान करना है। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति जिला स्तर के साथ-साथ उपमंडल स्तर पर आयोजित समाधान शिविर में आकर अपनी समस्या को रख सकता है। इस मौके पर डीएसपी रजत गुलिया, डीआईपीआरओ धर्मेन्द्र कुमार, समाज कल्याण विभाग से अवतार सिंह, नगर निगम से शेर सिंह के साथ-साथ संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहें।

# प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में आवेदन करें जिलावासी : मोनिका गुप्ता

**अमर भारती संवाददाता, पंचकूला।** उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने भारत सरकार ने फरवरी 2024 से प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना (पीएमएसजी एमबीवाई) को शुरू किया हुआ है। योजना के तहत केंद्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा केंद्रीय वित्तीय सहायता (सीएफए) और राज्य वित्तीय सहायता (एसएफए) प्रधान की जा रही है। उन्होंने बताया कि सौर ऊर्जा बिजली बिल को कम करती है। सरकारी प्रोत्साहन सरकार द्वारा दी गई वित्तीय सहायता स्थापना लागत की भरपाई करती है। सौर ऊर्जा एक नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत है और यह वायु एवं जल प्रदूषण से मुक्त है। उपायुक्त ने बताया कि आवासीय परिवारों को रूफटॉप सोलर प्लांट लगाने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा दो किलोवाट तक आनुपातिक आधार पर 30,000 रुपये प्रति किलोवाट और तीन किलोवाट तक की अतिरिक्त क्षमता के लिए आनुपातिक आधार पर 18,000 रुपये प्रति किलोवाट अधिकतम 78 हजार रूपये की सबसिडी उपलब्ध करवाई जा रही है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार एक लाख अंत्योदय परिवारों को पहले आओ पहले पाओ के आधार पर अतिरिक्त वित्तीय सहायता प्रदान करेगी। 1.80 लाख रुपये तक की वार्षिक आय वाले परिवारों के उपभोक्ताओं को दो किलोवाट तक 25,000 रुपये प्रति किलोवाट और 1.80 लाख रुपये से लेकर 300 लाख रुपये तक की वार्षिक आय वाले पारिवारिक के उपभोक्ताओं को दो किलोवाट तक आनुपातिक आधार पर 10,000 रुपये प्रति किलोवाट राज्य वित्तीय सहायता के रूप में देंगी। उपायुक्त ने बताया कि आवेदक के पास दो किलोवाट या उसके बराबर स्वीकृत भार (एसएल) के साथ घरेलू आपूर्ति (डीएस) कनेक्शन होना चाहिए। आवेदक की वार्षिक पारिवारिक आय परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) के अनुसार श्रेणी के तहत होनी चाहिए।

# रैडक्रॉस के सिद्धांतों पर चलकर युवा मानव सेवा करें : सचिन गुप्ता

**अमर भारती संवाददाता, अंबाला।** उपायुक्त एवं प्रधान जिला रैडक्रास सोसायटी अंबाला अजय सिंह तोमर के निर्देशन में जिला स्तरीय यूथ रैडक्रास ट्रेनिंग कैंप का आयोजन एम डी एस डी कॉलेज अंबाला शहर मे 17 से 21 फरवरी तक किया गया। इसी कड़ी में कैंप के समापन अवसर पर नगर निगम आयुक्त सचिन गुप्ता ने शिरकत करते हुए शिविर में युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए अन्य सभी के कैंप के सफल आयोजन करने के कार्य की सराहना की। मुख्य अतिथि सचिन गुप्ता ने इस मौके पर उपस्थित युवाओं को रेड क्रॉस के सिद्धांतों पर चलकर मानव सेवा के लिए प्रेरित किया और कहा युवा देश की तरक्की का आधार है युवाओं को नशे जैसी भयानक बीमारी से दूर रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि रैडक्रास सामाजिक कार्यों में हमेशा आगे आकर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है और नशे से युवा व अन्य दूर रहें, इस बारे भी विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन को जागरूक करने का काम भी करती है।

# भाजपा नेता कपिल विज ने अलग-अलग वार्डों में जाकर मांगे वोट

**अमर भारती संवाददाता, अंबाला।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज के नेतृत्व में नगर परिषद अम्बाला छावनी चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवारों को हर तरफ मिल रहे जनसमर्थन से ऐसा माहौल है कि सभी प्रत्याशियों का चुनाव अम्बाला छावनी की जनता स्वयं लड़ रही हो। प्रधान पद की उम्मीदवार स्वर्ण कौर और 32 वार्डों से भाजपा प्रत्याशियों का चुनाव प्रचार रथ तेजी से दौड़ रहा है। वार्ड नंबर 26 में चुनाव कार्यालय के उद्घाटन के दौरान भाजपा नेता कपिल विज ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव से पहले जो जोश भाजपा के प्रति लोगों में नजर आ रहा है वह बिल्कुल एक तरफा माहौल की तरफ है। वह सभी लोगों को कार्यालय के शुभारंभ पर सभी को बधाई देते हैं। कार्यालय खोलने का मकसद है कि चुनाव संचालन कार्यालय से हो। उन्होंने कहा 2014 से अम्बाला छावनी में विकास का पहिया तेजी से चल रहा है। वार्ड 26 के नजदीक सुभाष पार्क, योगशाला, बैडमिंटन हॉल, पंचकर्मा का निर्माण व



अन्य सुविधाएं मंत्री अनिल विज द्वारा उपलब्ध करवाई गई हैं। पुलिस चौकी भी हाऊसिंग बोर्ड से बाहर सुभाष पार्क के समक्ष बनाई गई है। उन्होंने कहा विकास के पहिए को और तेज करने के लिए भाजपा द्वारा प्रधान पद के लिए स्वर्ण कौर और अन्य वार्डों से 32 उम्मीदवार खड़े किए गए हैं। जनता सभी को प्रत्याशियों को भारी मतों से विजयी कराकर पूरे अम्बाला और गति दी जाए। और अधिक से अधिक संख्या में अपने मत देकर भाजपा प्रत्यशियों को जिताएं। वहीं, अध्यक्ष पद प्रत्याशी स्वर्ण कौर वार्ड नंबर 26 में वार्ड स्तरीय भाजपा कार्यालय के उद्घाटन समारोह में शामिल हुई। मौके पर वार्ड 26 से भाजपा उम्मीदवार नरेश धवन के अलावा भारतीय जनता पार्टी के संयोजक संजीव सोनी के अलावा सोम चोप?ा, कपिल विज, जसबीर जस्सी, राजीव गुप्ता, हर्ष बिंद्रा व अन्य मौजूद रहे। सभी नेताओं ने प्रधान पद के लिए स्वर्ण कौर व वार्ड 26 से नरेश धवन के लिए वोट मांगे। वहीं प्रधान पद की उम्मीदवार स्वर्ण कौर ने आज वार्ड नंबर 4 में दलीपग? क्षेत्र स्थित चुनाव कार्यालय से अपना चुनाव प्रचार प्रारंभ किया ।

# नगर निकाय चुनाव में भाजपा अपना परचम लहराएगी

**अमर भारती संवाददाता, चंडीगढ़/गुरुग्राम।** भाजपा ने नगर निकाय चुनाव को बड़े मार्जिन से जीतने की रणनीति पर काम करना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में गुरुवार देर सायं भाजपा प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने गुरुग्राम, मानेसर नगर निगम और पटौदी नगरपरिषद के चेयरमैन, मेयर व पार्षद उम्मीदवारों के साथ बैठक की। बैठक में संगठन मंत्री फणीन्द्र नाथ शर्मा, जिला अध्यक्ष कमल यादव, विधायक मुकेश शर्मा, विधायक बिमला चौधरी आदि उपस्थित रहे। भाजपा नेताओं ने सभी भाजपा प्रत्याशियों से वार्ड अनुसार पूरी जानकारी ली और जरूरी दिशा निर्देश दिए। डा. सतीश पूनिया ने बताया कि सभी सीटें जीतने के लक्ष्य के साथ हमें आगे बढ़ना है। डा. पूनिया ने कहा कि जन आशीर्वाद और कार्यकर्ताओं की मेहनत से भाजपा नगर निकाय चुनाव में अपना परचम लहराएगी। डा. सतीश पूनिया ने कहा कि ट्रिपल इंजन की सरकार बनाकर विकास की गति को बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में डबल इंजन की




सरकार है और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी नॉन स्टॉप विकास के कार्य प्रदेश में कर रहे हैं। हरियाणा की जनता भाजपा सरकार के विकास कार्यों से खुश है, इसलिए निकाय चुनाव में भाजपा की जीत तय है। डा. पूनिया ने यह भी कहा कि भाजपा के लिए हर चुनाव महत्वपूर्ण होता है, इसलिए चुनाव छोटा या बड़ा नहीं होता। उन्होंने कहा कि चुनाव में हमें कड़ी मेहनत करनी है, घर-घर दस्तक देनी है और लोगों को भाजपा के पक्ष में मतदान करने के लिए प्रेरित करना है। भाजपा प्रदेश प्रभारी ने कहा कि पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता सभी प्रत्याशियों के साथ मिलकर कमल का फूल खिलाने के काम में जुटे हुए हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि हरियाणा की जनता ने लगातार तीसरी बार भाजपा सरकार बनाई है। भाजपा सरकार जनता के विश्वास पर खरी उतर रही है, इसलिए मतदाता नगर निकाय चुनाव में एकतरफा मतदान करते हुए ट्रिपल इंजन की सरकार बनाएंगे। श्री बड़ौली ने कहा कि हमें बड़े मार्जिन से नगर निकाय चुनाव को जीतना है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार का विजन विकसित भारत और विकसित हरियाणा बनाना है। श्री बड़ौली ने कहा कि राज्य के विकास को एक नई उंचाई पर लेकर जाना है।

# पोलिंग अधिकारियों को दूसरे दिन भी दिया प्रशिक्षण

**अमर भारती संवाददाता, अंबाला।** जिले में निकाय चुनाव के सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर आज दूसरे दिन यानि शुक्रवार को मुरलीधर डीएवी वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल अम्बाला शहर मे पीठासीन अधिकारियों, सहायक पीठासीन अधिकारियों व पोलिंग अधिकारियों को बैच के अनुसार प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान मास्टर ट्रैनर राकेश कुमार, सुनील अग्रिहोत्री द्वारा चुनाव से जुड़े कार्यो बारे व आयोग की हिदायतों की अनुपालना के तहत तमाम कार्यो की जानकारी उपस्थित कर्मचारियों एवं अधिारियों को दी गई। उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान ईवीएम मशीन से सम्बधिंत प्रक्रिया के बारे में भी तमाम जानकारी दी। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि 2 मार्च को जिले में निकाय चुनाव होने हैं। चुनाव डयूटी से जुड़े अधिकारी व कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिलाने का मुख्य मकसद यहीं है कि कर्मचारियों को चुनाव से सम्बधिंत कार्यो बारे तमाम जानकारी हो ताकि उन्हें चुनाव डयूटी के दौरान किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो।

# विशिष्ट अतिथि के तौर पर पूर्व मंत्री सुरेश भारद्वाज ने की शिरकत

डीपी वशिष्ठ

**अमर भारती संवाददाता, शिमला।** भारतीय पत्रकार कल्याण मंच रजिस्टर द्वारा आयोजित चार दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह का समापन शिमला के कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय निवास टिंबर हाउस में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में हिमाचल प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की वही पूर्व प्रदेश कैबिनेट मंत्री एवं राज्यसभा सांसद सुरेश भारद्वाज ने कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। राष्ट्रीय संगोष्ठी के समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि और मुख्य वक्ता के रूप में हिमाचल प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में पत्रकारिता की भूमिका पर महत्व डालते हुए सभी पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में पत्रकार और पत्रकारिता की विशेष भूमिका रही है जिससे हमें आजादी मिली उन्होंने कहा कि जिस तरह से उसे समय अंग्रेजों के खिलाफ आंदोलन चल रहे थे और उनके विरोध एवं उनके द्वारा किए जा रहे जनता के शोषण के कामों को अखबार के माध्यम से देश के घर-घर तक पहुंचाने का काम पत्रकारों ने किया और उनके इसी प्रयास से आजादी के मुहिम बहुत मजबूत हुई और अंत में 15 अगस्त 1947 को हमें आजादी मिली। उन्होंने कहा कि वर्तमान दौर में जिस तरह से प्रिंट मीडिया के अलावे इलेक्ट्रॉनिक मीडिया सोशल मीडिया के आने के बाद जिस तरह से पत्रकारिता में काफी बदलाव हुए हैं इसको लेकर उनका कहना था कि आज



अखबार पढ़ने के लिए सुबह अखबार आने का इंतजार नहीं करना पड़ता बल्कि इंटरनेट के माध्यम से आप ऐप डाउनलोड कर वेबसाइट पर जाकर सारे अखबारों को आसानी से पढ़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि आधुनिक युग में पत्रकारिता में काफी बदलाव देखने को मिल रहा है लेकिन लोकतंत्र के चौथे स्तंभ ने जिस तरह से आज समाज को एक करने का काम किया है वह भविष्य में भी ऐसे ही पत्रकारिता के माध्यम से चलता रहेगा। वही बीजेपी के वरिष्ठ नेता और पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं राज्यसभा सांसद सुरेश भारद्वाज ने भारतीय पत्रकारिता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जिस तरह से आजादी के समय पत्रकारों ने अंग्रेजों के खिलाफ उनके द्वारा किए जा रहे को कृतियों को जनता तक पहुंचाने का काम किया और जितने भी स्वतंत्रता सेनानी हुए वह भी पत्रकारिता करते थे और अखबार निकालते थे जिससे देश की जनता को यह बताया जाता था कि अंग्रेज किस तरह से हमारे देश को लूटने का काम कर रहे हैं और पत्रकारिता के द्वारा जलाई गई अलख से ही लोगों में जागरूकता हुई और देश को आजादी मिली। उन्होंने भारतीय पत्रकार कल्याण मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन आश्री के द्वारा शिमला में पत्रकारों के लिए राष्ट्रीय संगोष्ठी के आयोजन के लिए बहुत-बहुत बधाई देते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम हमेशा होते रहने चाहिए जिससे पत्रकारिता को और मजबूत किया जा सके। भारतीय पत्रकार कल्याण मंच द्वारा आयोजित इस राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह में जहां मुख्य अतिथि हिमाचल विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया को शॉल एवं एक स्मृति चिन्ह राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन आश्री ने सम्मानित किया वहीं पूर्व मंत्री सुरेश भारद्वाज को शाल एवं स्मृति चिन्ह देखकर राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष जसवीर सिंह दुग्गल एवं राष्ट्रीय सचिव सतनाम सिंह ने सम्मानित किया। वही सम्मान समारोह में हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश राय को शॉल एवं स्मृति चिन्ह देखकर विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने सम्मानित किया साथ ही हरियाणा प्रदेश के महासचिव धनेंद्र वशिष्ठ को शॉल एवं स्मृति चिन्ह देखकर विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश भारद्वाज ने सम्मानित किया। शिमला सहित विभिन्न राज्यों से आए पत्रकारों को भी सम्मानित किया। शिमला के कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय निवास टिंबर हाउस में आयोजित इस राष्ट्रीय संगोष्ठी में भारतीय पत्रकार कल्याण मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन आश्री महासचिव जसबीर सिंह दुग्गल, सतनाम सिंह हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश राय हरियाणा प्रदेश महासचिव धनेंद्र वशिष्ठ सहित भारतीय पत्रकार कल्याण मंच के कई वरिष्ठ पदाधिकारी एवं सदस्यों ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

# राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मनाया अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस



**अमर भारती संवाददाता, पंचकूला।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ कन्या विद्यालय, सेक्टर 15, पंचकूला में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ व्याख्याता जयबीर सिंह रंगा ने विस्तृत रूप से विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के बांग्लादेश से जुड़े इतिहास के साथ मातृभाषा का राष्ट्र निर्माण के संबंध में महत्व बताते हुए कहा दुनिया में 7000 से भी ज्यादा भाषाएं और भारत में आधिकारिक रूप से 22 भाषाएं प्रचलन में हैं। हमें अपनी मातृभाषा पर गर्व है जिसके बल पर भारत की विश्व स्तर पर पहचान कायम है। विद्यालय की छात्राओं ने भी मातृभाषा पर प्रश्नोत्तर सत्र के दौरान विस्तार से व्याख्यान दिए जिनमें ठीक उत्तर देने वाले विद्यार्थियों को इनाम दिए गए। इस अवसर पर शिक्षक चंद्रमोहिनी शर्मा, योगिता जोशी, सीमा, मीना अत्री, प्रियंका, मोनिका जोशी, रितु, इकबाल गिल, सोनिया, वंदिता, संजीव, मोना वालिया उपस्थित थे।

# धोखाधड़ी मामले में 4 आरोपियों को किया गिरफ्तार

**अमर भारती संवाददाता, अंबाला।** थाना साइबर क्रइम अम्बाला में दर्ज साइबर फ्राड मामले में 20 फरवरी को पुलिस ने विभिन्न चार मामलों में आरोपी मांगी लाल निवासी गांव लोहावट सियागो की ढाणी सिगडसर जम्बेश्वर नगरी थाना लोहवट जोधपुर राजस्थान, महिंद्र कुमार निवासी जाटों की ढाणी सांवरीज थाना फलौदी जिला जोधपुर राजस्थान, जफर इकबाल उर्फ छोटू व अहजाज निवासी नजदीक मस्जिद गांव बनारसी थाना पिनगवा जिला मेवात को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार महिन्द्र कुमार का 5 दिन व अहजाज का 2 दो दिन पुलिस रिमाण्ड प्राप्त किया। अन्य 2 आरोपियों को माननीय न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरास्त में भेजा गया। आरोपियों से 4 मोबाइल व 25 हजार रुपए की नकदी बरामद की है। शिकायतकर्ता अमित कुमार निवासी गांव साहा शान्ति विहार 24 अक्तूबर को थाना साइबर क्राइम में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 21 अक्तूबर को अज्ञात आरोपी ने धोखाधड़ी से उसके खाते से एक बड़ी रकम की साइबर ठगी करने का कार्य किया है।

**उपलब्धि** | मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कुरुक्षेत्र वि.वि. के दीक्षांत समारोह में गोल्ड मैडल से किया सम्मानित

# मास्टर ऑफ लॉ डिग्री में पूरे प्रदेश में रही अव्वल

नवीन गौड़

**अमर भारती संवाददाता, अंबाला।** कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय में आयोजित 34 वां दीक्षांत समारोह में 2022-2024 बैच मास्टर आफ लॉ डिग्री में नर्सिंग आफिसर सुदेश शर्मा की पुत्री छवि ने कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान हासिल करते हुए गोल्ड मेडल जीता तथा मैरिट सर्टीफिकेट प्राप्त किया। कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय में पढ़ने वाली छवि जोकि मध्यम वर्गीय परिवार से हैं जिसकी दादी श्रीमती राजदुलारी जी गर्वनमैंट आयुर्वेदिक औषधालय राखी गढ़ी में ट्रेंड दाई की पोस्ट पर कार्यरत थी। 2 नवम्बर 1999 को उन्हीं के हाथों से छवि का जन्म हुआ था। छवि की माता ने बताया जन्म के समय देखते ही दादी श्रीमती राजदुलारी जी ने कहा था एक दिन मेरी पौती परिवार का नाम रोशन करेंगी। उनके कहें शब्द आज जाकर साकार हुए। छवि की माता सुदेश शर्मा लोकनायक जयप्रकाश सिविल अस्पताल कुरूक्षेत्र में नर्सिंग आफिसर





के पद पर कार्यरत हैं तथा पिता दिनेश कुमार कौशिक एम्बुलैंस पर ड्राइवर के पद पर नारायणगढ़ में कार्यरत हैं। समस्त कौशिक परिवार अपनी बेटी की कामयाबी से फूला नहीं समा रहा। छवि ने 11वीं व 12वीं कक्षा मैडीकल फील्ड से अच्छे नंबरों से उत्तीर्ण की लेकिन रूचि कहीं न कहीं कानूनी शिक्षा की ओर थी जिसको ताऊजी रविंद्र कौशिक, सुमेश और ताई जी बीना शर्मा, राजरानी ने महसूस किया और गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय हिसार से बीए-एलएलबी में दाखिला करवाया और छवि गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय में एक नंबर की कमी से सैकेंड टॉपर रही। कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय में 34 वां दीक्षांत समारोह में उपस्थित प्रदेश के मुख्यातिथि माननीय मुख्यमंत्री नायब सैनी जी ने गोल्ड मैडल से छवि को नवाजा साथ में राज्यपाल एवं कुलाधिपति कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय श्री बंडारू दत्तात्रेय जी,अति विशिष्ट अतिथि प्रदेश के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, विशिष्ट अतिथि डाक्टर सोमनाथ एस पूर्व अध्यक्ष, इसरो माननीय कुरूक्षेत्र सांसद नवीन जिंदल ने अनेकानेक बधाईयां एवं भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। छवि ने अपने आने वाले समय में समाज सेवा में योगदान देने की ओर इशारा किया। उनका कहना है की वो न्याय क्षेत्र मे ही अपना भविष्य बनाना चाहती है। भारतवर्ष में न्यायपालिका में न्यायाधीशों के रिक्त पदों के चलते आम आदमी न्याय के इंतजार में अपने जीवन के महत्वपूर्ण समय को न्यायालय की भागदौड़ में गंवा देते हैं। जिस वजह से न्याय प्रणाली से समय पर न्याय नहीं मिल पाता जिस वजह से परिवार का अस्तित्व ही समाप्ति की कगार पर पहुंच जाता है। आम आदमी टूट जाता है और इस जीवन को व्यर्थ समझता है। प्राथमिकता से मेरे जीवन का उद्देश्य पीड़त महिला वर्ग की आवाज बनना है तथा बेजुबां जानवरो के हित में कार्य करना है और भारतवर्ष जो की न्याय व्यवस्था में केसों की अधिकता के चलते काफी पीछे है उसे और सुदृढ़ करनें में व न्याय व्यवस्था को सुधारने में मैं भी अपना महत्वपूर्ण योगदान देना चाहूंगी। देशहित को सर्वोपरि रखते हुए मैं सदैव निष्ठा और ईमानदारी से विश्वगुरु बनाने में भी सदैव समर्पित रहूंगी।

अमर भारती में प्रकाशित समाचार, विचार, लेख अथवा विज्ञापन से यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो कृपया स्पष्टीकरण एवं सुझाव समूह सम्पादक की ईमेल- editor@amarbharti.com पर प्रेषित करें अथवा 9311222595 पर व्हाट्सएप्प करें।

# ट्रासफार्मर के तारों की चपेट मे आने से महिला की मौत

## पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा, परिवार में कोहराम मचा, लोगों में दिखा आक्रोश

**अमर भारती संवाददाता**
**थानाभवन।** खुले मे रखे विद्युत ट्रासफार्मर के तारो की चपेट मे आने से नगर पचांयत की प्राईवेट महिला सफाईकर्मी की मौत सूचना मिलने पर पुलिस ने महिला का शव पोस्टमार्टम हेतू भेजा। मोहल्ले वाले का आरोप है कई बार शिकायतों के बावजूद कोई कारवाई नही की नगर के मोहल्ला कालू राम की चक्की के पास विद्युत विभाग का खुले मे विद्युत ट्रासफार्मर रखा है शुक्रवार की दोपहर मोहल्ला रेती वाॅल्मकी निवासी नीशा 55वर्ष पत्नि राजकुमार ट्रासफार्मर के पास कुड़ा साफ कर रही थी अचानक टासफार्मर से निकले तारो की चपेट मे आकर



झूलस गई आनन फानन मे महिला को सामूदाईक स्वास्थ केन्द्र ले जाया गया जंहा डाक्टरो ने महिला को मृत घोषित्त कर दिया सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भर महिला के शव को पोस्ट मार्टम के लिये भेजा मृतका के छः लड़की व दो लडके है जिनमे एक लड़की व एक लड़का अविवाहित है धटना के पश्चात मोहल्ले वाले जगमाल पकंज कुमार, धर्मपाल वर्मा, विशाल कुमार, मुकेश कुमार, सोनू कुमार, कालू राम ने बताया खुले मे रखे टांसफार्मर से कुछ वर्ष पूर्व मोहल्ला निवासी प्रितम के साथ भी हादसा हुआ था तब से ही वे बार बार शिकायत कर रहे है लेकिन विद्युत विभाग ने इस और कोई ध्यान नही दिया एस डी ओ विद्युत ने कहा उनकी जानकारी मे नही था शीघ्र ही नगर के सभी ट्रासफार्मरो की बेरेकटिंग कराई जायेगी।

## कार व बाइक की भिड़ंत में एक बच्चे सहित तीन घायल

**अमर भारती संवाददाता**
**रामपुर मनिहारान।** तीतरो थाना क्षेत्र के गांव बेरखेड़ी हिंदू के रहने वाले दो सगे भाई अशोक व अंकुर पुत्र अमरपाल अपने 10 वर्षीय भांजे अनमोल को बाइक पर बैठाकर रामपुर मनिहारान में एक बैंकेट हॉल में शादी समारोह में शामिल होने आ रहे थे। जैसे ही वह कस्बे के नानौता चुंगी पर पहुंचे तभी हाईवे पर खुले कट पर सहारनपुर की ओर से आ रही एक थार कार ने अचानक यू टर्न ले लिया। जिससे बाइक अनियंत्रित होकर कार से टकरा गई। हादसे में सड़क पर गिरने से बाइक सवार मामा भांजे घायल हो गए। घटनास्थल पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। राहगीरों ने एंबुलेंस की मदद से घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद अंकुर व अशोक की गंभीर हालत को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी लेकर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है।घटना के बाद चालक कार सहित मौके से फरार हो गया।

# जिला पंचायत ठेका कर्मचारियों ने भूसा ट्राली चालक के भाई का सर फोड़ा

## पर्ची के बाद भी ज्यादा पैसे को लेकर हुआ विवाद, पहले भी कई बार हो चुका है विवाद

**अमर भारती संवाददाता**
**बिडौली।** हरियाणा बॉर्डर पर स्थित जिला पंचायत के वसूली ठेके पर अधिक पैसे को लेकर भूसे के एक ट्रेक्टर ट्रोले के साथ विवाद खड़ा हो गया। अधिक पैसे ना देने की वजह से ठेका पंचायत कर्मचारियों ने मिलकर भूसा ट्राली चालक के भाई का सर फोड़ दिया। घटना की सूचना पर पुलिस पहुंची और संबंध में कोई अभियोग पंजीकृत नहीं हुआ है।
मिली जानकारी के अनुसार थानाभवन थाने के गांव सोहंजनी निवासी नौशाद अपने भाई अकबर के साथ सोमवार की रात करनाल से भूसा का ट्राला भरकर अपने गांव के लिए चला था। जब वह कल रात करीब 10:15 बजे उत्तर



प्रदेश के जनपद शामली की सीमा में आया तभी पुलिस चौकी पार करते ही जिला पंचायत ठेका कर्मियों ने उसे रोक लिया। नौशाद का कहना है कि उसने ₹300 पर्ची के नाम के दे दिए , नौशाद का आरोप है कि वह ₹500 मांग रहे थे। जबकि ₹250 वाली रसीद डेढ़ सौ रुपए की बना कर दी। और जब हम चलने लगे तो वहां पर मौजूद 8-10 लड़कों ने दोनों भाइयों को पकड़ कर हम दोनों भाइयों के साथ मारपीट कर दी, कि तभी किसी ने अकबर के माथे पर चाकू से वार कर दिया। जिससे अकबर की हालत गंभीर हो गई तभी डायल 112 को मौके पर बुलाया गया और रात में ही झिंझाना थाने में पहुंचकर प्रार्थना पत्र दिया। आरोप था कि पुलिस ने उनकी एक नही सुनी। आज शामली जिला अस्पताल में घायल अकबर का एक्सरे कराया गया। बिडौली पुलिस चौकी प्रभारी अजय कुमार ने बताया की जिला पंचायत ठेके पर दो पक्षों में पर्ची के पैसे लेन देन के मामले में मारपीट कहासुनी हो गई थी इस मामले में कोई तहरीर प्राप्त नही हुई दोनों पक्षो ने आपस में बैठकर फैसला कर लिया था । जिसकी सूचना हमे प्राप्त हुई है।

# आधा दर्जन लोगों ने युवक पर किया जानलेवा हमला, हालत गंभीर

**अमर भारती संवाददाता**
**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव इस्लामपुर घसौली निवासी एक युवक पर आधा दर्जन लोगों ने धारदार हथियारों से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।पीड़ित का आरोप है कि उक्त लोगों ने पीड़ित के साथ जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के गांव इस्लामपुर घसौली निवासी नितिन पुत्र श्रीपाल ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि वह गुरुवार की शाम को सात बजे अपने घर से मंदिर जा रहा था। आरोप है कि रास्ते में गांव के ही नसीम पुत्र शमशाद व गुड्डू पुत्र सत्तार व चार अज्ञात लोगों ने पीड़ित को रोक लिया और गाली गलौज करने लगे। पीड़ित ने विरोध किया तो आरोप है कि उक्त लोगों ने पीड़ित पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया। हमले में पीड़ित गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोप है कि उक्त लोगों ने पीड़ित को जाति सूचक शब्द कहते हुए जान से मारने की धमकी दी और मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार सिंह का कहना है कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। शीघ्र ही आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

## नाले में पडा मिला लापता युवक का शव, सनसनी

**शामली।** शुक्रवार की सुबह माजरा रोड स्थित एक बैंकेट हाल के पास नाले की सफाई के दौरान एक 25 वर्षीय युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गयी। मौके पर लोगों की भारी भीड भी जमा हो गयी। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची तथा शव को नाले से बाहर निकलवाया। शव कई दिन पुराना लग रहा था और पानी में पडा रहने के कारण काफी फूल चुका था। पुलिस की सूचना पर फोरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची तथा जांच पडताल शुरू की। शव की जेब से एक शराब का पव्वा, नमकीम के पाउच भी बरामद हुए जिससे संभावना जतायी जा रही है कि युवक शराब का आदी था। बाद में मृतक की पहचान शुभम पुत्र यशपाल निवासी गांव सिलावर थाना आदर्श मंडी के रूप में हुई। पुलिस ने मृतक के परिजनों को भी मामले की जानकारी दी जिससे उनमें कोहराम मच गया। परिजन भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने बताया कि शुभम कई दिन से लापता था जिसके संबंध में आदर्श मंडी थाने में 18 फरवरी को उसकी गुमशुदगी भी दर्ज करायी गयी थी लेकिन उसका कोई सुराग नही लग पाया था।

# पुलिस ने वाहन चोर को किया गिरफ्तार, चोरी की मोटरसाइकिल बरामद

**अमर भारती संवाददाता**
**थानाभवन।** थानाभवन पुलिस ने एक वाहन चोर को किया गिरफ्तार, चोर के कब्जे से चोरी की गई मोटर साईकिल बरामद कर भेजा जेल। थाना प्रभारी निरीक्षक वीरेन्द्र कसाना ने जानकारी देते हुए बताया ज्ञात हो कि पीड़ित नदीम पुत्र नसीर निवासी ग्राम बुन्टा थाना गढ़ीपुख्ता जनपद शामली की मोटर साईकिल वढ19-8865 को अज्ञात चोर द्वारा चाँद मार्किट कस्बा थानाभवन से चोरी कर ली गयी थी । घटना को लेकर थाने पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया था।शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक शामली राम सेवक गौतम के आदेशानुसार चलाए जा रहे संदिग्ध व्यक्ति वाहन चैकिंग अभियान के अंतर्गते थानाभवन चौकी इंचार्ज इन्द्रसैन पुलिस टीम के साथ मुल्लापुर रोड नदी के पुल पर चैकिंग कर रहे थे। चैकिंग के दौरान एक वाहन चोर को



चोरी की गई मोटर साईकिल हीरो स्पलेण्डर वढ19-8865 सहित गिरफ्तार किया है। आरोपित चोर ने पुलिस पूछताछ में अपना नाम मनव्वर पुत्र मुस्तकीम निवासी ग्राम मसावी थाना थानाभवन जनपद शामली बताया। आरोपित चोर की गिरफ्तारी को लेकर में थाने पर कानूनी कार्यवाही की जा रही है। आरोपित चोर को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक इन्द्रसैन, हैड कॉस्टेबल अंकुर निर्वाल, कॉस्टेबल पंकज शर्मा शामिल रहे।

## संक्षेप समाचार

### नाबालिग किशोरी को बरामद कराए जाने की मांग

कांधला। थाना क्षेत्र के गांव सुन्ना निवासी अली हसन ने एक सप्ताह पूर्व थाने पर तहरीर देकर बताया था कि पीड़ित की नाबालिग पुत्री को गांव का ही अमन पुत्र कल्लू अपनी बहन छोटन व मां जासमीन के सहयोग से बहला फुसलाकर भगा ले गया था। पीड़ित का आरोप है कि पीड़ित की पुत्री घर में रखे लाखों रुपए के जेवरात भी अपने साथ ले गई थी। आरोप है कि एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर पा रही है। आरोपी युवक के परिवार के लोग पीड़ित के परिवार को घर पर जाकर धमकी दे रहे हैं कि उन्होंने पीड़ित की पुत्री को बेच दिया है। पीड़ित ने शुक्रवार को एसपी शामली रामसेवक गौतम को शिकायत कर आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग के साथ ही पीड़ित की पुत्री को बरामद करने की मांग की है।

### नन्हें पहलवान 'अली' ने कुश्ती में दिखाया दम

कैराना। कस्बे के मोहल्ला आलकलां कोतवाली के पीछे निवासी नसीम पहलवान का बेटा अली नगर के खन्द्रावली मार्ग पर स्थित हिमालय मॉडल स्कूल कैराना में यूकेजी का छात्र है। अली कुश्ती का खासा शौंक रखता है। अली ने विगत गुरुवार को झिंझाना में सम्पन्न हुए सात दिवसीय दंगल में अपने हुनर का परचम लहराया है। स्कूल की प्रधानाचार्या अलका तिवारी ने बताया कि अली ने सात दिनों में कुल 19 कुश्तियां लड़ी और विपक्षी पहलवान को हराकर सारी कुश्तियां अपने नाम की। दंगल आयोजकों ने अली को पुरस्कार प्रदान करके सम्मानित किया है। वहीं, शुक्रवार को विद्यालय पहुंचने पर स्कूल प्रबंधन व स्टाफ ने नन्हें पहलवान अली का भव्य स्वागत किया। प्रबंधक जनक तिवारी व प्रधानाचार्या अलका तिवारी ने अली को



प्रतीक चिन्ह भेंट करके उसका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने अली के उज्व्वल भविष्य की भी कामना की है। बताया गया है कि अली के पिता नसीम भी क्षेत्र के प्रसिद्ध पहलवान है। उन्होंने भी झिंझाना दंगल के आखिरी दिन हुए दिलचस्प मुकाबले में सोनीपत के पहलवान को पटखनी देकर खिताब अपने नाम किया है। बेटा अली भी पिता के नक्शेकदम पर चलकर अपने हुनर का जलवा बिखेर रहा है।

### एसपी ने शुक्रवार की परेड का किया निरीक्षण

शामली। एसपी रामसेवक गौतम ने पुलिस लाइन में शुक्रवार की परेड का निरीक्षण किया। एसपी ने परेड में शामिल अधिकारियों व कर्मचारियों के टर्नआउट व ड्रिल का मुआयना किया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को एसपी रामसेवक गौतम ने पुलिस लाइन में शुक्रवार की परेड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने पुलिस लाइन में कर्मचारियों के मैस में भोजन की गुणवत्ता, आवासीय बैरक, शौचालय का भी निरीक्षण कर साफ सफाई का जायजा लिया वहीं परेड में शामिल अधिकारियों व कर्मचारियों के



टर्नआउट व ड्रिल का मुआयना किया। एसपी ने अर्दली रूम में रजिस्टरों की जांच की। उन्होंने पुलिस लाइन की परिवहन शाखा व डायल 112 वाहनों की स्थिति की भी जानकारी ली। इस मौके पर विभिनन थानों के पुलिस अधिकारी व कर्मचारी भी शामिल रहे।

### तहसील मुख्यालय पर गरजे अधिवक्ता, सौंपा ज्ञापन



कैराना। शुक्रवार को जिला बार एसोसिएशन कैराना के अधिवक्तागण संगठन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अवनीश गोयल व सह-सचिव प्रशासनिक रिजवान अली के संयुक्त नेतृत्व में नारेबाजी करते हुए तहसील मुख्यालय पर पहुंचे। जहां पर उन्होंने बार काउंसिल ऑफ उत्तर-प्रदेश के आह्वान पर एसडीएम कैराना स्वप्निल कुमार यादव को एक छह सूत्रीय ज्ञापन-पत्र सौंपा। पत्र में अधिवक्ताओं एवं उनके परिजनों के लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट का प्रावधान किए जाने की मांग की गई। इसके अलावा मांग की गई कि परिषदों में निर्वाचित सदस्यों के अतिरिक्त कोई समाहित न किया जाए तथा उसके लोकतांत्रिक स्वरूप को यथावत रखा जाए। परिषदों के सदस्यों अथवा अस्तित्व पर सुझाए गए संशोधन को तुरंत प्राप्त किया जाए। प्रदेश भर के अधिवक्ताओं को दस लाख रुपये का मेडिकल क्लेम दिया जाए तथा अधिवक्ता की मृत्यु होने पर मृतक आश्रितों को दस लाख रुपये की राशि प्रदान की जाए। पंजीकरण के समय अधिवक्ताओं से ली जा रही पांच सौ रुपये की स्टाम्प राशि प्रादेशिक परिषदों को वापिस की मांग की गई है। ऐसा न होने पर प्रदेशभर में अधिवक्ताओं द्वारा आंदोलन करने की चेतावनी दी गई है। इस दौरान इंतजार अहमद, नसीम अहमद, सालिम अली, शहजाद मलिक, राकेश प्रजापति, नदीम अहमद, फराज सिद्दीकी, शफकत खान, कुर्बान अली आदि अधिवक्तागण मौजूद रहे।

# एसपी कार्यालय पहुंचे रेप पीडिता के परिजन, कार्रवाई की मांग की

## 10 फरवरी की रात्रि क्षेत्र के एक गाँव में दिया गया था रेप की घटना को अंजाम

**अमर भारती संवाददाता**
**कैराना।** रेप पीडिता के परिजनों ने एसपी कार्यालय पहुँचकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ितो ने कैराना पुलिस पर भी कई गंभीर आरोप लगाए हैं। अपर पुलिस अधीक्षक ने निष्पक्ष जाँच उपरांत कार्रवाई का आश्वासन दिया है।
शुक्रवार को रेप पीडिता के परिजन एसपी कार्यालय पहुंचे,जहां उन्होंने घटना से संबंधित एक शिकयती पत्र पुलिस अधीक्षक की गैर मौजूदगी में अपर पुलिस अधीक्षक शामली संतोष कुमार को सौंपा। बताया कि 10/11फरवरी की रात्रि गाँव के ही एक पड़ौसी युवक ने अपने साथी युवक को साथ लेकर उसके मोबाइल से फोन करके नाबालिग को चाबी देने के बहाने घर से बाहर बुलाया और फिर ईख के खेत में लेजाकर उसके साथ बारी-बारी से दुष्कर्म की जघन्य घटना को अंजाम दिया।खून से लथपथ नबालिग घर पहुंची और घटना के संबंध में परिजनों को बताया। जिसके बाद परिजन नाबालिग को लेकर कैराना कोतवाली पहुँचे। परिजनों का आरोप है रेप पीड़िता को रात्रि दो बजे तक कोतवाली में ही बैठाए रखा,जिस कारण उसकी हालत अत्यधिक खराब हो गई। उनका कहना है कि रात्रि के समय ही एक कम्प्यूटर ऑपरेटर को बुलाया गया और उनकी तहरीर बदलवाई,जिसमें में से एक आरोपी का नाम ही गायब कर दिया गया, साथ ही वादी का नाम भी बदलाव दिया गया है। इसी तहरीर के आधार पर एक युवक को आरोपी बनाते हुए मुकदमा दर्ज किया गया है। मामला दो अलग- अलग समुदायों से जुड़ा हुआ है। परिजनों का कहना है कि आजतक उन्हें एफआईआर की कॉपी तक नही दी गई है।मेडिकल,मजिस्ट्रेट के सामने बयान व पुलिस की पूछताछ होने के बाद भी हल्का दरोगा पीड़िता को कोतवाली बुलाने का दबाव बना रहा है। पुलिस अभी तक आरोपी की गिरफ्तारी भी नही कर पाई है।

### पंचायत कार्यालय में बैठता था आरोपी

रेप की घटना में शामिल युवक गाँव में स्थित ग्राम पंचायत कार्यालय में बैठा देखा गया है। पीड़ितों का आरोप है कि आरोपी की बहन ग्राम पंचायत कार्यालय में सहायिका के रूप में कार्य करती थी,जिसकी शादी लगभग दो वर्ष पूर्व हो चुकी है। आरोप है कि उसके स्थान पर आरोपी ही बैठकर कार्य करता था,जबकि इसकी यहां नियुक्ति भी नहीं हुई थी। यह सारा मामला ग्राम सचिव की शह पर चल रहा था,बिना किसी तैनाती के प्राइवेट युवक सरकारी दस्तावेजों की निगरानी लगा हुआ था और ग्राम सचिव लापरवाह बने हुए थे।सवाल यह उठता है कि जब महिला सहायिका की शादी होने का बाद उसके भाई को कार्यालय के सरकारी दस्तावेज किसकी अनुमति के बाद सौंपे गए और पूरी जानकारी खण्ड विकास कार्यालय को क्यों नही दी गई। ग्राम सचिव निशांत बालियान से जब बात की गई तो उनका कहना था कि सहायिका की शादी हो चुकी है,लेकिन उसने इस्तीफा नही दिया था। हैरानी की बात तो यह है कि लगभग दो वर्ष बीत जाने के बाद भी क्या सहायिका अपने पद पर बनी हुई थी। इस सवाल के जवाब में ग्राम सचिव ने चुप्पी साध ली और कहा कि छुट्टी लेकर ससुराल चली जाती थी।

> तहरीर के आधार पर तुरंत मुकदमा दर्ज किया गया है। परिजनों द्वारा लगाए जा रहे आरोप बेबुनियाद हैं। निष्पक्ष जाँच उपरांत कार्यवाही की जा रही है।
> **-बिजेंद्र सिंह रावत**, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कैराना

# रोडवेज बस की टक्कर से अनियंत्रित होकर पलटा मैजिक वाहन

**हादसे में चालक को चोट आई उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती**

**अमर भारती संवाददाता**
**रामपुर मनिहारान।** तेज रफ्तार रोडवेज बस में छोटा हाथी (मैजिक वाहन) में पीछे से टक्कर मार दी। जिससे अनियंत्रित होकर छोटा हाथी हाईवे के बीचो-बीच पलट गया। हादसे में चालक को चोट आई है। घटना दिल्ली यमुनोत्री हाइवे पर राज नर्सरी के पास की है।
शुक्रवार को दिल्ली यमुनोत्री हाइवे पर उस समय अफरा तफरी मच गई जब एक तेज रफ्तार रोडवेज बस ने एक छोटा हाथी में टक्कर मार दी।अचानक जोरदार टक्कर लगने से छोटा हाथी अनियंत्रित होकर हाइवे पर पलट गया। हादसे में चालक को चोट आई है। घटना के बाद रोडवेज चालक बस



लेकर फरार हो गया। राहगीर व आसपास खेतों में काम कर रहे मजदूर दौड़कर घटनास्थल पर पहुंचे और मैजिक चालक को बामुश्किल गाड़ी से बाहर निकाला। राहगीरों ने गाड़ी को सीधा कर हाईवे पर साइड में खड़ा कराया। घायल युवक की पहचान कस्बे के मोहल्ला पिपलतला निवासी सद्दाम के रूप में हुई है। जो अपना टाटा मैजिक छोटा हाथी वाहन लेकर नानोता की ओर जा रहा था।सूचना पर सद्दाम के परीजन मौके पर पहुंचे और चालक सद्दाम को उपचार के लिए ले अस्पताल ले गए।

## मारपीट में एक आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

कैराना। गांव बराला कुकरहेडी निवासी फरजाना ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि बुधवार सुबह 10 बजे वह अपने पति आसिफ के साथ गांव के ही लाल्ला के खेत में गन्ने का बीज छीलने गई थी। इस दौरान वहां पर गांव का ही जुल्फकार वहां आया और गाली गलौज करते हुए गन्ने के बीज छीलने का विरोध किया। इसी को लेकर आरोपी ने सांटे की लाठी से उसके पति के साथ मारपीट की।

# लक्ष्मीपुरा में कीचड़ बना मुसीबत, सड़क पर जलभराव से ग्रामीण परेशान

**ग्रामीणों ने किया हंगामा, ग्राम प्रधान पर कार्य न कराने के आरोप**

**अमर भारती संवाददाता**
**चौसाना।** क्षेत्र के लक्ष्मीपुरा गांव की गलियां बदहाल स्थिति में पहुंच चुकी हैं। सड़कें गड्ढों में तब्दील हो चुकी हैं, और सबसे ज्यादा दयनीय स्थिति ईश्वर के घर के सामने की सड़क की है। यहां कीचड़ और जलभराव इतना ज्यादा हो चुका है कि राहगीरों का चलना तक मुश्किल हो गया है। गांव के निवासी राजिंदर, अंकित कुमार, प्रेम, अरुण, दीपक, अमित, कृष्णपाल, शिवकुमार, सुरेश, जयसिंह सहित अन्य ग्रामीणों ने इस मुद्दे को कई बार ग्राम प्रधान और सचिव के सामने रखा, लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। ग्रामीणों का कहना है कि चुनाव से पहले प्रधान जी ने बड़े-बड़े वादे किए थे, लेकिन जीतने के



बाद उन्होंने पलटकर भी नहीं देखा। हालात दिन-ब-दिन बिगड़ते गए और जब हालात बर्दाशत से बाहर हो गए तो गांव वासियों ने विरोध प्रदर्शन कर अपनी नाराजगी जताई। गुस्साए ग्रामीणों ने कहा कि प्रधान और प्रशासन अगर समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं करता, तो उन्हें और बड़े स्तर पर प्रदर्शन के लिए मजबूर होना पड़ेगा। गांव में जलभराव और कीचड़ की समस्या सिर्फ एक असुविधा नहीं बल्कि एक गंभीर स्वास्थ्य संकट भी बन चुकी है। गंदगी के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है, जिससे बीमारियां फैलने का खतरा बना हुआ है। खासतौर पर छोटे बच्चे और बुजुर्ग इस स्थिति से सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। शिवकुमार ने बताया, बच्चे स्कूल जाने में हिचकिचाते हैं सड़क पर कीचड़ भरा हुआ है। कोई वाहन तक नहीं चल सकता, लोग गिरकर चोटिल हो रहे हैं। प्रशासन से बार-बार गुहार लगाने के बावजूद कोई समाधान नहीं हुआ।

> **इन्होंने कहा...**
> ईश्वर के घर के सामने कीचड़ और जलभराव की समस्या की जानकारी प्रशासन को है। इस समस्या के समाधान के लिए नाले के निर्माण का प्रस्ताव रखा गया है, लेकिन यह काम तभी शुरू होगा जब लेखपाल नाले की पैमाइश करके निशान लगा देंगे। बीडीओ ने कहा, ष्जैसे ही निशान लगेगा, कार्य को तुरंत शुरू कर दिया जाएगा।
> **-उमाकांत मुद्गल**, बीडीओ

# खुदाई के बाद सड़क बनाना भूला पीडब्लूडी, हादसे का डर

**अमर भारती संवाददाता, चिलकाना।** गंदेवड़ रोड पर पीडब्लूडी व ठेकेदार की लापरवाही के चलते कभी भी बडा हादसा हो सकता है। चिलकाना सुलतानपर नगर से गन्देवड मार्ग पर सडक के चौडीकरण के निर्माण कार्य को लेकर सड़क ठेकेदार द्वारा लगभग दस दिन पूर्व सडक के एक ओर खुदाई तो कर दी गई थी। लेकिन निर्माण कार्य बंद कर दिया गया है। निर्माण कार्य न किये जाने सेराहगीरों को बडी कठिनाईयों का सामना करना पड रहा है। इस मार्ग पर राहगीर आये दिन हादसे का शिकार हो रहे हैं। सड़क किनारे खुदाई हो जाने के बाद सड़क तंग हो गई है। जिससे वाहन चालकों को ऑवरटेक करते समय वाहनों को सडक के किनारे कच्चे पर गाडी उतारते समय खतरा बना रहता है। कि कहीं गाडी पलट न जाये। एक ओर वाहनों के पलटने का खतरा तो वहीं अन्य वाहनो से टकराने का भी खतरा बना रहता है। पीडब्लूडी विभाग ने सड़क का निर्माण कार्य आधा अधूरा छोड़ा हुआ है दस दिन बीत जाने के बाद भी इस सड़क पर अभी तक काम शुरू नहीं किया गया है। ऐसे में ग्रामीणों व राहगीरों को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि सड़क खराब होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके बावजूद पीडब्लूडी विभाग के अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। इस मार्ग पर इन दस दिनों में कईं हादसे भी हो चुके हैं लेकिन पीडब्लूडी विभाग कोई बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है। इसलिए इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

# चीनी मिल नानौता ने निकाली किसान जागरूकता रैली

**अमर भारती संवाददाता।**
**सहारनपुर।** नानौता के किसान सहकारी चीनी मिल द्वारा क्षेत्र भर के किसानों को फसलों के प्रति जागरूक करने को रैली निकाली गई। जिसमें किसानों से उचित प्रजाति की बुआई करने की अपील की गई। मिल प्रबंधक जयप्रकाश के निर्देशन में जिला गन्ना अधिकारी सहारनपुर की अध्यक्षता में नानौता में किसान जागरूकता रैली निकाली गई। जिसमें क्षेत्र भर के किसानों को जागरूक किया गया। जिसमें किसानों से अपील की गई कि



वर्तमान में बसंतकालीन बुआई में सीओ 0238 की जगह सीओएस 13235, सीओ 15013, सीओ 118, ब्कै 17231, ब्ध्स्ज्ञ 16202 गन्ने की प्रजाति की बुआई करें, ताकि स्वस्थ पैदावार हो सके।

# जिला पंचायत उपचुनाव में भाजपा ने लहराया परचम

## भाजपा प्रत्याशी धर्मेंद्र गौतम की जीत, भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज राणा ने दी बधाई

**अमर भारती संवाददाता**
**सहारनपुर।** नानौता ब्लॉक परिसर में हुई जिला पंचायत उपचुनाव की मतगणना के दौरान प्रशासन पूरी तरह अलर्ट रहा। शान्तिपूर्वक मतगणना के दौरान भाजपा प्रत्याशी धर्मेंद्र गौतम ने जीत दर्ज की। गंगोह विधानसभा से भाजपा विधायक किरत चौधरी ने जीत की वजह जनता का मोदी और योगी पर अटूट विश्वास बताया।
गौरतलब है नानौता व गंगोह ब्लॉक के अंतर्गत पड़ने वाले वार्ड नंबर 25 पर हुए उपचुनाव में दो दिन पहले मतदान हुआ था। शुक्रवार को सुबह से ही दोनों ब्लाक प्रांगण में मतगणना शुरू हुई। नानौता ब्लाक में 8 राउंड मतगणना हुई। नानौता ब्लाक में हुई मतगणना में आसपा प्रत्याशी अंकित आर्या ने 2279 मत हासिल किए। जबकि भाजपा के धर्मेंद्र गौतम ने 2058 मत हासिल किए। सपा की श्यामलता ने 1746 मत प्राप्त किए।



बसपा प्रत्याशी नरेंद्र कुमार ओलरी ने 802 मत हासिल किये। नानौता ब्लॉक में आसपा प्रत्याशी अंकित आर्या ने 221 मतों की बढ़त बनाई, लेकिन गंगोह ब्लाक में पिछड़ने के कारण भाजपा प्रत्याशी धर्मेंद्र गौतम ने वार्ड नंबर 25 पर विजय हासिल की। मतदान स्थल पर एडीएमएफ रजनीश कुमार मिश्र, एसडीएम रामपुर श्वेता पाण्डेय, थानाध्यक्ष नानौता सचिन पूनिया सहित पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा। विधायक किरत चौधरी ने कहा कि जनता मोदी व योगी के नेतृत्व में विश्वास रखती है और वार्ड वासियों ने क्षेत्र के विकास के लिए भाजपा को जिताकर जो विश्वास जताया है उस पर खरा उतरेंगे। नगर पंचायत नानौता चैयरमेन पति अफजाल खान ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी की जीत का श्रेय सभी कार्यकताओं की मेहनत का परिणाम है। भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज राणा ने भाजपा प्रत्याशी धर्मेंद्र गौतम व सभी कार्यकताओं को जीत की बधाई दी।

# लापरवाही दिखाने वाले बैंकों पर एफआईआर के निर्देश

## आवेदनों पर बैंकों ने नहीं दिखाई कोई दिलचस्पी, बैंकों के व्यवहार को लेकर डीएम सख्त

**अमर भारती संवाददाता**
**शामली।** डीएम अरविन्द कुमार चौहान ने ऋण के लिए भेजे गए 420 आवेदनों पर कोई दिलचस्पी न दिखाने वाले बैंकों पर एफआईआर के निर्देश दिए हैं। डीएम ने कडी नाराजगी व्यक्त करते हुए लापरवाही बरतने पर कडी कार्रवाई की भी चेतावनी दी है। उन्होंने अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि वे बैंकों से समन्वय बनाकर योजना में प्रगति लाएं तथा प्रतिदिन की रिपोर्ट उपलब्ध कराएं।
शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में डीएम अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में उद्योग बंधु व व्यापार बंधु की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उद्यमियों ने डीएम के समक्ष कई समस्याएं रखी जिस पर डीएम ने उनके निस्तारण के निर्देश दिए। डीएम ने वित्तीय वर्ष 2024-25 एकल खिडकी योजना, निवेश मित्र योजना की भी समीक्षा की, साथ ही विभाग की



योजना,एक जनपद एक उत्पाद, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की प्रगति की जानकारी ली। उपायुक्त उद्योग शामली जैस्मिन ने बताया कि योजना में 1 हजार के लक्ष्य के सापेक्ष 420 आवेदन पत्र बैंकों को ऋण के लिए भेजे गए थे जिन पर बैंकों द्वारा कोई सहयोग नहीं किया गया जिस कारण प्रगति खराब है। इस पर डीएम ने कडी नाराजगी जताते हुए निर्देश दिए कि अधिकारियों को बैंकों से समन्वय बनाकर योजना में प्रगति लाने के निर्देश दिए, साथ ही योजना को लेकर लापरवाही दिखाने वाले बैंकों पर एफआईआर दर्ज कराने के भी निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि इस मामले में लापरवाही बर्दाशत नहीं की जाएगी। बैठक में सहायक आयुक्त उद्योग इशिता मित्तल सहित संबंधित अधिकारी, उद्यमी एवं व्यापारी मौजूद रहे। इसके बाद डीएम ने व्यापार बंधु की बैठक ली। व्यापारियों ने डीएम के समक्ष आईजीएल की लाइन डालने के कारण खराब हुई सडकों को ठीक कराने, पालिका बाजार के बाहर संचालित अवैध टेपों एवं फल सब्जी के ठेलों से जाम की समस्या करनाल रोड से जिला अस्पताल तक नहर की पटरी पर लाइट की व्यवस्था न होने, रोडवेज डिपो, रोडवेज बस स्टैंड, प्रधान डाकघर से संबंधित समस्याएं रखी, डीएम ने समस्याओं के जल्द समाधान का आश्वासन देते हुए अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर उपायुक्त प्रशासन विजय कुमार, राज्य कर सहायक श्रमायुक्त अचला पांडे सहित अन्य अधिकारी व व्यापारी मौजूद रहे।

# सरकारी विद्यालय देख गद्गद हुए सांसद

**अमर भारती संवाददाता**

**रामपुर।** सरकारी विद्यालयों की दिशा और दशा सुधारने के लिए सरकार भरसक प्रयास कर रही है। चाहे सरकारी विद्यालय में मूलभूत सुविधाएं जैसे फर्नीचर, स्मार्ट टीवी, लाइट, टयालीकारण दिव्यांग शौचालय, फर्श, साफ पानी और साफ स्वच्छ टॉयलेट की व्यवस्था हो या गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हो सभी क्षेत्रों में सुधार के प्रयास किया जा रहे हैं जिससे ग्रामीण अंचलों के बच्चों को भी बेहतर शिक्षा गांव में ही उपलब्ध हो पाए और उन्हें बड़े शहरों का मुंह ताकना ना पड़े। सरकार के इन्हीं प्रयासों का जीता जाता उदाहरण सांसद महोबुल्लाह नदवी का सैदनगर ब्लॉक के सरकारी स्कूल प्राथमिक विद्यालय लालपुर कला में देखने को मिला। सांसद महोबुल्लाह



नदवी एक दिवसीय दौरे पर सैदनगर के ग्रामीण क्षेत्र का भ्रमण कर रहे थे एवं सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की भौतिक स्थिति का जायजा ले रहे थे कि अचानक उनकी नजर लालपुर में स्थित प्राथमिक विद्यालय लालपुर कला पर पड़ी।सांसद बिना किसी पूर्व योजना एवं सूचना के अनान्यास ही अपने समर्थकों के साथ विद्यालय के अंदर चले गए जहां पहुंचकर उनके आश्चर्य का ठिकाना ना रहा उन्होंने कहा कि मैंने कल्पना भी नहीं की थी कि एक सरकारी विद्यालय का स्तर इतना अच्छा होगा कि वहां भौतिक एवं शैक्षिक वातावरण शिक्षा के अनुकूल एवं शिक्षा अधिकार अधिनियम के निर्देशों के अनुसार होगी ।साथ ही उन्होंने कक्षा में जाकर बच्चों के शैक्षिक स्तर को एवं विद्यालय में संचालित होने वाली विभिन्न शैक्षिक गतिविधियों के बारे में भी जानकारी ली।

# जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर किया जागरूक

**अमर भारती संवाददाता**



**रामपुर।** उत्तर प्रदेश शासन के आदेश के क्रम में पुलिस अधीक्षक, रामपुर एवं अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर के निर्देशन में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु आज दिनांक 21.02.2025 को मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत महिला सुरक्षा दल थाना भोट द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत प्राथमिक विद्यालय अशोकपुर, ग्राम पेमपुर, उच्च प्राथमिक विद्यालय अशोकपुर एवं ग्राम अशोकपुर में छात्राओं व महिलाओं/बालिकाओं को साइबर क्राइम से बचने के उपाय, महिला सम्बन्धी अपराध, हेल्पलाइन नंबरों (1930- साइबर क्राइम, 1090- वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्पलाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076ङ्कमुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन, 102- स्वास्थ्य सेवा) एवं अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया ।

# खेत से पानी वाला इंजन चोरी में केस दर्ज

**अमर भारती संवाददाता**

**पटवाई।** गुरुवार को पटवाई थाना क्षेत्र के ग्राम नरखे?ा के रहने वाले सुरजीत सिंह ने थाना पटवाई में तहरीर देते हुए बताया है कि प्रार्थी के खेत पर पानी वाला इंजन लगा हुआ था दो फरवरी 2025 को रात्रि में अज्ञात व्यक्ति द्वारा इंजन चुरा लिया था प्रार्थी ने काफी खोजबीन की परंतु इंजन नहीं मिला प्रार्थी ने पांच फरवरी को थाना पटवाई में प्रार्थना पत्र दिया लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की प्रार्थी ने दोबारा बीस फरवरी को थाना पटवाई प्रार्थना पत्र दिया जिसमें पटवाई पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर है।

# भाकियू टिकैत की मासिक पंचायत में समस्त कार्यकारणी को किया भंग



**अमर भारती संवाददाता**

**रामपुर ।** रामपुर में शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने मासिक पंचायत आयोजित की जिसमें मौजूद सभी अधिकारियों और कार्यकर्ताओं से विचार विमर्श कर में जिला अध्यक्ष रामपुर सरदार जगजीत सिंह गिल ने समस्त मेन बॉडी जिला , तहसील ,ब्लाक ,नगर आदि समस्त कार्यकारिणी तत्काल प्रभाव से भंग कर दी और जानकारी दी की ,इसके साथ ही भाकियू टिकैत के युवा जिला अध्यक्ष रंजीत यादव ने भी समस्त युवा जिला, तहसील, ब्लाक, नगर आदि समस्त कार्यकारिणी तत्काल प्रभाव कर दिया है जिलाध्यक्ष सरदार जगजीत सिंह गिल ने प्रेस नोट जारी का जानकारी देते हुए बताया है की शीघ्र ही शीर्ष नेतृत्व व उच्च पदाधिकारी से विचार विमर्श कर नवीन कार्यकारिणी गठित की जाएगी।

## लघु समाचार

### सत्संग के साथ कीर्तन किया गया

**अमर भारती संवाददाता रामपुर** आज गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा मे कीर्तन दरबार हुआ मांगी का महीना जो की 15 जनवरी से स्त्री सत्संग के द्वारा जगह-जगह पाठ किया जा रहे थे जिसका आज समापन गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में हुआ इस मौके पर कीर्तन हुआ जिसमें बीबी रणजीत कौर ने कीर्तनकार संगत को निहाल किया और कहा अमृत पान करना हर सिख का फर्ज बिना अमृत पान किया सिख अधूरा है हम सबको गुरु के बताए हुए मार्ग पर चलना चाहिए और दीन दुखियों की सेवा करनी चाहिए इस मौके पर विभिन्न स्त्री सत्संग के द्वारा कीर्तन किया गया बड़ी संख्या में महिलाएं गुरुद्वारा साहब उपस्थिति रही य मौके पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के द्वारा स्त्री सत्संग की अध्यक्ष रणजीत कौर को सम्मानित भी किया गया गुरुद्वारा प्रधान सरदार निर्मल सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया इस मौके पर स्त्री सत्संग का जत्था खालसा मोहल्ला नाम सिमरन गुरुद्वारा गुरु नानक दरबार संत भाई जी बाबा गुरुद्वारा गुरु नानक दरबार जत्ती की महिला मौजूद रही इस मौके पर मनजीत कौर बलविंदर कौर अमरजीत कौर सोनिया शरणजीत कौर मिंदर जीत कौर दविंदर कौर मौजूद रहे अरदास ग्रंथि सुरजीत सिंह ने की दीवान देश शाम तक चला इसके बाद गुरु का अटूट लंगर भी भी चला।

### समस्त अधि0गण को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये

**अमर भारती संवाददाता रामपुर।** क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा कार्यालय पर उपस्थित रहकर प्रभारी निरीक्षक थाना गंज, थाना कोतवाली, थाना सिविल लाइन एवं चौकी/हल्का प्रभारी के साथ आगामी त्यौहार कांवङ यात्रा/महाशिवरात्रि, रमजान, होलिका दहन, दुलेंडी, ईद-उल-फितर आदि को सकुशल एंव शांतिपूर्वक कराये जाने को लेकर समीक्षा गोष्ठी की गयी । गोष्ठी में उपस्थित समस्त अधि0गण को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये ।

### गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश

**अमर भारती संवाददाता रामपुर।** उ0नि0 मनोज कुमार मिश्र द्वारा की तहरीर के आधार पर बाबत अभियुक्तगण 1.शरीफ हाजी पुत्र मंगू 2. अरशद पुत्र मो0 उमर 3. रहीश अहमद पुत्र मंगू 4. सलीम अहमद पुत्र अली बक्श 5. शादाब अली पुत्र अख्तर अली 6. निजाम पुत्र सलीम अहमद निवासी गण ग्राम घोसीपुरा थाना स्वार जनपद रामपुर 7. भूरा पुत्र इस्लाम 8. अज्जू पुत्र शरीफ, 9. शमशाद पुत्र इस्लाम, 10. अमान पुत्र रहीश अहमद, 11. अनवर पुत्र इस्लाम , 12. रिजवान पुत्र सलीम, 13. शाहरूख पुत्र अफसर, 14. इमरान पुत्र सलीम, 15. सलमान पुत्र अफसर 16. असगर पुत्र अफसर अली, निवासी गण ग्राम घोसीपुरा थाना स्वार जिला रामपुर के द्वारा तमन्चे व कारतूसों से लैस होकर एक दूसरे के उपर जान से मारने की नियत से फायर करना, जिससे गांव में अफरा तफरी का माहौल पैदा हो जाना व अभियुक्त शादाब व निजाम के कब्जे से 02 ङ्क 02 कारतूस बरामद होने के सम्बन्ध में मु0अ0सं0 418/2024 धारा 191(2)/191(3)/190/109(1) बीएनएस व 7 सीएलए एक्ट व 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया । दौराने विवेचना अभियुक्त शरीफ, अरशद, रहीश, सलीम, शादाब अली, निजाम उपरोक्त को पूर्व में गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर जिला कारागार रामपुर में दाखिल किया जा चुका है ।



### अमेंडमेंट बिल का जताया विरोध



**अमर भारती संवाददाता स्वार।** एडवोकेट अमेंडमेंट बिल 2025 में संशोधन को लेकर वकीलों में आक्रोश ब?ता जा रहा है। शुक्रवार को वकीलों ने हाथों में काली पट्टी बांध कर बिल संशोधन का विरोध जताते हुए न्यायिक कार्य नहीं किया। वकीलों ने विधि मंत्रालय द्वारा तैयार ड्राफ्ट पर आपत्ति जताई है।शुक्रवार को बार वेलफेयर एसोसिएशन और सीनियर बार वेलफेयर एसोसिएशन के वकीलों ने बैठक कर एडवोकेट अमेंडमेंट बिल 2025 को वकीलों की स्वतंत्रता निष्पक्षता एवं निर्भीक वकालत पर कुठाराघात बताया है। जिसके विरोध में बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के आह्वान पर वकीलों ने हाथों पर काली पट्टी बांधकर ह?ताल पर रहने का निर्णय लिया। बाद में वकीलों ने विधि मंत्रालय द्वारा एडवोकेट एक्ट 1961 में संशोधन के लिए तैयार ड्राफ्ट पर आपत्ति जताते हुए संशोधित धारा 35 और 49 (1) पर विरोध जताते हुए राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम अमन देओल के कार्यालय पर नायब नाजिर को सौपा गया। इस दौरान बार वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेन्द्र नाथ गौस्वामी, सीनियर बार वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष गुरनाम सिंह संधू, एल्डर कमेटी के चेयरमैन इरशाद अहमद, राशिद अली गौस, पंकज कुमार जोशी, ताहिर हसन खां, दिलीप कुमार अरोरा, मोहम्मद जुनैद, सिराज अहमद, अय्यूब अहमद, राशिद खां, जावेद अख्तर, र?ीक अहमद, मुमताज मियाँ, हैसाम खां, मतलूब खां, मेहरबान अली, नौशाद, आसि?, सलीम अहमद, अफसर अली, सन्दीप सिंह, बृज किशोर दिवाकर, कमल सिंह, चंद्रपाल सिंह सागर, सुंदर लाल, हरस्वरूप सिंह, महेंद्र सिंह सागर, इरफान अहमद, प्रशान्त गौस्वामी, सलीम अहमद, आरिफ, शादाब, महिपाल सिंह आदि वकील रहे।

### भाजपा नेता ने रामलीला का किया शुभारंभ

**अमर भारती संवाददाता मसवासी।** स्वार टांडा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सिरकापुर पट्टी में ऐतिहासिक प्राचीन शिव मंदिर पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी नौ दिवसीय रामलीला मंचन का नगर पंचायत मसवासी के निवर्तमान अध्यक्ष एवं भाजपा नेता हरिओम मोर्य के द्वारा फीता काटकर शुभारंभ किया गया। इस मौके पर उन्होंने बोलते हुए कहा कि हमें प्रभु राम के आदर्श जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए भगवान श्री राम ने पिता के वचनों का पालन करने के लिए 14 वर्ष बन में बिताए उनके साथ में उनकी पत्नी तथा भाई भी साथ में रहे उन्होंने भी आदर्श स्थापित किया उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार में ऐतिहासिक मंदिरों का विकास एवं जीर्णोद्धार कराया जा रहा है जिसके अंतर्गत इस मंदिर का भी एक करोड रुपए की लागत से विकास कराया जा रहा है इस मौके पर भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी संजीव कुमार वर्मा, टांडा ग्रामीण मंडल भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व मंडल अध्यक्ष गौरव शर्मा, भाजपा युवा मोर्चा के जिला कार्यालय प्रभारी मयंक मौर्य रामलीला कमेटी के अध्यक्ष उपाध्यक्ष कोषाध्यक्ष तथा अन्य व्यक्ति एवं काफी संख्या में लोग मौजूद रहे ।



# जल, जंगल, जमीन को बचाने के लिए किसानों को किया गया जागरूक




**अमर भारती संवाददाता**

**रामपुर** जनपद में कृषि विभाग की भूमि संरक्षण इकाई द्वारा संचालित जलागम विकास घटक प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-2.0 के प्रचार-प्रसार हेतु वाटरशेड यात्रा अभियान के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बमना, विकास खण्ड स्वार में प्रभातफेरी, जलकलश यात्रा, वृक्षारोपण कार्यकम, भूमि पूजन एवं जल संरक्षण विषय पर निबन्ध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन कर पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस दौरान ग्राम-सरकडी के अन्तर्गत तालाब जीर्णोद्धार कार्य का लोकार्पण मुख्य अतिथि अध्यक्ष, जिला सहकारी, बैंक लि0 मोहनलाल सैनी द्वारा किया गया। जागरुकता के लिए प्रचार वाहन को अपर जिला अधिकारी श्री हेम सिंह द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झण्डी दिखाकर जलागम क्षेत्रों हेतु रवाना किया गया। भारत सरकार द्वारा नामित सदस्य श्री प्रशान्त प्रताप सिंह, एक्सपर्ट एन0पी0एम0यू0 द्वारा योजना के अन्तर्गत कराये गये कार्यों एवं जागरूकता कार्यकम का अवलोकन किया गया। वाटरशेड यात्रा अभियान में उपस्थित कृषकों एवं क्षेत्र वासियों को जल एवं गांव से निकलने वाले पानी का समुचित प्रयोग कैसे हो, जमीन को अधिक उपजाऊ कैसे बनाए तथा जल, जमीन एवं जंगल के संरक्षण हेतु कृषि विभाग के अधिकारियों, कृषि वैज्ञानिक तथां अन्य वक्ताओं द्वारा जागरुक किया गया।

# आधार कार्ड संशोधन के लिए शीघ्र अतिरिक्त सैंटरों की व्यवस्था की जाए



**अमर भारती संवाददाता**

**शाहाबाद।** नगर निवासी युवा समाजसेवी और कांग्रेसी नेता शाजमान आर्यन ने जानकारी देते हुए बताया है की उन्होंने डीएम रामपुर से नगर में अतिरिक्त आधार कार्ड संशोधन सेंट्रो के व्यवस्था करने की मांग की है दरअसल नगर में आधार कार्ड के संशोधन के लिए लंबी-लंबी लाइन लगी हुई है और नंबर भी नहीं आ पा रहा है तो ऐसे किसी समस्या का समाधान कैसे हो सकता है नगर के डाकखाने में वह शुक्रवार को एक आधार कार्ड के संशोधन के लिए वह सिर्फ पूछने के लिए गए थे तभी उन्होंने वहां देखा की साफ-साफ लिखा है कि हमने जनवरी-फरवरी के टोकन बांट दिए हैं जानकारी में चाहा की मार्च के कब वितरित करोगे तो बताया गया की वह हम बता देंगे समय आने पर अब बड़ा सवाल खड़ा होता है की सिर्फ इतनी बड़ी तहसील क्षेत्र के अंदर एक पोस्ट ऑफिस पर आधार कार्ड का संशोधन होना यह तो गंभीर विषय है ऐसा तो आम जनमानस को बहुत परेशानी होगी यदि किसी को कोई इमरजेंसी में अपना आधार कार्ड संशोधन कराना है तो वह कैसे हो पाएगा सवाल तो बनता है ना इसलिए गवर्नमेंट को यह चाहिए कि हर तहसील में कम से कम तीन या चार तो संशोधन केंद्र होना चाहिए जिससे आम जनता को राहत हो सके ऐसे तो लंबी लंबी लाइन लगाकर कोई फायदा नहीं हो पाएगा॥

# रंजिश को लेकर महिला के साथ की मारपीट

**अमर भारती संवाददाता**

**पटवाई।** गुरुवार को पटवाई थाना क्षेत्र के मुड़िया खेड़ा गांव की रहने वाली महिला सोमवती ने थाना पटवाई में तहरीर देते हुए बताया है कि पुरानी रंजिस को लेकर उसके गांव के ही रहने राजू,बबलू,मुकेश, व वीरसिंह, चरंजीलाल यह सब लोंगो ने मिलकर महिला के साथ गंदी गंदी गाली दी व लाठी डंडा व लातो घूंसो से मारा पीटा व जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए महिला ने थाना पटवाई में उक्त लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने को लेकर थाने में प्रार्थना पत्र दिया है पुलिस ने भी रिपोर्ट दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है।

# बिना नोटिस के बिजली कनेक्शन काटे जाने पर जताई नाराजगी

**अमर भारती संवाददाता**

**रामपुर** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला कार्यकारिणी सदस्य शाहरून खां ने बिजली विभाग द्वारा बकाया बिलो के नाम पर विद्युत कनेक्शन काटने की प्रक्रिया पर नाराजगी जताई है, उन्होंने कहा कि 2000 रुपए के बकाया बिल होने पर गरीबों के बिजली कनेक्शन काटे जा रहे हैं, शाहरुन खां ने कहा कि बिना नोटिस के बिना वार्निंग के अचानक विद्युत कनेक्शन काटने के लिए बिजली विभाग की टीम घरो पर आ जाती है और और उपभोक्ता को इतना भी समय नहीं देती कि वह अपना बिल जमा करने के लिए पैसे का कोई प्रबंध कर ले, इतनी देर में उपभोक्ता पैसों का बंदोबस्त करता है कि इतनी ही देर में उसका कनेक्शन काट दिया जाता है और फिर दोबारा से 600 की रसीद काटकर उसका कनेक्शन जोड़ दिया जाता है, शाहरुन खां ने कहा कि यदि शासन द्वारा ऐसा



कोई आदेश है कि बिना नोटिस, बिना वार्निंग के बकाया बिल होने पर विद्युत कनेक्शन काट दिया जाएगा तो उस आदेश को बिजली विभाग द्वारा अखबारों, चैनलो और अन्य माध्यमों से सार्वजनिक किया जाना चाहिए, और यदि सरकार द्वारा ऐसा कोई आदेश जारी नहीं किया गया है, तो फिर बिजली विभाग जनता के बीच हमारी सरकार की छवि बिगड़ने का काम कर रहा है, शाहरुन खां ने कहा कि शाहाबाद गेट बिजली घर क्षेत्र के मोहल्ला बुढ़िया की दुकान पर शुक्रवार को दौ-दौ हजार रुपए के बकाया बिल होने पर दो लोगों के बिजली कनेक्शन काट दिए गए, जबकि एक व्यक्ति द्वारा फोन पर सिफारिश कराए जाने पर करीब 12000 रुपए का बकाया होने पर भी शाहाबाद गेट बिजली घर के अवर अभियंता द्वारा उसका कनेक्शन नहीं काटा गया, उन्होंने कहा कि किसी का 2600 रुपए का बिल होने पर भी कनेक्शन काट दिया जा रहा है और किसी का 12000 का बिल होने पर भी कनेक्शन नहीं काटा जा रहा है, उन्होंने कहा कि शाहाबाद गेट बिजली घर के अवर अभियंता का यह दोहरा रवैया जनता के बीच बिजली विभाग की छवि बिगाड़ रहा है, उन्होंने कहा कि शाहबाद गेट बिजली घर के अवर अभियंता दो बिजली घरों का कार्य भार संभाल रहे हैं इसके अलावा उन्हें शहर के अन्य क्षेत्रों में भी चेकिंग के लिए भेज दिया जाता है जिससे प्रतीत होता है कि उनकी मानसिक स्थिति बिगड़ गई है और उन्हें लंबे आराम की जरूरत है।

# एआरटीओ व खनन अधिकारी पर हमला करने के आरोप में चार धंधेबाज को पुलिस ने भेजा जेल

**अमर भारती संवाददाता**

**मसवासी।** पट्टी कला क्षेत्र में ए आरटीओ और खनन अधिकारी की कार में टक्कर मारने के आप में पुलिस ने मानपुर तिहारी से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है जहां से चारों को जेल भेज दिया गया है। गौरतलब है कि बुधवार की देर रात पट्टी कला के ढाबे के पास वाहनों की चेकिंग कर रहे ए आरटीओ राजेश कुमार और खनन अधिकारी को कुछ धंधेबाजों ने उनकी गाड़ी में टक्कर मारकर हमले का प्रयास किया था जिसको लेकर अधिकारियों में हड़कंप मच गया था। सूचना पाकर स्वार क्षेत्र अधिकारी भी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए थे लेकिन तब तक खनन धंधेबाज फरार हो चुके थे अधिकारियों ने चार डंपरों



को पकड़कर सीज कार्रवाई की थी। इस मामले में यह आरटीओ की ओर से स्वार कोतवाली में अज्ञात के खिलाफ हमला करने सरकारी कार्य में बाधा डालने और कार में टक्कर मारने के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कराया गया था। चौकी इंचार्ज अजय शुक्ला ने दलबल के साथ इस मामले में छापेमार कार्रवाई की और चार धंधेबाजों को मानपुर तिराहे से गुरुवार की देर रात गिरफ्तार कर लिया। इनमें शिव कुमार उर्फ शिवा पुत्र प्रेम सिंह, अमर सिंह पुत्र प्रेम सिंह निवासी ग्राम कानोरा थाना बाजपुर, जलीस पुत्र शफी अहमद निवासी ग्राम सोनकपुर थाना टांडा, नईम पुत्र सलीम थाना भोट जनपद रामपुर शामिल है चारों खनन धंधेबाज को पुलिस ने शुक्रवार को न्यायालय में पेश किया जहां से चारों को जेल भेज दिया गया है चोकी इंचार्ज अजय शुक्ला ने बताया की अन्य लोगों की तलाश की जा रही है।

# रपटा पुल पर हो रही दबंगों द्वारा अवैध वसूली

**अमर भारती संवाददाता**

**शाहबाद।** तहसील क्षेत्र के ग्राम बेरुआ निवासी ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र देते हुए आरोप लगाया है कि ग्राम बेरुआ में वर्ष 2024 में गागन नदी के स्थान बदलने से रझेड़ा नदी में आए भीषण जल प्रवाह से उक्त ग्राम से चंद्रपुर खुर्द, भैया नगला को जाने के लिए रपटा पुल का विस्तार 2023 में सरकार द्वारा किया गया था। जो क्षतिग्रस्त हो गया था जिससे आने जाने पर जनधन को समस्या हुई। ि जबकि गांव के कुछ भले लोगों द्वारा अपने बल पर निस्वार्थ समाज सेवा भाव के मद्देनजर आ रही समस्या का समाधान उनकी मरम्मत करने का प्रयास किया गया।

# शिविर में रेंजर्स द्वारा किये गये कार्यों की प्रशंसा की

**अमर भारती संवाददाता**

**रामपुर।** राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर, उ.प्र. में चल रहे पाँच दिवसीय मदर टेरेसा रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह श्री बलराम सिंह जिला मुख्य आयुक्त स्काउट गाइड ओम प्रकाश सैनी , जिला सचिव, उ0प्र0, भारत स्काउट और गाइड, रामपुर एवं नरेंद्र सिंह के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। शिविर के अंतिम दिन रेंजर्स ने इस दौरान लिए गए प्रशिक्षण का प्रदर्शन किया, विभिन्न प्रकार के गैजेट्स- चम्मच स्टैण्ड, जूता स्टैण्ड, बाथरूम, पूजा घर, ग्लास स्टैण्ड, बाल्टी स्टैण्ड, कू?ेदान, बर्तन स्टैण्ड, पुस्तकालय, फर्स्ट एड बॉक्स इत्यादि बनाये। कार्यक्रम में रेंजर्स द्वारा मनमोहक झांकियों की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर रेंजर्स प्रभारी डा0 मनोरमा



चौहान ने पाँच दिवसीय रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर की आख्या प्रस्तुत की। इसी क्रम में रेंजर्स द्वारा विभिन्न झाँकियाँ, नुक्क? नाटक, लोक नृत्य, लोक गीत, देशभक्ति गीत, समूह गीत, प्रस्तुत किए गए मुख्य अतिथि बलराम सिंह ने शिविर में रेंजर्स द्वारा किये गये कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने रेंजर्स को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी कार्य को सफल बनाने के लिए आवश्यक है कि अपनी पूरी निष्ठा, लगन, अथक मेहनत और पूर्ण समर्पण भाव के साथ काम को किया जाए । साथ ही उन्होंने प्रशिक्षण में सीखे गए कार्यों को समय आने पर अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया।अग्नि शमन, गांठ बंधन पर विस्तृत जानकारी रेंजर्स को प्रदान की। प्राचार्य प्रो0 ( डॉ) सुनीता जायसवाल (घ्.द्यद्वह्लह्ल. )ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि रेंजर्स प्रशिक्षण से बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास होता है। इस प्रशिक्षण शिविर की सार्थकता तभी है जब आप शिविर में लिए गये प्रशिक्षण को अपने व्यवहार में अपनाएं द्य उन्होंने सभी रेंजर्स को सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए बधाई देते हुए संदेश दिया कि आप सभी अनुशासित रहकर देश सेवा के लिए सदैव तत्पर रहें। नरवंत कौर, जिला संगठन कमिश्नर गाईड, रामपुर, ने संबोधित करते हुए कहा कि शिविर में रेंजर्स किसी भी परिस्थिति में जीवन जीने की कला सीखते हैं। शिविर में विभिन्न कौशलों के माध्यम से राष्ट्र के निर्माण के लिए श्रेष्ठ नागरिक तैयार किए जाते हैं। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें विजयी छात्राएं इस प्रकार हैं- टैंट एवं गैजेट प्रतियोगिता में रमाबाई भीम राव अम्बेडकर टोली ने प्रथम, किरण बेदी टोली ने द्वितीय, तृतीय स्थान रानी लक्ष्मीबाई टोली ने तथा प्रीति लता वादेदार व कल्पना चावला टोली को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। बिना बर्तन के भोजन प्रतियोगिता में प्रथम ज्योति रानी व कंचन, द्वितीय काजल व साक्षी पाल, तृतीय स्थान प्रिया भारती व प्रियंका ने प्राप्त किया।

## लघु समाचार

### रेलवे कर्मचारियों की भर्ती को लेकर कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

**अमर भारती संवाददाता रामपुर।** ए आई आर एफ के महामंत्री कॉमरेड शिव गोपाल मिश्रा के आवाहन पर एस एस ई पी डब्लू आई कार्यालय के बाहर एक गेट मीटिंग का आयोजन किया गया जिसका संचालन शाखा सचिव कॉमरेड रवींद्र भण्डारी ने किया जिसमें प्रमुख मुद्दे रेलवे में खाली पड़े पदों को तुरंत भरे जाय,रेलवे में निजीकरण निगमीकरण पर तुरंत रोक लगाई जाए,रेलवे कॉलोनियों में रेल आवास की मरम्मत कराई जाए और जो रेल आवास जर्जर अवस्था में है उनकी जगह नए आवास बनाए जाएं ,रेलवे में किसी भी विभाग में जहां 12 घंटे ड्यूटी कराई जा रही है वहां 8 घंटे ड्यूटी कराई जाए, यू पी एस की कमियों को दूर किया जाय आदि प्रमुख मुद्दे है जिसमें करीब 25 से तीस कर्मचारी शामिल रहे शाखा सचिव रामपुर कॉमरेड रवींद्र भण्डारी सहायक शाखा सचिव कॉमरेड राधे श्याम, कार्यकता में चंदर सिंह,कमल बाबू,त्रिभुवन,जोगेंद्र,मनोज, अब्बास अली,प्रेम सिंह, करण,राकेश,चंदन,आदि शामिल रहे,



### बार एसोसिएशन व लॉयर एसोसिएशन ने एडीएम को सौंपा ज्ञापन



**अमर भारती संवाददाता रामपुर।** बार एसोसिएशन सभागार में बार एसोसिएशन रामपुर व लायर्स एसोसिएशन द्वारा संयुक्त आम बैठा आयोजित की गयी। जिसमें बार कौंसिल आफ उत्तर प्रदेश के सचिव द्वारा जारी पत्र 19. फरवरी.2025 के अवलोकनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित किया गया जिसमें बार एसोसिएशन रामपुर व रामपुर लायर्स एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने अपने अपने विचार रखे अधिवक्ताओं ने एडवोकेट एमेंडमेंट बिल 2025 का सभी अधिवक्ताओं ने विरोध किया तथा इस संबंध में अधिवक्ताओं ने भारी संख्या कलेक्ट्रेट पहुंच कर जिलाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन महामहिम राष्ट्रपति को दिया को भेजा गया इसमौके पर सभी अधिवक्ताओं ने काली प?ट्टी बांध कर विरोध प्रदर्शन करने का भी निर्णय लिया गया है। सभा में सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि शुक्रवार। को ज्ञापन देने व विरोध प्रदर्शन में व्यस्त रहने के कारण सभी अधिवक्तागण न्यायिक कार्य से पूर्णतः विरत रहेंगे। प्रस्ताव की एक प्रति मा0 जनपद न्यायाधीश रामपुर को प्रेषित किए जाने काअनुरोध किया है बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष सतनाम सिंह मट्टू एड0 तथा रामपुर लायर्स के अध्यक्ष सिराज अहमद एड0 द्वारा और संचालन महासचिव ठा0 कौशलेंद सिंह एड0 द्वारा किया गया। इस मौके पर भारी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे

### महाकुंभ में उद्यमियों ने परिवार सहित लगाई डुबकी

**अमर भारती संवाददाता रामपुर।** उद्योग,व्यवसाय जगत के उद्योगपतियों ,व्यबसाई परिवार सहित प्रयागराज गया और महाकुंभ स्नान का पुण्य लाभ प्राप्त किया। कुम्भ में प्रदेश की योगी सरकार द्वारा शानदार ब्यबस्थाएँ की गई है। इसी कारण 55 करो? श्रद्धालु स्नान कर पुण्य प्राप्त कर चुके है।अब्यबस्था कुछ लोगो की जल्दवाजी के कारण होती है। करो?ा श्रद्धालुओं के स्नान के बाद भी जल साफ है। सभी वर्गो के श्रद्धालुओं हेतु समुचित व्यवस्थाएं की गई है। महाकुंभ स्नान हेतु उद्योगपति एस के गुप्ता,आई आई ए के चेयरमैन श्रीष गुप्ता, रमेश अग्रवाल ,विपिन कुमार, मनोज गुप्ता,राजू गुप्ता, राजीव अग्रवाल सी ए, उमेश अग्रवाल , डॉ बी बी शर्मा, आलोक जिंदल, विनीत रस्तोगी , राम रक्षपाल यादव , पीयूष गुप्ता,गौरव वाष्णेय आदि का दल गया।



### वकीलों द्वारा एडवोकेट एक्ट संशोधन बिल का विरोध

**अमर भारती संवाददाता। शाहबाद।** शाहाबाद तहसील में वकीलों ने अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट में प्रस्तावित संशोधन का विरोध किया । बार एसोसिएशन शाहबाद के अध्यक्ष तकरीर उर रहमान के नेतृत्व में समस्त वकीलों ने प्रदर्शन किया। वकीलों ने तहसील परिसर में एकत्र होकर काली पट्टी बांधी और न्यायिक कार्यों का बहिष्कार किया। उन्होंने राष्ट्रपति और केंद्रीय विधि मंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम हिमांशु उपाध्याय को सौंपा। ज्ञापन सौंपने से पहले एडवोकेट वसीम खां ने वकीलों को प्रोटेक्शन एक्ट में प्रस्तावित संशोधनों की जानकारी दी। वकीलों का कहना है कि सरकार मनमाने तरीके से उनके अधिकारों को सीमित कर रही है।कार्यक्रम में बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष सुहैल खान समेत कई वरिष्ठ अधिवक्ता मौजूद रहे। वकीलों ने एकजुट होकर सरकार से संशोधन वापस लेने की मांग की है।



### मिट्टी के तेल का विनष्टिकरण/ निस्तारण कराया

**अमर भारती संवाददाता। रामपुर** पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा जनपद में चलाये जा रहे वाहन/माल निस्तारण अभियान (ऑपरेशन क्लीन) के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर के निर्देशन में मा0 न्यायालय से आदेश प्राप्त कर नियमानुसार आज दिनांक 21.02.2025 को थाना गंज जनपद रामपुर में मु0अ0सं0-609/2007, धारा-419/420 भादवि, 3/7 ईसी एक्ट से सम्बन्धित माल मुकदमाती का गठित कमेटी के समक्ष कुल 1400/- लीटर मिट्टी के तेल का विनष्टीकरण/निस्तारण कराया गया ।



### सम्पत्ति माल स्वामी के सुपुर्द किया

**अमर भारती संवाददाता।खजुरिया ।** पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र जनपद रामपुर द्वारा जनपद में चलाये जा रहे माल ग्रह में रखे सम्पत्ति सम्बन्धी मालो के निस्तारण के अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्री अतुल कुमार श्रीवास्तव जनपद रामपुर के निकट पर्यवेक्षण में तथा क्षेत्राधिकारी बिलासपुर के नेतृत्व थाना खजुरिया के माल ग्रह में रखे मु0अ0सं0-161/24, धारा-303(2)/117(2) बीएनएस में बरामद माल एक किर्लोस्कर कंपनी का इंजन, पानी का पंखा, एक बैंड, एक तेल की टंकी, दो पहिया, एक धुरा आदि (पम्प सैट) के स्वामी को नोटिस तमील कराया गया ।

# ट्रैक्टर ट्रॉली की चपेट में आने से होमगार्ड की मौत

**अमर भारती संवाददाता**

**किरतपुर।** घर से बाइक द्वारा गुनियापुर दवाई लेने जा रहे एक होमगार्ड की ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आने से मौत हो गई। होमगार्ड की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। ट्रैक्टर चालक ट्राली लेकर फरार हो गया। पुलिस ने मृतक का पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिये बिजनौर भेज दिया। शुक्रवार को गांव गुनियापुर निवासी सेवानिवृत्त होमगार्ड राज कुमार 62 वर्ष पुत्र बिशम्बर सिंह अपने घर से सुबह आठ बजे बाईक द्वारा दवाई लेने गांव भरेकी जा रहा था जब वह गुनियापुर में पहुंचा तभी पीछे से आ रही ट्रैक्टर ट्राली ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने राजकुमार ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आ गया और उसने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया।

# हिंसा के छह मामलों में चार्जशीट दायर, 79 को भेजा जेल

**अमर भारती संवाददाता**

**संभल।** बीते 24 नवम्बर 2024 को शाही जामा मस्जिद के सवेज़ के दौरान हिंसा के बीच हुई गोलीबारी और आगजनी में दजज़्नों पुलिस कमीज़ और एक उपजिलाधिकारी समेत कई लोग घायल हो गए थे। जबकि पांच की मौत हो गयी थी। इसको लेकर एसपी ने प्रेस वाताज़ करते हुए मीडिया के सामने न्यायालय मे पेश की गई चाजज़्शीट को लेकर जानकारी दी।

शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट चन्दौसी के न्यायालय में दाखिल किए गए आरोप पत्रों की के बारे मे बताया कि 24 नवम्बर 2024 को जामा मस्जिद में हुए सवेज़ के दौरान भड़की हिंसा में चार की मौत हो गयी थी। जमकर पथराव और फायरिंग व आगजनी में डेढ़ दजज़्न से अधिक पुलिस कमीज़ तथा प्रशासनिक अधिकारी ईट लगने से घायल हुए थे। पुलिस की और से 37 को नामजद किया गया था जबकि 3750 अज्ञात



के विरूद्ध रिपोटज़ दजज़ की गयी थी। इनमें से अब तक पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए 79 को अदालत से जेल भेजा जा चुका है। पुलिस की ओर से छह मामलो में आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित कर दिए गए है। बाकी मुकदमों में विवेचना अभी जारी है। जल्द ही सपा सांसद जियाउरज़्हमान बकज़ के खिलापफ भी आरोप पत्रा अदालत में दाखल किया जायेगा।एसपी ने बताया कि हिंसा के 87 दिन बाद अदालत में पेश किए गए आरोप पत्रों में शहर कोतवाली से चार औरनखासा कोतवाली से एक तथा एक मुकदमा मुरादाबाद जनपद के थाना पाकबड़ा में दजज़ हुआ था उसे यहां स्थानांतरित किया गया है। इन सभी बारह मुकदमों में छह में आरोप पत्र दाखिल किये गए हैं। एसपी ने बताया कि पहला आरोप पत्र उपनिरीक्षक शाह फैसल की और से दाखिल किया गया हैं जिसमें उनकी निजी बुलेट बाइक और सरकारी वाहन को जलाने का आरोप था। सीसी टी वी कैमरों और अन्य स्तरों से संकलित किए गए साक्ष्यों के आधर पर 23 के खिलापफ अभियोग दजज़ किया गया थज्ञ। इन सभी के खिलाफआरोप पत्र न्यायालय में पेश कर दिया गया है जबकि दूसरा मामला नखासा कोतवाली के संजीव कुमार का है। जो पुलिस अधीक्षक के पीआरओ है। इनमें एक आरोपी छत से पफायर कर रहा था। उसको बल मिल रहा था। इसमें पीआरओ घायल हुए थे। इस मामले में 25 के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया था। जिसमें से सभी आरोपियों काा चालान किया गया। इसका आरोप पत्र अदालत में पेश कर दिया गया। तीसरे मुकदमा शहर कोतवाली सम्भल में दजज़ हुआ था। इनमें प्रभारी निरीक्षक की और से घटना की जानकारी दी गई थी। इनमें से मौके से पकड़े गए 21 आरोपी नामज़द है। जबकि 53 के खिलाफ आरोप भेजा गया है। चैथे मामले में घटना वाले दिन उपजिलाधिकारी उमेश यादव ने दजज़ कराया था। जिसमें 37 को गिरफ्तार किया गया और अदालत से उन्हे जेल भेज दिया। इतना ही नही जामा मस्जिद के पास से पुलिस का टियर स्मोक और रबड़ बुलेट लूटा गया। इस मामले में 39 को जेल भेजने के बाद आरोप पत्र प्रेषित किया गया है। 6 मामलो में अब तक 80 को गिरफ्तार किया जा चुका है। एसपी ने बताया कि 123 लोगों के नाम प्रकाश में आए। इन्हे सी सी टीवी कैमरे से पहचाना गया था जबकि पकड़ गए लोगों ने बताया था कि उन्हे बुलाया गया था। उनके कहने पर भीड़ में शामिल होकर पथराव और फायरिंग की गई थी।

# सीनियर बार एसोसिएशन ने दिया ज्ञापन



**अमर भारती संवाददाता**

**चांदपुर।** सीनियर बार एसोसिएशन द्वारा अधिवक्ताओं के संवैधानिक व मौलिक के अधिकारों का हनन को लेकर एक विज्ञापन देश के प्रधानमंत्री व भारत सरकार के लिए उप जिलाधिकारी नितिन तेवतिया को दिया । ज्ञापन देने का मुख्य उद्देश्य अधिवक्ता संशोधन बिल 2025 के प्रावधानो के विरोध किया । और समस्त अधिवक्ताण के संवैधानिक व मौलिक अधिकार का हनन करता है । जो विधि व्यवसाय की स्वतंत्रता व बार कौन्सिल की स्वतंत्रता का भी हनन करता है । जिसका सीनियर बार एसोसिएशन पूर्ण विरोध करती है । अधिवक्ता संशोधन अधिनियम को वापस लिए जाने की मांग करती है। और भारत सरकार मांग करती है इसे संशोधन बिल जल्द से जल्द वापस लिया जाए।

सीनियर बार एसोसिएशन की ओर से अध्यक्ष सतीश चंद त्यागी महासचिव महेंद्र तोमर सुरेंद्र सिंह एडवोकेट चौधरी समरपाल सिंह एडवोकेट नीरज तिवारी एडवोकेट कमल सिंह एडवोकेट पिंटू एडवोकेट अर्चना शर्मा एडवोकेट हरपाल सिंह एडवोकेट अवनीश कुमार एडवोकेट व समस्त बार के पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# त्योहारों के मद्देनजर डीआईजी ने ली अधिकारियों की बैठक



**अमर भारती संवाददाता**

**बिजनौर।** मुनिराज पुलिस उपमहानिरीक्षक, मुरादाबाद परिक्षेत्र (मुरादाबाद) द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन के सभागार कक्ष में पुलिस अधीक्षक, जनपद बिजनौर एवं जनपदीय पुलिस के समस्त राजपत्रित अधिकारियों व थाना प्रभारियों के साथ आगामी त्यौहार कांवड यात्रा महाशिवरात्रि, रमजान, होली आदि की तैयारियों एवं कार्यवाही के संबंध में समीक्षा गोष्ठी आयोजित कर सर्व संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए।

# आज कांवड़ियों की सेवार्थ विशाल भंडारे का आयोजन



**अमर भारती संवाददाता**

**चांदपुर** नगर के रामलीला मैदान में हर साल की भांति इस साल भी 22 फरवरी 2025 से 25 फरवरी 2025 तक सोशल वेलफेयर क्लब और रामलीला कमेटी द्वारा कॉवरतियो की सेवार्थ विशाल भंडारा का आयोजन किया जाएगा । इस भंडारे की व्यवस्था 22 फरवरी से 25 फरवरी तक प्रातः तक अर्थात निरंतर 72 घंटे के लिए रामलीला मैदान मे भव्यता की जा रही है। इस भंडारे में कॉवरतियो की सेवा के लिए नाश्ता दूध चाय पक्का खाना व कच्चा खाना सोने के लिए बिस्तरों की व्यवस्था नहाने के लिए गरम व ठंडा पानी कॉवाड को कंधा देने का प्रबंध रात के समय में जागरण की व्यवस्था और उनके लिए दवाईयां की व्यवस्था भी की जाती है। भंडारे में सभी प्रकार की व्यवस्था टेंट बिजली जनरेटर दूध पानी बिस्तर खाने और घी तेल चीनी चाय आदि की व्यवस्था का कार्य व्यवस्थाऐ के द्वारा की जाती है । धर्म प्रेमियों द्वारा भी कॉवरतियो की सेवा में पक्का भजन पराठा पुरी सब्जी आदि की सेवा करते हैं ।भंडारे की सेवा में अमित गोयल विवेक कर्णवाल अमित मित्तल पवन गोयल दीपक मित्तल धर्मेंद्र अग्रवाल मोहित जिंदल विकास गुप्ता बृजेश कौशिक मुन्नालाल नंदन आशु गोयल आदि धर्म प्रेमी भंडारे की सेवा में लगे रहते हैं।

# राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन

**अमर भारती संवाददाता**

**नहटौर।** डिग्री कॉलेज नहटौर की राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन कॉलेज के विवेकानंद सभागार में किया गया। जिसमें छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर कार्यक्रम का समापन किया। विवेकानंद सभागार में आयोजित समापन कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ संजीव गौड़, राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई कार्यक्रम अधिकारी शसीमा शर्मा, डॉ कैलाश सिंह, डॉ मनोज कुमार द्वारा संयुक्त रुप से मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्जवलित कर किया गया। शीतल द्वारा मां सरस्वती की वंदना प्रस्तुत की गई। यमशी ने गीत, ज्योति मुस्कान ने कविता प्रस्तुत की। असमा, टीना, कंचन, काजल, गीतिका, मानसी, शिवानी, मुस्कान ने नारी तु कमजोर नहीं नामक लघु नाटिका प्रस्तुत की।



इसके साथ ही संध्या, पूजा, निरूपमा, कंचन, शिवानी, पूजा, प्रेरणा, काजल, टीना आदि छात्राओं के द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम व डांस प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ संजीव गौड़ ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज का युग नारी शक्ति के वैभव का स्वर्णिम युग है। नारी का स्थान पूरी दुनिया में अपने शौर्य, पराक्रम, योग्यता, सहनशक्ति तथा दूसरों की सेवा करने के गुणों के कारण समाज में सर्वोपरि है। आज नारी शक्ति पुरुषो के साथ कंधे से कंधा मिलाकर समाज और देश के विकास में अपना योगदान दे रही है। उन्होंने छात्राओं से महाविद्यालय की निरंतर पढ़ाई के साथ-साथ भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित कौशल विकास की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से स्वावलंबी बनने का आह्वान किया। इसके अतिरिक राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्रा इकाई कार्यक्रम अधिकारी सीमा शर्मा ने पूरे वर्ष का रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत किया। इस अवसर पर आबिद हुसैन, पंकज शर्मा, विपिन सैनी, दुष्यन्त कुमार डां. कैलाश सिंह, मनोज कुमार, यशपाल सिंह, नरेश कुमार, सुनीता त्यागी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ संजीव गौड़ तथा संचालन अनीता ने किया।

# केवल पन्नों पर पास है प्रदेश सरकार का बजट : खिज़र गौस

**अमर भारती संवाददाता**

**संभलः** आजाद अधिकार सेना पाटीज़ के प्रदेश महासचिव खिजर गौस उफज़ गौस भैया ने उत्तर प्रदेश सरकार के बजट पर तंज कस्ते हुए कहा बजट केवल पन्नों पर पास किया गया है। पहले की तरह इस बार भी बजट सपनों जैसा है। प्रदेश में बेरोजगारी चरम सीमा पर है। प्रदेश में वहीं स्वास्थ्य केंद्र बदहाल पड़े हैं। प्रदेश में शिक्षा को कोई बढ़ावा देने वाला बजट नहीं है। शिक्षा अतिरिक्त महंगी, महंगाई पहले की तरह डबल चरम सीमा पर है सरकार लंबे समय से सत्ता प्राप्त करें उत्तर प्रदेश में बैठी है। लेकिन महंगाई कंट्रोल करने पर सरकार का कोई ध्यान नहीं रेलवे से लेकर घरेलू खाद्य पदाथज़, उत्तर प्रदेश में बिजली यूनिट अतिरिक्त महंगा है तथा ट्रांसपोटज़ तक अतिरिक्त महंगाई की स्थिति से जूझ रही है।

## लघु समाचार

### बस की टक्कर से बाइक सवार दो लोगों की मौत





**अमर भारती संवाददाता चांदपुर।** नूरपुर रोड स्थित भगवत पब्लिक स्कूल के समीप शुक्रवार की सुबह को रोडवेज बस व बाइक की भिड़ंत होने पर दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। युवकों की मौत से परिवार में मचा कोहराम। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना हीमपुर दीपा के गांव मुकरपुरी निवासी विपिन कुमार (42) पुत्र लज्जाराम अपने कोशिन्द्र पुत्र पप्पू सिंह( 40) के साथ बाइक पर सवार होकर नूरपुर से चाँदपुर आ रहे थे बताते है कि नूरपूर रोड स्थित भंगवत स्कूल के पास रोडवेज बस0 नम्बर 20 बी टी 2725 व बाइक में भीड़त हो गई । घटना में बाइक चालक विपिन व इसके साथी की मृत्यु हो गई। पुलिस ने कार्यवाही करते हुए दोनो शवो को पोस्टमार्टम के बिजनौर भेज दिया।

### बोलोरो डिवाइडर से टकराकर पलटी, एक घायल



**अमर भारती संवाददाता भागूवाला** थाना मंडावली क्षेत्र के कोटावाली नदी पर दूसरा ब्रिज निर्माणाधीन के चलते वोलडर लगाकर रोड वनवे किया गया है। जिससे कांवड़ियों को परेशानी न हो। बृहस्पतिवार रात लगभग साढ़े सात बजे के आसपास एक बोलोरो गाड़ी संख्या यू के 14 टी ए 0598 टकराकर पलट गई गाड़ी में पांच महिलाएं चार पुरुष पांच बच्चे सवार थे। परिजन मुन्नालाल ने बताया कि हम परिवार सहित शहजादपुर नांगल सोती में लगन रिश्ते में गए थे वहां से वापस ऋषिकेश जाते समय गाड़ी अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गई। जिसमें ड्राइवर नीरज पुत्र सुरेश कश्यप उम्र लगभग 25 वर्ष निवासी काली का ढाल सरवन नगर ऋषिकेश गंभीर रूप से घायल हो गया एक महिला व बच्चा भी घायल हुआ है जिसको पुलिस ने एंबुलेंस से अस्पताल भिजवा दिया है । अस्पताल में डॉक्टर ने ड्राइवर को मृत घोषित कर दिया।

## लघु समाचार

### कांवड़ियों का गंगाजल लेकर आने का सिलसिला शुरू



**अमर भारती संवाददाता नगीना :-** महाशिवरात्रि पर शिवभक्त कांवड़ियों का देवभूमि हरिद्वार से कांवड़ में पवित्र गंगा जल लेकर अपने गंतव्य की ओर लौटने का सिलसिला शुरू हो गया है, कांवडतियों के आगमन के कारण महा शिवरात्रि से 10 दिन पूवज़ से ही नगर भोले के जयकारों से गुंजायमान होने लगा है। उधर पुलिस प्रशासन ने महाशिवरात्रि का पवज़ शांतिपूवज़्क संपन्न कराने व कांवड़तियों की सुरक्षा के लिए कमर कसनी शुरू कर दी है। महाशिवरात्रि के अवसर पर देवभूमि हरिद्वार से कांवड़ में पवित्र गंगाजल लेकर कांवडतियों के जत्थे अपने गंतव्य टनकपुर, नैनीताल, दमुआ, हल्द्वानी, बरेली, पीलीभीत की ओर जाने वाले शिव भक्त भोले के जयकारों के उद्घोष के साथ नगीना के मुख्य मागोज़ श्रीकृष्ण गौशाला, पहाड़ी दरवाजा, बारादरी सराफ्ज़ बाजार व बिश्नोई सराय से होते हुए धामपुर मागज़ से गुजरकर जाने लगे हैं जिससे भोले उद्घोष के जयकारों के साथ नगर का वातावरण शिवमय होने लगा है। शिवभक्त कांवडिये नाचते, गाते, जय भोले, हर हर महादेव के जयकारों के उदघोष के साथ अपने गंतव्य की ओर प्रस्थान करते जा रहे हैं नगर के मंदिर मुक्तेश्वर नाथ व धामपुर मागज़ पर श्री रामलीला ग्राउंड स्थित मंदिर परिसर में कांवडतियों के विश्राम आदि की व्यवस्था चल रही है महाशिवरात्रि का पवज़ नगीना में 26 फ्रवरी को मनाया जाना है मालूम हो कि महाशिवरात्रि पर क्षेत्र के हजारों की संख्या में कांवडती हरिद्वार से गंगाजल लाकर यहां बड़ा मंदिर मुक्तेश्वर नाथ के शिवालय में चढ़ाते हैं, उधर पुलिस प्रशासन ने कड़े प्रबंध करते हुये महाशिवरात्रि के अवसर पर कांवडतियों की सुरक्षा के लिए कमर कसनी शुरू कर दी है।

# चलेगी तेरी यादों की पुरवाई तो क्या होगा: महीपाल



**अमर भारती संवाददाता**

**हल्दौर।** देश की अग्रणी साहित्यिक संस्था हिंदी की गूँज द्वारा बासंती काव्य संध्या का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में देश के विभिन्न कोनों से संस्था के शाखा प्रभारी एवं प्रबुद्धजन उपस्थित रहे द्य कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ ममता श्रीवास्तवा की मधुर आवाज में केदारनाथ अग्रवाल द्वारा रचित वसंत गीत ष्हवा हूँ हवा मै वसंती हवा ष् से हुआ तत्पश्चात् हिंदी की गूंज के संयोजक नरेंद्र सिंह नीहार ने सभी साहित्य मनीषियों का स्वागत करते हुए वसंत काव्य संध्या के उद्देश्य तथा हिंदी की गूंज संस्था के कार्यो के बारे में सभी को बताया। हल्द्वानी शाखा प्रभारी निर्मला जोशी ने वसंत का स्वागत करते हुएष्पीत वर्णी आभा लिए आ गया बसंत, बाल वृद्ध युवा सभी को भा गया बसंत गीत सुनाया। महिपाल सिंह ने ष्चलेगी जब तेरी यादों की पुरवाई तो क्या होगा षीत सुना कर माहौल को खुशनुमा बना दिया। हाथरस से जुड़ी मंजू शर्मा ने अपने कोकिल कंठ से ष्ऐसा लाग्यो आया बसंत रे वसंत विरज की शोभा लाग्यो न्यारी हैष् गीत सुनकर सभी का मन मोह लिया तो वही डॉ वर्षा सिंह ने बसंत के दोहे सुनाए। इस अवसर पर नरेंद्र सिंह नीहार द्वारा रचित एवं रानी गुप्ता की स्वर लहरियों में गाए गीत का वीडियो प्रसारित हुआ।

# महाविद्यालय में राजनीति विज्ञान पर किया गया व्याख्यान का आयोजन



**अमर भारती संवाददाता**

**चांदपुर** इस कार्यक्रम में राजकीय महाविद्यालय भोजपुर मुरादाबाद के प्राचार्य प्रोफेसर नरेश कुमार ने विद्यार्थियों को राजनीति विज्ञान विषय में शोध कार्य करने के बारे में विस्तार से समझाया साथ ही विद्यार्थियों को यह भी बताया कि वह किस प्रकार राजनीति विज्ञान विषय से पढ़ाई करके एक अच्छा टीचर और प्रोफेसर बन सकते हैं। राजनीति विज्ञान विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर मोहम्मद सुलेमान ने अपने उद्बोधन में कहा की वर्तमान में कोई भी राष्ट्र तभी आगे बढ़ सकता है शोध और विकास के क्षेत्र में कार्य करें। वर्तमान की समस्याओं और चुनौतियों का समाधान शोध को बढ़ावा देकर ही किया जा सकता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉक्टर साजिद अंसारी, डॉक्टर विनोद कुमार, आस मौहम्मद आदि शिक्षकों सहित राजेश श्रीवास्तव, सौरभ कुमार तथा जबर सिंह आदि शिक्षकेत्तर कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**अमर भारती संवाददात किरतपुर।** गांव असगरपुर में एक 28 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक नशे का आदी था। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। क्षेत्र के गांव असगरपुर निवासी दवकुश पुत्र सुक्खे आयु 28 वर्ष नशे का आदी था। वह लड़ाई-झगड़ा करता रहता था। शुक्रवार को भी वह मानसिक तनाव में था। उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

### सीएचसी पर वृहद मानसिक स्वास्थ्य जागरुकता कार्यक्रम आयोजित



**अमर भारती संवाददाता। नहटौर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर जिला मानसिक रोग स्वास्थ्य टीम द्वारा वृहद मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मानसिक रोग विशेषज्ञ द्वारा मानसिक रोग के व्यक्तियोंके लक्षणों के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। प्राप्त समाचार के अनुसार गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में आयोजित वृहद मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ आशीष कुमार आर्य ने फीता काटकर किया जिसमें मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ नितिन ने कहा कि सिजोफ्रेनिया एक ऐसा रोग है जो मनुष्य के अन्तर्गत शाल मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता शिविर विचार अनुभूति एवं व्यवहार पर गंभीर असर करता है।इसमें मरीज के लिए वास्तविक एवं काल्पनिक अनुभवों में फर्क करना कठिन हो जाता है। मरीज के लिए तार्किक रूप से सोचना सामान्य भावनाओं को व्यक्त करना एवं समाज में उचित व्यवहार करना कठिन हो जाता है। मरीज के कामकाज के तरीके एवं एकाग्रता दोनों पर असर पड़ता है। उन्होंने बताया कि इस बीमारी में के कारण बिना उचित कारण अक्सर ऑफिस के कार्य अनुपस्थित होना, घर की वस्तु चुराने कर बेचने की आदत होना। घर पर अक्सर चोट या मार खाकर आना। जेब खर्च की ज्यादा मांग करते हुए अक्सर जिद पूरी न होने पर घर से भागने या मरने की धमकी देना। हाथों से काम करते समय कंपन्न होना। तनाव मुद्रा में घर से बाहर जाना आदि लक्षण मानसिक बीमारी के है । उन्होंने बताया कि बताया कि मिर्गी लाइलाज बीमारी नहीं है सतत् एवं उचित इलाज अनुभवी चिकित्सक की देखरेख में यदि हो तो यह रोग पूर्णतया ठीक हो जाता है। उन्होंने इन लक्षणों से पीड़ित रोगियों को जिला मुख्यालय भेजने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सौरभ, विमल, संजीव शर्मा, तरन्नुम अवेस, फार्मासिस्ट, बीपीएम,सीएचओ संगिनी, आशा आदि उपस्थित रहे।

# ऑल इंडिया एनसीसी क्रिकेट टूनामेंट में मुजफ्फरनगर ने हरिद्वार को हराया



**अमर भारती संवाददात नजीबाबाद।** एनसीसी क्लब की ओर से स्टेप ग्राउंड में चल रहे ऑल इंडिया क्रिकेट टूनामेज़्ट में मुजफ्फ्रनगर की टीम ने हरिद्वार को 7 विकेट से हरा दिया। जलालाबाद मागज़ स्थित स्टेप ग्राउड में चल रहे ऑल इंडिया क्रिकेट टूनामेज़्ट में मुजफ्फ्रनगर क्रिकेट टीम के कप्तान विवेक ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। हरिद्वार टीम ने खेलते हुए 134 का लक्ष्य दिया। मुजफ्फ्रनगर ने 7 विकेट खोकर लक्ष्य प्राप्त कर जीत हासिल की। मुजफ्फ्रनगर की ओर से कप्तान विवेक 31 रन बनाने में एक विकेट लेने पर उन्हें मैन ऑफ्द मैच दिया गया। मुख्य अतिथि साहनपुर नगर पंचायत के पूवज़ अध्यक्ष मेराज अहमद फीता काटकर मैच का शुभारंभ किया। उन्होंने सभी खिलाड़ियों का उत्साह वधज़्न करते हुए खेल को खेल भावना से खेलने की अपील की। मैच के अंपायर वसीम अंसारी व शाहनवाज अंसारी रहे जबकि कंट्री एहसान अहमद ने की। इस मौके पर आयोजन कमेटी के सुनील ग्रोवर, ताबिश मिजा, शददन खान, इमरान, मोहम्मद नाजिम, अंकित, फैसल तैयब आदि मौजूद रहे।

# इंजीनियरिंग कॉलेज में आईआईसी 7.0 द्वारा प्रॉब्लम सलूशन फिट एंड प्रोडक्ट मार्किट फिट विषय पर सेमिनार का आयोजन

**अमर भारती संवाददाता**

**बिजनौर।** कुँवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट में एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया जिसका विषय प्रॉब्लम सलूशन फिट एंड प्रोडक्ट मार्किट फिट (डिकोडिंग प्रोफेशनल प्रैक्टिस) रहा मुख्य वक्ता मिस नाहिदा अब्दुल्ला (प्रोजेक्ट इंचार्ज ज्ैडभ् महाराष्ट्र ) व संस्था निदेशक प्रो. (डॉ.) अमित कुमार बंसल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके शुभारंभ किया मुख्य वक्ता मिस नाहिदा अब्दुल्ला ने सभी विधार्थियों व शिक्षकगणो को प्रॉब्लम सलूशन फिट एंड प्रोडक्ट मार्किट फिट विषय पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी और व्यखायान के दौरान उन्होने वास्तविक क्रियाकलापो की सहायता से संबन्धित जटिल बिन्दुओ को सरलता पूर्वक समझाया संस्था





निदेशक डॉ? निदेशक प्रो?(डा?) अमित कुमार बंसल ने बताया कि इस प्रकार कि सेमिनार से सभी छात्रध्छात्राओ को जीवन में सामान्य व्यवहार से संबंधित जानकारी विस्तार से मिलती है जिससे जीवन के असल मूल्य की समझ व्यक्ति जीवन यापन करता है इस सेमिनार मे कॉलेज के लगभग 90 विधार्थियों ने भाग लिया सेमिनार को आयोजित करने मे प्ब् 7.0 सेल के प्रेसिडेंट प्रो?(डा?) अमित कुमार बंसल, वाइस प्रेसिडेंट प्रो अंकित राजन अग्रवाल कन्वेनर प्रो सौरभ बालियान , एक्टिविटी कोऑर्डिनेटर अमन शर्मा ,नायला नईम,विपिन कुमार ,पुलकित गोड़ का विशेष सहयोग रहा सेमिनार मे डीन एकेडमिक्स मनोज कुमार कुशवाहा, सभी विभागाध्यक्ष डॉ लोकेश कुमार अग्रवाल ,गौरव गुप्ता ,अजय कुमार, शुभम राजपूत ,विभोर राजवंशी व सुधीर लांबा ,उज्ज्वल कुमार सुनील भारद्वाज ,एनपीएस भण्डारी ,डॉ फैजल अंसारी ,डॉ नितीश कुमार,संगीता शर्मा ,विमल कुमार ,अजना खान ,ललित राठी विमल कायशप ,,राकेश पाल ,रचना सिंह ,ऐजाजुल हक ,गजेंद्र सिंह ,गौरव कुमार ,प्रदीप शर्मा ,निगम कुमार,मोनु कुमार ,निक्की सिंह, जोमवीर,आदि समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

# पुलिस ने दो शातिर एटीएम कार्ड चोर दबोचे

**अमर भारती संवाददाता**

**नजीबाबाद।** स्थानीय पुलिस ने मुखबिर की सूचना दबोच लिया। पुलिस ने उनके पास से विभिन्न बैंकों के दजज़्नों एटीएम कार्ड एवं 315 बोर का तमंचा बरामद किया है पुलिस ने दोनों साथी एटीएम चोरों के खिलाफसंबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर उन्हें बड़े हवेली भेज दिया। अभियान के दौरान स्थानीय पुलिस ने एक स्थान से बैकी उफज़ सुरेन्द्र उफज़ सुलेन्द्र पुत्र सुंदर निवासी ससिया कॉलोनी देवकली थाना फ्धान जनपद लखीमपुर खीरी हाल निवासी बैरियर नम्बर 06 बहादराबाद थाना बहादराबाद जनपद हरिद्वार व अजय कुमार पुत्र सतीश निवासी ससिया कॉलोनी देवकली थाना फ्धान जनपद लखीमपुर खीरी को दो अवैध तमंचे 315बोर मय 02जिन्दा कारतूस 315बोर, फ्जीज़ नम्बर प्लेट लगी मोटरसाईकिल ।

# रमा जैन कन्या महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का हुआ समापन



**अमर भारती संवाददाता नजीबाबाद।** रमा जैन कय महाविद्यालय नजीबाबाद में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह ग्राम खेरुल्लापुर के पंचायत भवन में किया गया। कायज़्क्रम अधिकारी डा.भावना अरोग के निदेज़्शन में विभिन्न संस्कृतिक कायज़्क्रमों का आयोजन किया गया। कायज़्क्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मलय कुमार मुख्य प्रबंधक एसबीआई विशिष्ट अतिथि डा. राखी आनंद अग्रवाल, ग्राम प्रधान श्रीमति रीना चैधरी, महाविद्यालय निदेज़्शक केसी महपाल प्राचायाज़ डा. मृदुला त्यागी के द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रजवलित कर किया गया। शिविर के छात्रा माला व प्रियांशी द्वारा सरस्वती वंदना पर नृत्य प्रस्तुत किया गया। शिविर की छात्रा मानसी व मेरी गीत के माध्यम से अतिथियों का स्वागत किया। हारपाणी नृत्य के माध्यम से प्रियंका, पूनम, सुषमा, सना आदि ने सभी का मन मोह लिया। कायज़्क्रम महाविद्यालय के निदेशक केसी महपाल ने छात्राओं को शब्दो के उद्देश्यों के विषय में जानकारी दी तथा सामाजिक सेवा के माध्यम से अपने चरित्र निमाज़्ण करने के लिए प्रेरित किया।

# सम्भल पहुंचे सुहैलदेव भारतीय समाज पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष का स्वागत

**अमर भारती संवाददाता**

**संभलः** सुहेलदेव भारतीय समाज पाटी के प्रदेश उपाध्यक्ष तंजीम रज़ा का संभल पहुँचने पर जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश महासचिव जावेद अंसारी समेत मण्डल व जिला अध्यक्ष पाटीज़ के नेतागण मौजूद रहे। तंजीम रजा के ग्राम शाहपुर सिरपुडा में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। उत्तर प्रदेश सरकार सभी वगाज़े को लेकर काम कर रही हैं। सरकार ने बजट मे सभी वगाज़े का ध्यान रखा कर पेश किया है। जिसका लाभ सभी वगाज़े को मिलेगा सरकार सबका साथ सबका विकास



की नीति को लेकर कायज़ कर रही हैं। जिससे उत्तर प्रदेश विकास की दौड़ मे नम्बर वन है। इस दौरान डॉ साईम रज़ा, इकलिम रज़ा, गुलशन अब्बास, गुलफ़्म हैदर, कमाल अख्तर, अनीस रज़ा, गज़फ्र जैदी, अफ्सर अली, मौलाना जीमल, असगर अली आदि लोगों ने फूल मालाओ से स्वागत किया।

# अंजुम परवीन अल्वी एयर इंडिया में सेफ्टी सिक्योरिटी क्वालिटी ऑफिसर बनीं



**अमर भारती संवाददाता। नगीना।** अंजुम परवीन अल्वी के एयर इंडिया मे सेफ्टी सिक्योरिटी क्वालिटी ऑफिसर बनने की खुशी मे परिजनों व रिश्तेदारों में खुशी की लहर दौड़ गई। एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया । मिली जनकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला काजी सराय दोयम निवासी मरहूम मोहम्मद अहमद ऊफज़ भूरे शाह की पुत्री अंजुम परवीन अल्वी दिल्ली में एयर इंडिया मे सेफ्टी सिक्योरिटी क्वालिटी ऑफिसर बनने पर परिजनों व रिश्तेदारों व मोहल्ले वासियों में खुशी की लहर दौड़ गई ।परिजनों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। जबकि अंजुम परवीन अल्वी आई ए एस की भी तैयारी कर रही है ।अंजुम परवीन के भाई उस्मान अल्वी, सुलेमान अल्वी,व सलमान अल्वी ने बताया कि अंजुम परवीन आई ए एस के एग्जाम की भी तैयारी कर रही है । वह आई ए एस बन कर देश की सेवा करना चाहती है।

### सभासद शमशीर पोंटिंग के आवास पर निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित



**अमर भारती संवाददाता नहटौर।** मौहल्ला मौलवियान वार्ड नंबर 23 में पालिका सभासद शमशीर पोंटिंग के आवास पर निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 100 मरीजों के पहुंचकर अपनी नेत्र संबंधी बीमारियों की जांच कराई। गुरुवार को पालिका सभासद शमशीर पोंटिंग के सौजन्य से उनके आवास मौहल्ला मौलवियान में निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ पालिका सभासद शमशीर पोंटिंग समस्या की वजह से कही दूर जाकर अपना इलाज नहीं करा पाते है। उन्होंने कहा कि वह आगे भी इस तरह के शिविर आयोजित कर मोहल्लेवासियों की सेवा करते शिविर में विनायक मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर बिजनौर की टीम डॉ सतेंद्र चैधरी, डॉ आलोक कुमार चैधरी ने पहुंचकर नेत्र से ग्रस्त रोगियों की जांच की। जिसमें मोतियाबिंद, आंखों का लाल होना, आंखों में दर्द होना, ने फीता काटकर किया। इसके उपरांत उन्होंने कहा कि इस तरह के शिविर आयोजित करने से उन गरीब मजलूमों को लाभ मिलता है जो पैसों या अन्य किसी आंखों का दुखना, आंखों में धुंधला पन होना आदि जांच करके उनकी रोकथाम के उपाय बताए तथा दवाइयां वितरित की । शिविर में 100 लोगों ने पहुंचकर अपनी जांच कराई। इस अवसर डॉ खलील, मतलूब कुरैशी, हाफिज तनवीर, रईस अहमद, मनव्वर अहमद, शादाब आदि मौहल्ले वासी मौजूद रहे।

# अधिवक्ताओं ने काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन 6 सूत्रीय ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा



**अमर भारती संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** बार कार्उंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के आहवान पर अधिवक्ताओं ने काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन करते हुए एडवोकेट अमेंडमेंट बिल के विरोध में उपजिलाधिकारी को 6 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा।शुक्रवार को सिविल बार एसोसिएशन व ठाकुरद्वारा बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने बार कार्उंसिल ऑफ उत्तरप्रदेश के आह्वान पर काली पट्टी बांधकर एडवोकेट अमेंडमेंट बिल 2025 का पुरजोर विरोध करते हुए उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह को 6 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा ज्ञापन में अधिवक्ता और उनके परिवार के लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने,की मांग की गई है इसके अलावा परिषदों में निर्वाचित सदस्यों के अतिरिक्त किसी अन्य को समाहित न करने ,लोकतंत्र स्वरूप को यथावत रखने की मांग की गई है। परिषदों के सदस्यों या अस्तित्व पर सुझाये गए संशोधन को तत्काल समाप्त करने की बात कही गई है,पूरे प्रदेश के अधिवक्ताओं और बार कार्उंसिल ऑफ उत्तरप्रदेश के साथ साथ ठाकुरद्वारा बार व सिविल बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं का दस लाख रुपये का मेडिक्लेम व किसी अधिवक्ता की मौत पर दस लाख रुपये की बीमा धन राशि प्रदान की जाए।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न



**अमर भारती संवाददाता**

**मुरादाबाद।** जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व कार्यों, न्यायिक कार्य, कर-करेत्तर, विभागीय कार्यवाही, न्यायिक पत्रावलियों का दाखिल की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा सभी उपजिलाधिकारियों एवं तहसीलदारों को पुराने वादों को जल्द से जल्द निस्तारण करने के निर्देश दिए गये। धारा 24, धारा 80, धारा 116, धारा 34 के लम्बित वादों के निस्तारण संबंधी तहसीलवार चर्चा करके जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को वादों पर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने पैमाइश पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। सभी उपजिलाधिकारी अपने दिए गए आदेशों का सही से अनुपालन हो रहा है कि नहीं इसको अच्छे से सुनिश्चित करवाए। आईजीआरएस के संबंध में जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायतों का समयान्तर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाये और शिकायतकर्ता से वार्ता कर फीडबैक भी लिया जाए और फीडबैक के संबंध में स्थलीय निरीक्षण भी करें। बैठक में रियल टाइम खतौनी, अविवादित विरासत, ई-परवाना पर लम्बित आवेदनों, मुख्यमंत्री कृषक दुघर्टना योजना के अन्तर्गत पुराने प्रकरणों के निस्तारण संबंधी इत्यादि विषयों पर विस्तार से चर्चा की गयी, जिस पर जिलाधिकारी ने लम्बित आवेदनध्प्रकरणों पर संबंधित अधिकारियों को यथोचित कार्यवाही कर निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने उपजिलाधिकारियों से कहा कि तालाबों के आवंटन की फीडिंग सही से सुनिश्चित करवाए और फार्मर रजिस्ट्री की प्रगति भी सही से सुनिश्चित करवाए। मुख्यमंत्री कृषि दुर्घटना बीमा योजना के अंतर्गत लम्बित आवेदनों के संबंध में जिलाधिकारी ने कहा कि पेंडेसियो के निस्तारण में एकरूपता की नीति को अपनाकर कार्य करें।इसके साथ ही उन्होंने कहा कि आय, जाति, निवास के लम्बित आवेदनों को भी जल्द से जल्द निपटाया जाये। बैठक में स्टाम्प, आबकारी, जीएसटी, परिवहन, खनन, विद्युत, मण्डी, सहित अन्य विभागों की राजस्व वसूली संबंधी समीक्षा की गयी। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली की प्रगति बढ़ाने हेतु यथोचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में आबकारी विभाग के संबंधी अधिकारी ने बताया कि ई लॉटरी पोर्टल पर आबकारी विभाग की फुटकर मदिरा दुकानों के आवेदन हेतु सही सरकारी बैठक में डिप्टी कमिश्नर जीएसटी श्री आर0एन0 त्रिपाठी ने जीएसटी एमनेस्टी स्कीम के बारे में बताया कि जीएसटी विभाग में एमनेस्टी स्कीम वर्ष 2017-18, 2018-19 एवं 2019-20 में धारा 73 के अन्तर्गत पारित आदेशों के अन्तर्गत लाया गया है।

# एसपी देहात ने किया अभिलेखों की जांच का निरीक्षण

**अमर भारती संवाददाता**

**भोजपुर।** गुरुवार की रात क पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कुंवर आकाश सिंह और एसपीध्पुलिस उपाधीक्षक ठाकुरद्वारा अमरिंदर सिंह ने थाना भोजपुर परिसर मेंनिर्माणाधीन विवेचना कक्ष का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक और थाने में तैनात उप निरीक्षकों के साथ बैठक की। उन्हें आगामी त्योहारों महाशिवरात्रि और रमजान पर सतर्कता बरतने की हिदायतें दीं। उन्होंने विवेचकों को लंबित मुकदमों का समय से निस्तारित करने, थाना समाधान दिवस और तहसील दिवस की शिकायतों का गुण दोष के आधार पर गंभीरता से निस्तारण करने, फरियादियों के साथ अच्छा व्यवहार करने के निर्देश दिए।

# मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में मण्डलीय उद्योग बन्धु समिति की बैठक आयोजित



**अमर भारती संवाददाता**

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद मण्डल एवं बरेली मण्डल का संयुक्त केडिट कैम्प का आयोजन वृहद स्तर पर पंचायत भवन, सभागार मुरादाबाद में किया जाना प्रस्तावित है, जिसमें मण्डल से अधिक से अधिक स्वीकृति वितरण की कार्यवाही बैंकों द्वारा की जानी है। बैठक में मण्डलायुक्त द्वारा बैंकों में उपस्थित अधिकारियों को योजनान्तर्गत शतप्रतिशत पूर्ति कराये जाने हेतु निर्देश दिये गये। कमिश्नर ने मण्डल के सभी उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिये गये कि इस योजना में सही प्रकार से लाभार्थियों से समन्वय स्थापित करते हुए सही आवेदन बैंकों को अग्रसारित किये जाये तथा इस सम्बन्ध में तहसील एवं ब्लाक स्तर से उक्त योजना की जानकारी उपलब्ध कराकर प्रगति बढ़ाई जाये। बैंकों से उपस्थित आर0एम0 एवं जिला समन्वयकोंध् प्रतिनिधियों को निर्देश दिये कि मण्डल के अन्तर्गत 5500 आवेदन सम्बन्धित बैंकों पर लम्बित है, परन्तु वितरण की स्थिति अत्याधिक धीमी है, जिस पर वितरण की प्रगति में एक सप्ताह का समय प्रदान करते हुए स्वीकृति के सापेक्ष वितरण की प्रगति शतप्रतिशत पूर्ण कराए तथा दिनांक 27.02.2025 में क्रेडिट कैम्प के आयोजन से पूर्व अधिक से अधिक स्वीकृतिध्वितरण की कार्यवाही करते हुए प्रगति से अवगत कराये जाने के निर्देश दिये गये। मण्डल के जिला अग्रणी प्रबन्धकों को इसमें अपना विशेष ध्यान आकृष्ट करते हुए लक्ष्य पूर्ण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। डियर पार्क के संचालन हेतु वन विभाग से उपस्थित डी0एफ0ओ0 मुरादाबाद द्वारा प्रस्तुत इकोटूरिज्म का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया जिस पर मण्डलायुक्त द्वारा इसमें नेचुरल चीजें जोड़कर एवं स्कूल के बच्चों के लिए लर्निंग एक्सपीरियंस संबंधित चीजों को सम्मिलित कर प्रस्तुत किये जाने के निर्देश दिये। गागन नदी के किनारे-किनारे कूड़ा-कचरा के सम्बन्ध में सिंचाई विभाग को कार्य करने एवं नदी का चिन्हांकन के सम्बन्ध में रिपोर्ट प्रस्तुत करने एवं इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी को रिपोर्ट उपलब्ध कराने एवं उसकी प्रतिलिपि उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये। सिंचाई विभाग और नगर निगम को निर्देश दिये गये कि नदियों में जहां-जहां से गंदा पानी आ रहा है, उसकी एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करें और नदियों को साफ रखने हेतु उचित कार्यवाही करें। क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड मुरादाबाद को निर्देश दिये गये वह अवैध भट्टियों पर क्या-क्या कार्यवाही की गयी है,उसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करें। ई-वेस्ट रिसाइक्लिंग व कलेक्शन की वार्ड बार डिस्पोजल कराये जाने हेतु अपर नगर आयुक्त को निर्देश दिये गये कि इसे एक अभियान के तौर पर कार्यवाही की जाये । उन्होंने कहा कि नगर निगम लोगों को घरों में मौजूद ई वेस्ट के संबंध में जागरूक करें और ई-वेस्ट डिस्पोजल संबंधित कार्य एक अभियान के रूप में लॉन्च करें।मण्डलायुक्त ने निर्देश दिये गये कि जिन प्रकरणों का निस्तारण जनपद स्तर पर नहीं हो रहा है उसे मण्डल स्तर पर अग्रसारित किया जाये। इसके साथ ही बैठक में जनपद मुरादाबाद के प्लेज पार्क के सम्बन्ध में भी विशेष चर्चा की गई जिस पर मंडलायुक्त ने संबंधित अधिकारी को उचित कार्रवाई करने के निर्देश दीये।

# पूजा देवी के प्रधान चुने जाने पर समर्थकों ने मनाया जश्न

**अमर भारती संवाददाता**

**कांठ।** प्रधान पद के उपचुनाव में ग्राम पंचायत सिरसा ठाठ से पूजा देवी के प्रधान चुने जाने पर उनके समर्थकों ने मिष्ठान वितरण कर खुशी का इजहार किया। ग्राम पंचायत सिरसा ठाठ से उपचुनाव पूजा देवी ने अपनी निकटतम प्रतिद्वंदी शीला देवी को 11 मतों से पराजित कर प्रधान पद पर कब्जा जमाया। उन्होंने इसे समस्त ग्रामीणों की जीत बताते हुए कहा कि वह सदैव ग्रामीणों की सेवा में तत्पर रहकर गांव का विकास कराएंगी। उनके समर्थकों ने मिष्ठान वितरण कर खुशी का इजहार किया। मतगणना स्थल पर रूप सिंह नागर, राजपाल सिंह नागर, सोमपाल सिंह नागर, विजेंद्र सिंह नागर, हरेंद्र सिंह, एकम सिंह नागर, जगदीश सिंह कश्यप, हरिश्चंद्र सिंह कश्यप, आदि समर्थकों ने उनकी जीत का मिष्ठान वितरण कर इजहार किया।

# ग्राम पंचायत सिरसा ठाठ से पूजा एवं खतापुर से सुरेखा देवी बनी ग्राम प्रधान



**अमर भारती संवाददाता**

**छजलैट।** ग्राम प्रधानी के उपचुनाव में ग्राम पंचायत सिरसा ठाठ से पूजा देवी एवं ग्राम पंचायत खतापुर से सुरेखा देवी निर्वाचित घोषित की गई। सहायक निर्वाचन अधिकारी ने दोनों ग्राम पंचायत की प्रधानों को प्रमाण पत्र देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

ग्राम पंचायत सिरसा ठाठ से ग्राम प्रधानी के उपचुनाव में पूजा ने 251 मत प्राप्त कर अपनी प्रतिद्वंद्वी शीला देवी को 11 मतों से पराजित किया। जो केवल 240 मत ही प्राप्त कर सकी। यहां से सोनी ने 44 मत प्राप्त किए। जबकि सोनी कुमारी 208 मत प्राप्त कर तीसरे स्थान पर रहीं। ग्राम पंचायत खतापुर से सुरेखा देवी ने 310 मत प्राप्त कर अपने प्रतिद्वंदी मोंटी पवार को 91 मतों से हराकर ग्राम प्रधान के पद पर विजय हाँसिल की। पराजित प्रत्याशी को केवल 219 मत ही मिल सके। सुनरी देवी 150 मत प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रहीं।

जबकि रजिया सुल्तान 56 मत एवं शकुंतला देवी केवल 36 वोट ही हाँसिल कर सकी। इससे पूर्व आधा दर्जन वार्डो से पूर्व में ही ग्राम पंचायत सदस्य निर्वाचित किया जा चुके हैं। जिनकी विधिवतघोषणा शुक्रवार को की गई। सहायक निर्वाचन अधिकारी ने निर्वाचित प्रधानों एवं सदस्यों को प्रमाण पत्र वितरण किए। एसडीएम संत दास पवार(आरओ) एवं एडीओ समाज कल्याण(ऐआरओ) की देखरेख में ब्लॉक भीकनपुर क्षेत्र में मतगणना हुई। मतगणना में प्रधान एवं उनके समर्थकों को निश्चित दूरी से भीतर प्रवेश नहीं करने दिया गया। मतगणना में थाना छजलैट अध्यक्ष विजेंद्र सिंह राठी भारी पुलिस बल के साथ तैनात रहे।

# त्रिवेणी इन्जीनियरिंग एण्ड इण्डस्ट्रीज लि0, शुगर यूनिट के कर्मचारियों ने ली स्वच्छता की शपथ





**अमर भारती संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** शुक्रवार को त्रिवेणी इन्जीनियरिंग एण्ड इण्डस्ट्रीज लि0, शुगर यूनिट-रानीनांगल में स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के तहत उपाध्यक्ष वी0वेंकटारथनम् की अध्यक्षता में चलाया गया। इस अभियान में उनके साथ-साथ महप्रबन्धक-वित्त एवं लेखा, मृदुल कुमार माहेश्वरी, उपमहाप्रबन्धक मानव संसाधन एवं प्रशासन, अखिलेश्वर उपाध्याय एवं चीनी मिल के अन्य अधिकारियों कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष वी0 वेंकटरथनम् ने बताया कि स्वच्छता अभियान के माध्यम से सार्वजनिक स्वास्थय और पर्यावरणीय स्थिरता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को बढ़ावा देना है तथा इसके साथ-साथ स्वच्छता से होने वाले लाभ के बारे में बताया। उपमहाप्रबन्धक, मानव संसाधन एवं प्रशासन, अखिलेश्वर उपाध्याय ने कार्यस्थल पर कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलवाई तथा कर्मचारियों को स्वच्छता के साथ-साथ पर्यावरण को संरक्षित रखने के उद्देश्य से दैनिक जीवन में निजी गतिविधियों में प्रयोग में लिये जाने वाले सभी प्रकार के एकल प्लास्टिक का उपयोग न करने की अपील की । प्रतिष्ठान में स्वच्छता जागरूकता से सम्बन्धित बैनर, पोस्टर्स का प्रदर्शन किया गया इस दौरान फैक्ट्री के कर्मचारियों का समूह फैक्ट्री परिसर के साथ आस-पास के क्षेत्रों में जाकर सफाई अभियान, स्वच्छता जागरूकता से सम्बन्धित बैनर, पोस्टर लगाकर प्रदर्शन किया।

# अजमते कुरान कॉन्फ्रेंस व जशने दस्तार बंदी का आयोजन



**अमर भारती संवाददाता**

**पाकबड़ा।** मदरसा अब्दुल गफूर नईमी शनिवार के बाजार में अजमते कुरान कॉन्फ्रेंस व जशने दस्तार बंदी का आयोजन किया गया

आगाज कुरान की तिलावत से किया गया मदरसे के छात्र ने कुरान की तिलावत की और कारी असरार ने नात पड़ी मौलाना अलीमुल कादरी ने कुराने मुकद्दस की फजीलत बयान की बुलंदशहर से आए मौलाना शकील अहमद ने वजू को कुरान व हदीस की रोशनी के साथ साइंस की रोशनी में पेश किया मौलाना मुफ्ती सलीम साहब ने हाफिज कुरान का कितना बड़ा मर्तबा है इस पर प्रकाश डाला 11 छात्रों की दस्तार बंदी की गई ।

काजी शम्मे आलम ने अपने हाथों से छात्रों के सर पर दस्तार बाँधी मदरसा कमेटी के लोगों ने मदरसे के अध्यापकों और छात्रों को शील्ड देकर सम्मानित किया आखिर में काजी शम्मे आलम ने मुल्क में अमन शांति की दुआ कराई और तमाम लोगों का शुक्रिया अदा किया। इस मोके पर हाजी ताहिर हुसैन, हाजी अल्लाह बख्श,शाहनवाज जफर, आलम मुंशी, मोहम्मद उमर, मोहम्मद असलम, इरशाद हुसैन, रियाज अहमद,अशरफ अली, मोहम्मद हुसैन, हाजी नासिर हाजी, गुड्डू हाफिज, मेहमूद कारी, महफूज हाफिज, दानिश हाफिज, जुबेर हाफिज, तसव्वर, हाजी इमरान कारी, मुजम्मिल ,शानू हाजी,यूसुफ, मोहम्मद उमर, मोहम्मद दीन ,और सभी कार्यकर्ताओर बहुत सारे लोग कार्यक्रम में मौजूद रहे।

# अधिवक्ता संशोधन बिल के खिलाफ सड़कों पर उतरे वकील



**अमर भारती संवाददाता**

**कांठ।** तहसील बार एसोसिएशन कांठ के अधिवक्ताओं ने कार्य बहिष्कार कर अधिवक्ता संशोधन बिल 2025 के खिलाफ सड़क पर उतरकर जमकर नारेबाजी एवं विरोध प्रदर्शन कि शुक्रवार को तहसील बार एसोसिएशन कांठ के अधिवक्ताओं ने बिल को लेकर नाराजगी जताने के साथ ही मुख्य हाइवे कांठ-मुरादाबाद सड़क पर उतरकर जमकर नारेबाजी एवं विरोध प्रदर्शन किया। अधिवक्ताओं ने संशोधन अधिनियम बिल को लेकर कड़ी नाराजगी जताई है। अधिवक्ताओं ने कहा कि पूरे देश में अधिवक्ता समाज के साथ अधिवक्ता संशोधन बिल 2025 एक धोखा है। यह बिल अधिवक्ताओं के अधिकार का हनन करने वाला बिल है। केंद्र सरकार जबरन अधिवक्ताओं पर यह बिल लाकर शोषण का शिकार बनाने का कार्य कर रही है। तहसील बार एसोसिएशन इस कदापि बर्दाश्त नहीं करेगी। विरोध प्रदर्शन के माध्यम से केंद्र सरकार को अधिवक्ता समाज सचेत कर रही है, कि यदि वह इस बिल को अविलंब वापस नहीं ले रही तो उसके खिलाफ पूरे देश के अंदर अधिवक्ता समाज विरोध करेगा। अधिवक्ताओं ने कहा कि एडवोकेट अमेंडमेंट बिल में अधिवक्ताओं के हित का कुछ भी नहीं है। बिल के द्वारा केंद्र सरकार अपने सदस्य नामित कर बार काउंसलिंग ऑफ इंडिया की स्वायत्तता समाप्त करने के विचार में है।

# अटल आवासीय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा 23 फरवरी को

**अमर भारती संवाददाता**

**मुरादाबाद।** प्रधानाचार्य अटल आवासीय विद्यालय मुरादाबाद ने बताया कि भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित कर्मकार कल्याण बोर्ड के अन्तर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों एवं कोविड-19 से निराश्रित हुए बच्चों, के लिए अटल आवासीय विद्यालय पीपली बिलारी, मुरादाबाद में कक्षा-06 एवं कक्षा- 09 में नामांकन हेतु प्रवेश परीक्षा मण्डल के सभी जनपदों में निम्नवर्णित परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश 23.02.2025 दिन रविवार (समय 10:00 पूर्वान्ह) में अयोजित होनी है।प्रधानाचार्य ने बताया कि लिटिल स्कॉलर एकेडमी जोया रोड, अमरोहा, बिजनौर राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, जिला जेल के पास, बिजनौर। मुरादाबाद चित्रगुप्त इंटर कॉलेज, सिविल लाईन, मुरादाबाद।

# कैबिनेट मंत्री ने विधानसभा में उठाए क्षेत्र की जन समस्याओं के मुद्दे



**अमर भारती संवाददाता**

**कांठ।** विधानसभा में पूर्व कैबिनेट मंत्री कमाल अख्तर ने बजट को फ्लाप बताते हुए क्षेत्र की समस्याओं को प्रमुखता से उठाकर भाजपा की कार्यप्रणाली पर जमकर प्रहार किये। विधानसभा में चर्चा के दौरान विधायक काँठ पूर्व कैबिनेट मंत्री माननीय कमाल अख़्तर ने कहा कि स्वास्थ जैसे गंभीर मुद्दे पर भाजपा की सरकार इस बात को समझने में नाकाम रही है , सरकार ने पिछले साल के मुकाबले स्वास्थ विभाग का बजट तो बढ़ाने का काम किया लेकिन यह बात अलग है के पिछला वाला पूरा बजट भी सरकार ने उत्तर प्रदेश में स्वास्थ संबंधी सुविधाओं पर खर्च नहीं किया , इस बात से क्या फायदा है के बजट बढ़ाते रहो और उसका इस्तेमाल नहीं कर पाओ , यह सरकार की नाकामी को दर्शाता है । उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पताल में नहीं मिल रही है मरीजों को दवाई , गुर्दे की बीमारी कि वजह से मरीज इधर से उधर काट रहे हैं चक्कर, बुजुर्गो को सही से इलाज नहीं मिल रहा है। मौत के बाद वेंटिलेटर पर अस्पतालों में लूट खसोट की जा रही है। विधायक काँठ कमाल अख़्तर ने सरकार को आयुष्मान कार्ड को लेकर कठघरे में खड़ा कर दिया , उन्होंने कहा यह आयुष्मान कार्ड मरीजों के साथ एक धोखा है जो सरकार दे रही है , बहुत से अस्पताल तो आयुष्मान कार्ड से इलाज करने को मना कर देते हैं , और बहुत से अस्पताल यह कहते हैं के यह वाला इलाज हम नहीं करेंगे , और इस कार्ड के अंदर बहुत सी बीमारी या तो कवर नहीं हैं या फिर बहुत कम अमाउंट के साथ कवर हैं , उन्होंने सीधा कहा यह कार्ड नहीं एक धोखा है जिससे बस मरीज अपने आप को ठगा हुआ महसूस करते हैं , विधायक ने कहा के मैं मुरादाबाद से आता हूँ और मुरादाबाद उत्तर प्रदेश का सबसे ज्यादा फॉरेन करेंसी रेवेन्यू जेनरेट करने वाला जिला है और हमारे यहाँ लाखों की तादाद में तरह तरह की बीमारियों के मरीज हैं। सरकार कहती है एक जिला एक मेडिकल कॉलेज लेकिन मुरादाबाद के अंदर कोई भी सरकारी मेडिकल कॉलेज नहीं है , मुरादाबाद के लोगों को अपना अपना इलाज कराने के लिए बाहर जाना पड़ता है , और सरकार का यह भी कहना है कि जहाँ जहां सरकारी मेडिकल कॉलेज नहीं हैं वहाँ वहाँ हमने प्राइवेट अस्पताल के साथ टाईअप किया है और मुरादाबाद में भी ऐसा ही है , लेकिन मैं सरकार से कहना चाहता हूँ के आपने टाईअप जरूर किया होगा लेकिन सरकारी अस्पताल में फ्री में इलाज होता है जबकि मुरादाबाद में ऐसा नहीं है , मुरादाबाद के अंदर एक मेडिकल कॉलेज की बहुत सख़्त जरूरत है ।इसलिये सबसे पहले मुरादाबाद में मेडिकल कॉलेज बनाया जाये , हमारे यहाँ एक बीमारी पोलिसाइथेमिया नाम की बीमारी है जिसमें मरीज को हर बीस दिन में ब्लड की जरूरत पड़ती है और आपके मंत्रालय द्वारा यह आदेश भी पारित है, के इस रोग से ग्रसित मरीज को ब्लड भी उपलब्ध कराया जाये ।

# सेवानिवृत्त एसडीएम की मौत पर राशन डीलर संघ ने दी श्रद्धांजलि

**अमर भारती संवाददाता**

**छजलैट।** पूर्व सेवानिवृत्त एसडीएम शैलेंद्र कुमार के हार्ट अटैक से हुई मौत पर राशन डीलर संघ ने शोकसभा में उनकी मौत को अपूर्णीय क्षति बताया। पूर्व सेवानिवृत्त एसडीएम शैलेंद्र कुमार वर्ष 2017-18 कांठ में एसडीएम के पद पर तैनात रहे। वह क्षेत्र में लगभग अपने डेढ़ वर्ष के कार्यकाल में सेवा भाव से कमजोर,असहाय लोगों की सहायता के साथ-साथ ईमानदारी और अपनी मृदुल भाषा के कारण काफी लोकप्रिय रहे। वह ठाकुरद्वारा, कुंदरकी, अमरोहा,नगीना,बिजनौर में भी कार्यरत रहे। सेवानिवृत्त के उपरांत गुरुवार को उनके पैतृक निवास बुलंदशहर में उनका हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया।

# गंगाजल लाने के लिए हरिद्वार रवाना हुए अनेक कांवड़ बेड़े



**अमर भारती संवाददाता**

**कांठ।** कांवड़ लाने की शुरुआत नगर से शुक्रवार के दिन हो गई है। आज लगभग आधा दर्जन से अधिक कांवड़ बेड़ो के सदस्य अपने परिजनों से शुभ तिलक करा कर मंदिरों में मत्था टेकते हुए हरिद्वार के लिए प्रस्थान कर गए। 23 फरवरी को सुबह यह श्रद्धालु अपनी कांवड़ों में पवित्र गंगाजल भरकर हरिद्वार से नगर के लिए प्रस्थान करेंगे। शुक्रवार को सुबह से नगर के लगभग एक दर्जन कांवड़ बेड़े हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लाने के लिए तैयारियों में जुटे रहे। दोपहर होते-होते कावड़िए सज धज कर तैयार हो गए।

उनके अपने परिजनों ने शुभ तिलक कर यात्रा सफल होने का आशीर्वाद प्रदान किया। नगर से प्रस्थान करते समय हर हर बम बम जय भोले की और जयकारा वीर बजरंगी का जयकारा लगाते हुए पूरे नगर को कांवड़ियों ने गुंजायमान कर दिया। सभी ने मंदिरों में मत्था टेक कर हरिद्वार के लिए प्रस्थान किया।

यह सभी श्रद्धालु 23 फरवरी को पवित्र गंगाजल भरकर हरिद्वार हर की पौड़ी से नगर के लिए प्रस्थान करेंगे। श्री विश्नोई कांवड़ बेड़ा,श्री तिलकधारी कांवड़ बेड़ा, शिव शक्ति कावड़ बेड़ा, त्रिशूलधारी कांवड़ बेड़ा, बम बटक कांवड़ बेड़ा, त्रिनेत्र कांवड़ बेड़ा, शिव डमरु कांवड़ बेड़ा,आदि हरिद्वार के लिए प्रस्थान कर गए। प्रस्थान करने वाले कांवड़ियो में सभी बेड़ो के मंहत एवं सदस्य मौजूद रहे।

# उन्नाव में हुए सड़क हादसे में छजलैट के सिपाही की मौत

**अमर भारती संवाददाता**

**छजलैट।** उन्नाव लालकुआं-धानीखेड़ा मार्ग पर परौरी गांव के पास बाइकों की आमने-सामने टक्कर में छज्जूपुरा देयम निवासी सिपाही की मौत हो गई। वह हेलमेट नहीं लगाए था। मुरादाबाद जिले के छजलैट थाना क्षेत्र के छज्जूपुरा देयम गांव निवासी विकास कुमार (28) 2019 में पुलिस विभाग में सिपाही पद पर भर्ती हुआ था। मौजूदा समय में वह बारासगवर थाना की ऊंचगांव पुलिस चौकी में तैनात था। बुधवार रात करीब 11.45 बजे वह थाना में डाक रिसीव करा चौकी जा रहा था। क्षेत्र के परौरी गांव के सामने विपरीत दिशा से-आ रही दूसरी बाइक से टक्कर ही गई। हेलमेट न लगाए होने से सिपाही के सिर में गंभीर चोट आ गई। पुलिस जिला अस्पताल लेकर पहुंची, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। विकास पुत्र अमर सिंह निवासी ग्राम छज्जूपुर दोयम में बॉडी को लाकर दाह संस्कार साथ किया गया है । एसओ धर्मेंद्रनाथ मिश्र ने बताया कि सिपाही के परिजनों को घटना की जानकारी दी गई है। जांच की जा रही है। उन्होंने बताया दूसरी बाइक भी घटनास्थल पर मिली है उसमें सवार लोग नहीं मिले। जिस्म की परिजनों ने वहां पहुंचकर रो-रो कर बुरा हाल हो गया जिसमें आज दिनांक 21 तारीख शुक्रवार को पूर्व विधि विधान के द्वारा से विकास का दाह संस्कार किया गया है।

# नगर निगम की कार्यवाही के खिलाफ व्यापरियों ने दुकानें बंद कर निकाला जुलूस



**अमर भारती संवाददाता**

**मुरादाबाद ।** शुक्रवार को जनपद मुरादाबाद में नगर निगम की टीम द्वारा अवैध अतिक्रमण हटाओ की ताबड़तोड़ कार्यवाहियों के खिलाफ दुकानदारों व व्यापारियों का गुस्सा फूट उठा है।

सैकड़ों व्यापारियों व दुकानदारों ने शुक्रवार को अपनीं अपनीं दुकानें बंद रखीं।और इखट्टा होकर टाउन हॉल से लेकर कफूरकंपनीं व ताड़ी खाना तक नगर निगम टीम के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। और मीडिया के सामने अपनीं परेशानीं रखते हुए बताया कि,नगर निगम की टीम अवैध अतिक्रमण हटाओ कार्यवाही की आड़ में व्यपारियों व दुकान दारों का उत्पीड़न कर रही है।

और हर मामले में अपनीं मनमानीं करती नजर आ रही है। और आगे ऐसा ही चलता रहा तो हम बड़े पैमाने पर अपनीं मार्केटें बंद कर के विरोध प्रदर्शन करेंगें।हम उत्तर प्रदेश सरकार को बताना चाहतें हैं कि,मार्केट में हर एक दुकान किसी एक व्यक्ति की नहीं होती।बल्कि उसके पीछे पूरा पूरा परिवार होता है।और यह लोग ब्लडोजर द्वारा एक ही झटके में सब कुछ बर्बाद कर देते हैं।अब हम सब एक हो चुकें हैं कोई भी किसी का भी अत्त्याचार बर्दाश्त नहीं करेंगें।

# ठेला खड़ा करने पर हुई मारपीट

**अमर भारती संवाददाता**

**कांठ।** थाना कांठ क्षेत्र में ठेला आगे खड़ा करने को कहने पर एक व्यक्ति का मारपीट कर सिर फोड़ दिया। थाना पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

थाना कांठ मौढ़ी हजरतपुर निवासी गंगाराम पुत्र कल्लू 19 फरवरी को गन्ने के जूस का ठेला मौढ़ी हजरतपुर के चौराहे पर लगा रहा था। तभी उसके पास सोनू, मा.जितेंद्र पुत्रगण रामकुमार पकौड़ी का ठेला लगाने लगे। जैसे ही गंगाराम ने उनसे कहा कि वह अपना ठेला थोड़ा सा आगे को लगा ले। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहा सुनी हो गई। इसके बाद गाली गलौच शुरू हो गई,।

# छात्र/छात्रायें रहे निश्चिंत माह-मार्च, 2025 के अन्त तक मिलेगी छात्रवृत्ति

**अमर भारती संवाददाता**

**मुरादाबाद।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ,मुरादाबाद दिलीप कुमार ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2024-25 में अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, मुरादाबाद में अल्पसंख्यक वर्ग के छात्र/छात्राओं हेतु प्री-मैट्रिक (कक्षा 09-10), पोस्ट मैट्रिक (कक्षा 11-12) तथा अदरदैन इण्टरमीडिएट योजनाओं का संचालन किया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत अल्पसंख्यक वर्ग के प्री-मैट्रिक (कक्षा 09-10) छात्र/छात्राओं के आवेदन-पत्र जनपद स्तर से अग्रसारित किये जाने हेतु शासन द्वारा दिनांक 24 फरवरी, 2025 तिथि निर्धारित की है। इसी प्रकार पोस्ट मैट्रिक (कक्षा 11-12) तथा अदरदैन इण्टरमीडिएट योजनाओं में अध्ययनरत् छात्र/छात्राओं के आवेदन-पत्र निदेशालय, अल्पसंख्यक कल्याण, उ0प्र0, लखनऊ को अग्रसारित किये जाने के अन्तिम तिथि 05 मार्च, 2025 निर्धारित की गयी है। प्रायः देखने में आता है, कि छात्र/छात्राओं द्वारा आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर, जिलाधिकारी कार्यालय में तथा सम्बन्धित विभागों में शिकायती प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत करते हुए छात्रवृत्ति की धनराशि उपलब्ध कराये जाने हेतु अनुरोध किया जाता है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में छात्रवृत्ति की धनराशि उपलब्ध कराये जाने हेतु कार्यालय, अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, मुरादाबाद द्वारा छात्र/छात्राओं के आवेदन-पत्र नियमानुसार अग्रसारित किये जाने की कार्यवाही प्रचलित है।

अमर भारती में प्रकाशित समाचार, विचार, लेख अथवा विज्ञापन से यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो कृपया स्पष्टीकरण एवं सुझाव समूह सम्पादक की ईमेल- editor@amarbharti.com पर प्रेषित करें अथवा 9311222595 पर व्हाट्सएप करें।

# शुरुआत में ही लड़खड़ाया अफगानिस्तान

## दक्षिण अफ्रीका ने अफगानिस्तान के सामने रखा 316 रन का लक्ष्य



**कराची।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का तीसरा मुकाबला अफगानिस्तान और साउथ अफ्रीका के बीच नेशनल स्टेडियम कराची में खेला गया। दोनों ही टीमें ग्रुप बी का हिस्सा हैं। इस मैच में दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए दक्षिण अफ्रीका ने 50 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 315 रन बनाए। अफगानिस्तान के सामने 316 रनों का टारगेट है। अफ्रीकी टीम की तरफ से इस मुकाबले में रयान रिकेल्टन ने शतक लगाया, वो 106 गेंदो में 103 रन बनाकर आउट हुए। उनके अलावा कप्तान बावुमा (58) और रासी वान डुसेन (52) ने अच्छी पारियां खेली। आखिर में मारक्रम ने भी 36 गेंदों में 52* रनों की तेज-तर्रार अर्धशतकीय पारी खेली। गेंदबाजी में मोहम्मद नबी ने सबसे ज्यादा दो विकेट लिए। उनके अलावा, फजलहक फारूकी, अजमतुल्लाह ओमरजई और नूर अहमद को एक-एक विकेट मिला।

जवाब में खेलने उतरी अफगानिस्तान की टीम शुरुआत खराब रही। 50 के स्कोर पर अफगानिस्तान ने चौथा विकेट भी गंवा दिया। वियान मुल्डर ने कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी को टेम्बा बावुमा के हाथों कैच कराया। वह खाता खोले बिना पवेलियन लौटे। छठे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए अजमतुल्लाह उमरजई उतरे हैं। उनका साथ देने के लिए रहमत शाह क्रीज पर मौजूद हैं।

अफगानिस्तान को तीसरा झटका सेदिकुल्लाह अटल के रूप में लगा। मार्को यानसेन ने उन्हें रनआउट किया। वह 16 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इससे पहले कगिसो रबाडा ने इब्राहिम जादरान को बोल्ड किया। वह 17 रन बना सके। फिलहाल क्रीज पर रहमत शाह और हशमतुल्लाह शाहिदी क्रीज पर मौजूद हैं। लक्ष्य का पीछा करने उतरी अफगानिस्तान की टीम को पहला झटका 16 रन के स्कोर पर लगा। लुंगी एनगिडी ने रहमनुल्लाह गुरबाज को अपना शिकार बनाया। वह 10 रन बनाकर आउट हुए।

रेयान रिकेल्टन की शतकीय पारी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने 50 ओवर में छह विकेट खोकर 315 रन बनाए। इस मुकाबले में अफ्रीकी टीम के तीन बल्लेबाजों ने अर्धशतक जड़ा। इनमें टेम्बा बावुमा (58), रासी वैन डर डुसेन (52) और एडेन मार्करम (52*) शामिल हैं। वहीं, टोनी ने 11, डेविड मिलर ने 14 और वियान मुल्डर ने 12* रन बनाए। मार्को यानसेन बिना खाता खोले पवेलियन लौटे। अफगानिसतान के लिए मोहम्मद नबी ने दो विकेट लिए जबकि फजहलक फारुकी, अजमतुल्लाह उमरजई और नूर अहमद ने एक-एक सफलता हासिल की। दक्षिण अफ्रीका को चौथा झटका रासी वैन डर डुसेन के रूप में लगा। उन्हें नूर अहमद ने अपना शिकार बनाया। वह 46 गेंदों में 52 रन बनाकर आउट हुए। इससे पहले मोहम्मद नबी ने टोनी डी जॉर्जी को अपना शिकार बनाया। वह 11 रन बनाकर पवेलियन लौटे थे। दक्षिण अफ्रीका के सलामी बल्लेबाज रेयान रिकेल्टन शानदार फॉर्म में नजर आ रहे हैं। उन्होंने 101 गेंदों में अपने वनडे करियर का पहला शतक जड़ा है। दक्षिण अफ्रीका को दूसरा झटका मोहम्मद नबी ने दिया। उन्होंने टेम्बा बावुमा को अपना शिकार बनाया। वह 76 गेंदों में 58 रन बनाकर पवेलियन लौटे। टेम्बा बावुमा और रेयान रिकेल्टन शानदार फॉर्म में नजर आ रहे हैं। दक्षिण अफ्रीका को 28 के स्कोर पर पहला झटका लगा।

# विराट अपनी खराब फॉर्म से बाहर आने को कर रहे हैं काफी प्रयास: कुंबले



**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व कप्तान और मुख्य कोच अनिल कुंबले को लगता है कि विराट कोहली अपनी खराब फॉर्म से बाहर आने के लिए बहुत ज्यादा प्रयास कर रहे हैं। कोहली का खराब फॉर्म चैंपियंस ट्रॉफी में टीम इंडिया के पहले मुकाबले में जारी रहा जब उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ 38 गेंदों पर 22 रनों की पारी खेली।

विराट कोहली अपनी शुरुआत को बड़ी पारी में बदलने में नाकाम रहे और लेग स्पिनर रिशाद हुसैन का शिकार हो गए। हालांकि, सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल के नाबाद 101 और केएल राहुल के 41 रनों की बदौलत भारत ने छह विकेट से जीत दर्ज की।

कोहली की खराब फॉर्म भारतीय टीम के लिए चिंता का विषय रही है क्योंकि पूर्व कप्तान ने 2023 विश्व कप के बाद खेली गई छह वनडे पारियों में सिर्फ 137 रन बनाए हैं, जिसमें एक अर्धशतक शामिल है। पर्थ में शतक को छोड़कर, ऑस्ट्रेलिया में भारत के पांच मैचों के टेस्ट दौरे के दौरान भी उनका संघर्ष जारी रहा।

कुंबले ने कहा, खासकर सफेद गेंद वाले क्रिकेट में खराब दौर से गुजरने के बाद उन्होंने लंबे समय तक उस तरह का प्रदर्शन नहीं किया है। मुझे लगता है कि वह कुछ ज्यादा ही कोशिश कर रहे हैं।

कुंबले ने आगे कहा, आपके पास ऐसे खिलाड़ी हैं, जो पहले भी ऐसा कर चुके हैं और हर कोई आपकी तरफ देखता है और कहता है कि यह वह व्यक्ति है, जो खेल को अपने पक्ष में ले जाएगा और वह टीम में सबसे महत्वपूर्ण व्यक्ति है।

कुंबले ने कहा कि जब आप पर इस तरह का दबाव होता है और आपसे इस तरह की अपेक्षा की जाती है, तो आप अचानक से इन सभी चीजों को अनावश्यक महत्व देना शुरू कर देते हैं और फिर अच्छा प्रदर्शन करने की पूरी कोशिश करते हैं। जब आप ऐसा करते हैं, तो आप वास्तव में तनाव मुक्त नहीं होते हैं।

उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि वह कुछ ज्यादा ही कोशिश कर रहे हैं। आप देख सकते हैं कि वह अपनी पारी किस तरह से खेल रहे हैं। उसे बस इसके बारे में चिंता करने की जरूरत नहीं है। रोहित की तरह विराट को भी किसी और चीज के बारे में चिंता करने की जरूरत नहीं है। कुंबले ने कहा कि कोहली के पिछले सभी छह आउट स्पिन के कारण हुए हैं, जिनमें से पांच लेग स्पिनरों के कारण हुए हैं। उनका मानना है कि यह कोहली द्वारा स्ट्राइक रोटेट करने पर ध्यान देने के बजाय रन बनाने के लिए बहुत ज्यादा प्रयास करने का नतीजा है।

# मिस्ट्री गर्ल के साथ दिखे शिखर धवन



**नई दिल्ली।** भारत और बांग्लादेश के बीच चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के दौरान 20 फरवरी को दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में मैच खेला गया. इस मैच में भारतीय टीम 6 विकेट से विजयी रही थी। मैच के लिए विशेष रूप से शिखर धवन को आमंत्रित किया था। मैच से पहले ट्रॉफी के अनावरण के दौरान वे दिखे।

इसके अलावा वे कमेंट्री करते भी दिखे। लेकिन फैंस का ध्यान सबसे ज्यादा शिखर ने तब खींचा जब उनके बगल में एक लड़की बैठी दिखी। शिखर फिलहाल सिंगल हैं। इसलिए उनके बगल में बैठी लड़की को देख फैंस के मन में ये सवाल उठा कि आखिर ये लड़की कौन है। देखते ही देखते ये सवाल आग की तरह फैल गया। अब हम आपको उस लड़की के बारे में बता रहे हैं।

शिखर धवन के साथ जो लड़की दिखी थी उसके बारे में सोशल मीडिया पर कम जानकारी उपलब्ध है। लेकिन वायरल फोटो और वीडियो के आधार पर युवती का नाम सोफी शाइन बताया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक सोफी आयरलैंड की रहने वाली हैं। वे उत्पाद सलाहकार के रूप में काम करती हैं। धवन उन्हें इंस्टाग्राम पर फॉलो भी करते हैं।

# दुबई के मैदान पर अजेय है भारतीय टीम

## पाकिस्तान के खिलाफ यहां दो वनडे मैच खेले हैं और दोनों में जीत हासिल की



**दुबई।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 टूर्नामेंट बहुत ही शानदार अंदाज में खेला जा रहा है। फैंस को रोज ही रोमांचक मुकाबले देखने को मिल रहे हैं। भारतीय टीम ने बांग्लादेश के खिलाफ 6 विकेट से जीत दर्ज की थी। अब टीम इंडिया का सामना चिर प्रतिद्वंदी पाकिस्तान से 23 फरवरी को दुबई के मैदान पर होगा। इस ग्राउंड पर टीम इंडिया का रिकॉर्ड शानदार है और उसने यहां पर बांग्लादेश, पाकिस्तान, हांग कांग और अफगानिस्तान के खिलाफ मैच खेले हैं।

दुबई के मैदान पर भारतीय टीम ने अभी तक कुल 7 वनडे मुकाबले खेले हैं, जिसमें से 6 में जीत हासिल की है और एक मैच टाई रहा है। इस ग्राउंड पर टीम इंडिया को वनडे क्रिकेट में हार नहीं मिली है और भारत ने सभी टीमों को पटखनी दी है।

पाकिस्तान के खिलाफ भारत ने दुबई के मैदान पर दो वनडे मैच खेले हैं और दोनों में जीत हासिल की है। दोनों टीमों के बीच ये मैच वनडे एशिया कप 2018 में खेले गए थे। तब एक मैच में भारत ने 8 विकेट से और एक मैच में 9 विकेट से जीत दर्ज की थी। अब 7 साल बाद दोनों टीमें एक बार फिर दुबई के मैदान पर वनडे मैच खेलेंगी।

### पाकिस्तानी टीम को शुरूआती मैच में ही मिली हार

भारत और पाकिस्तान दोनों टीमों के पास स्टार प्लेयर्स की फौज हैं, जो चंद गेंदों में ही मैच का रुख बदल सकते हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच जब भी मैच होता है, तो दोनों देश के फैंस बहुत ही ज्यादा उत्साहित होते हैं। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में पाकिस्तानी टीम की शुरुआत बहुत ही खराब रही। जब उसे पहले ही मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ 60 रनों से हार का सामना करना पड़ा। दूसरी तरफ भारतीय टीम ने पहले ही मैच में बांग्लादेश के खिलाफ 6 विकेट से जीत दर्ज की थी।

## संक्षिप्त समाचार

### रोबोटिक घुटना प्रत्यारोपण से पाएं तेजी से गतिशीलता

**पलवल।** घुटने के रिप्लेसमेंट सर्जरी में पूरी तरह स्वचालित मेको रोबोटिक तकनीक के आगमन ने उन लोगों के जीवन में क्रांति ला दी है जो घुटने के दर्द से परेशान थे और जिनकी गतिविधियां सीमित हो गई थीं। इस तकनीक से की गई सर्जरी के बाद, मरीजों ने तेजी से अपने दैनिक कार्यों में वापसी की है और जल्द ही काम पर लौट आए हैं, जिससे पारंपरिक सर्जरी की तुलना में अधिक संतोषजनक परिणाम प्राप्त हुए हैं। रोबोटिक तकनीक का उपयोग कर, प्रशिक्षित सर्जन स्वस्थ हड्डी और सॉफ्ट टिशू को सुरक्षित रखते हुए, रिकवरी के बाद घुटने को अधिक प्राकृतिक महसूस करने में मदद कर सकते हैं। कई मरीज सर्जरी के तुरंत बाद ही फिजिकल थेरेपिस्ट की सहायता से चलने-फिरने लगते हैं। घुटने की रिप्लेसमेंट सर्जरी में सही फिटिंग बेहद महत्वपूर्ण है, जिससे दर्द को समाप्त किया जा सके और मरीज अपनी पसंदीदा गतिविधियों में फिर से भाग ले सकें। रोबोटिक सर्जरी सटीकता की एक अतिरिक्त परत जोड़ती है, जिससे प्रत्येक मरीज की अनूठी शारीरिक संरचना के अनुसार कस्टमाइज्ड इम्प्लांट प्लेसमेंट संभव होता है। मैक्स स्मार्ट सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, साकेत, नई दिल्ली के वरिष्ठ निदेशक और जॉइंट रिप्लेसमेंट यूनिट (घुटना और कूल्हा) के प्रमुख, डॉ. रमणीक महाजन ने कहा है कि रोबोटिक सर्जरी के फायदे काफी महत्वपूर्ण हैं। इसमें उन्नत सर्जरी योजना की सुविधा मिलती है, जहाँ विशेष 3डी इमेज के माध्यम से सर्जन आर्टिफिशल जॉइंट के घटकों का सर्वोत्तम प्रकार और स्थान अधिक सटीकता से तय कर सकते हैं। मेको रोबोटिक तकनीक एक सीटी इमेज आधारित प्रणाली है जो सर्जन को हड्डी और इम्प्लांट की आकृति को मिलाने में मदद करती है, जिससे एक सही मैच प्राप्त होता है। साथ ही, जब सर्जन रोबोटिक आर्म का उपयोग करता है, तो मरीज की शारीरिक संरचना के अनुसार एक सुरक्षित क्षेत्र निर्धारित किया जाता है, जो घुटने के जोड़ के चारों ओर के सॉफ्ट टिशू को नुकसान पहुंचाने से रोकता है और सुरक्षा को बढ़ाता है।

### फेफड़ों के कैंसर के प्रति जागरूकता एवं जल्दी पहचान से बचाई जा सकती हैं ज़िंदगियाँ

**करनाल।** फेफड़ों का कैंसर दुनिया भर में सबसे आम और घातक कैंसर में से एक है, जो लाखों लोगों को प्रभावित करता है। भारत में इसके मामलों में तेजी से वृद्धि हो रही है, जिससे जागरूकता, समय पर पहचान और उचित इलाज पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गए हैं। यह समझना जरूरी है कि लक्षणों को जल्दी पहचानना और नियमित जांच करवाना जीवित रहने की संभावना को काफी बढ़ा सकता है। आज इम्यूनोथेरेपी और टार्गेटेड थेरेपी जैसी उन्नत उपचार पद्धतियों की उपलब्धता के कारण फेफड़ों के कैंसर का प्रबंधन पहले की तुलना में अधिक प्रभावी हो गया है। फेफड़ों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना और धूम्रपान व वायु प्रदूषण जैसे जोखिम कारकों से बचना इस घातक बीमारी को रोकने में मदद कर सकता है। मैक्स अस्पताल, शालीमार बाग के मेडिकल ऑन्कोलॉजी विभाग के वरिष्ठ निदेशक डॉ. सज्जन राजपुरोहित ने बताया कि फेफड़ों के कैंसर के प्रमुख कारण जीवनशैली और पर्यावरण से जुड़े होते हैं। धूम्रपान इसका सबसे बड़ा कारण है और यह 85 प्रतिशत से अधिक मामलों के लिए जिम्मेदार होता है। साथ ही, पैसिव स्मोकिंग यानी धूम्रपान न करने वालों के लिए भी यह गंभीर खतरा उत्पन्न करता है। इसके अलावा, बढ़ता वायु प्रदूषण, अभ्रक (एस्बेस्टस), रेडॉन गैस और औद्योगिक प्रदूषकों के संपर्क में आना भी इस बीमारी के विकास में योगदान देता है। कुछ मामलों में, आनुवंशिक प्रवृत्ति भी कैंसर के खतरे को बढ़ा सकती है। फेफड़ों के कैंसर का शुरूआती चरण में पता लगाना मुश्किल होता है क्योंकि इसके लक्षण आमतौर पर स्पष्ट नहीं होते हैं। हालांकि, कुछ सामान्य चेतावनी संकेतों में लगातार खांसी, जो समय के साथ बढ़ती जाती है, सीने में दर्द, सांस लेने में दिक्कत, बिना वजह वजन घटना, खांसी में खून आना, बार-बार होने वाले श्वसन संक्रमण, आवाज में बदलाव और अत्यधिक थकान शामिल हैं। इन लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए और जल्द से जल्द डॉक्टर से परामर्श लेना चाहिए, क्योंकि सही समय पर किया गया इलाज जीवन बचा सकता है।

# पीयूष चावला ने की शमी की सराहना

## शमी जब भी आईसीसी टूर्नामेंट में खेलते हैं तो अलग गेंदबाज बन जाते हैं



**दुबई।** भारत के पूर्व स्पिनर पीयूष चावला ने मोहम्मद शमी की आईसीसी टूर्नामेंटों में प्रभावशाली वापसी की सराहना की। उनके प्रदर्शन के दम पर मेन इन ब्लू टीम की बांग्लादेश पर चैंपियंस ट्रॉफी गेम में शानदार जीत हुई। चावला ने कहा कि जब भी शमी आईसीसी टूर्नामेंट में खेलते हैं, तो वह एक अलग गेंदबाज बन जाते हैं।

शमी ने चैंपियंस ट्रॉफी के पहले मैच में बांग्लादेश पर भारतीय टीम की शानदार जीत में अहम भूमिका निभाई थी और पांच विकेट हासिल किए थे। शमी ने बेहतर प्रदर्शन किया और 5-53 के आंकड़े के साथ भारत को गुरुवार को दुबई में बांग्लादेश के खिलाफ छह विकेट से शानदार जीत दिलाई। दुबई में पांच विकेट चटकाने के साथ ही शमी आईसीसी वनडे मुकाबलों में भारत के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने जहीर खान (59 विकेट) को पीछे छोड़ दिया है। उन्होंने अपने विकेटों की संख्या 60 विकेट तक पहुंचा दी है। इस प्रक्रिया में उन्होंने 200 विकेट तक पहुंचने वाले सबसे तेज भारतीय गेंदबाज बनने की महत्वपूर्ण व्यक्तिगत उपलब्धि भी हासिल की है। अब उनके वनडे में 202 विकेट हो गए हैं। पीयूष चावला ने आगे कहा कि आईसीसी टूर्नामेंट और मोहम्मद शमी का एक शानदार मिलाप है। जब भी वह आईसीसी टूर्नामेंट में खेलते हैं, तो वह एक अलग गेंदबाज बन जाते हैं। वह चोट से वापस आ रहे हैं और हाल ही में द्विपक्षीय श्रृंखला में वह थोड़े खराब दिखे, लेकिन सकारात्मक संकेत यह था कि वह अपने ओवरों को पूरा कर रहे थे। आज वह काफी बेहतर दिखे।

# 42 बार की चैंपियन को हराकर फाइनल में पहुंची विदर्भ की टीम



**नई दिल्ली।** रणजी ट्रॉफी 2024-25 का सीजन अब अपने खिताबी मैच तक पहुंच गया है। अगले हफ्ते खेले जाने वाले फाइनल मैच में लिए टीमें फाइनल हो चुकी हैं। जहां, पहले सेमीफाइनल मैच में गुजरात को हराकर केरल ने खिताबी मैच में जगह बनाई, वहीं मुंबई को हराकर विदर्भ की टीम फाइनल तक पहुंची है।

रणजी ट्रॉफी 2024-25 का पहला सेमीफाइनल मैच केरल और गुजरात के बीच खेला गया था। ये मैच ड्रॉ पर खत्म हुआ, लेकिन अंक तालिका में ऊपर रहने की वजह से केरल को फाइनल का टिकट मिल गया है। आपको बता दें ये इतिहास में पहली बार हुआ है, जब केरल की टीम फाइनल तक पहुंची है। वहीं, दूसरे सेमीफाइनल मैच में विदर्भ ने 42 बार की चैंपियन रही मुंबई को हराकर टूर्नामेंट के फाइनल में जगह पक्की कर ली है।

### रचा जा सकता है फाइनल में इतिहास

केरल की टीम रणजी के इतिहास में पहली बार फाइनल तक पहुंची है। इसलिए यदि केरल जीतती है, तो रणजी ट्रॉफी को एक नया चैंपियन मिलेगा। वहीं, विदर्भ ने चौथी बार फाइनल में जगह बनाई है। विदर्भ पिछली बार भी फाइनल तक पहुंची थी, लेकिन उन्हें अजिंक्य रहाणे की कप्तानी वाली मुंबई की टीम से हार का सामना करना पड़ा था। आपको बता दें, विदर्भ ने 2017-18 और 2018-19 तक बैक टू बैक 2 बार रणजी ट्रॉफी में खिताबी जीत दर्ज की।

# टीम इंडिया चैंपियंस ट्रॉफी की प्रबल दावेदार

## एक तरफा रहे हैं पिछले 10-15 सालों में भारत-पाक मैच: गांगुली



**कोलकाता।** भारतीय क्रिकेट टीम ने चैंपियंस ट्रॉफी में अपने अभियान की शुरुआत शानदार की है। पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने कोलकाता में एक इवेंट के दौरान टीम के प्रदर्शन, टीम संयोजन, पाकिस्तान के खिलाफ आने वाले बहुप्रतीक्षित मुकाबले और चैंपियंस ट्रॉफी के संभावित दावेदारों पर बात की।

भारत ने दुबई में बांग्लादेश के खिलाफ मौजूदा प्रतियोगिता के पहले मुकाबले में छह विकेट से जीत दर्ज की। हालांकि यह मुकाबला आसान नहीं रहा और बल्लेबाजों को रन बनाने के लिए संघर्ष करना पड़ा, लेकिन भारतीय टीम की बल्लेबाजी गहराई ने अंत में लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया। इससे पहले भारत के गेंदबाजों ने शानदार काम किया था, जिसमें मोहम्मद शमी ने वापसी के बाद आगे बढ़कर अगुवाई करते हुए पांच विकेट हासिल किए थे।

भारतीय टीम को अब 23 फरवरी को दुबई में ही पाकिस्तान के खिलाफ अपना अगला मुकाबला खेलना है। पाकिस्तान अपना पहला मैच न्यूजीलैंड के खिलाफ हार चुका है। भारत के खिलाफ एक और हार उसकी विदाई तय कर सकती है। इस मैच में भारत टीम के गेंदबाजी संयोजन पर बात करते हुए गांगुली ने कहा, भारतीय टीम के लिए इस गेंदबाजी संयोजन ने बढ़िया काम किया है। इसलिए टीम कुलदीप यादव, रवींद्र जडेजा और अक्षर पटेल जैसे तीन स्पिनर और तीन तेज गेंदबाजों के साथ जाएगी। जिस तरह से हर्षित राणा ने गेंदबाजी की है, वह काफी अच्छा है। शमी टॉप बॉलर हैं और हार्दिक पांड्या भी बढ़िया कर रहे हैं। पाकिस्तान की टीम स्पिनरों को अच्छा नहीं खेलती है और मुझे लगता है कि दुबई की पिच पर टर्न मौजूद रहेगा। इसलिए भारत के लिए यह संयोजन फायदे का सौदा साबित होगा।

भारत-पाक मुकाबले क्रिकेट में सर्वोच्च प्रतिद्वंदिता माने जाते हैं। उनका दबाव और रोमांच अगले ही स्तर का होता है। सौरव गांगुली उस दौर से आते हैं जब भारत ने चिर-प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ काफी मुकाबले खेले थे। भारत-पाक क्रिकेट मुकाबलों पर बात करते हुए पूर्व कप्तान ने कहा, मैंने अपने करियर में पाकिस्तान के खिलाफ बहुत मैच खेले हैं जिनकी बहुत अच्छी यादें हैं। मेरा सर्वोच्च टेस्ट स्कोर भी पाकिस्तान के खिलाफ आया था। मैंने जावेद मियांदाद का वह छक्का भी देखा है जब पाकिस्तान को भारत के खिलाफ अंतिम गेंद पर जीत मिली थी और उसके बाद भारतीय टीम में आए ट्रांसफॉर्मेशन को भी देखा है, जहां टीम इंडिया ने पाक को खेल के हर फॉर्मेट में मात दी। अगर आप पिछले 10-15 साल में देखें तो भारत की टीम पाकिस्तान की तुलना में काफी बेहतर टीम बन चुकी है।

सौरव गांगुली ने भारत-पाक मैच के संभावित विजेता के बारे में बात करते हुए कहा कि दोनों टीमों के बीच हाल के सालों में हुए मैच पूरी तरह भारत के पक्ष में हैं। मुझे लगता है कि भारत इस टूनार्मेंट को जीतने वाली टीम के तौर पर भी बहुत मजबूत दावेदार है। गांगुली ने आगे कहा कि भारत की बैटिंग में काफी गहराई है। यहां काफी प्रतिभा है। इस नजरिए से भारत काफी मजबूत टीम है। अभिषेक शर्मा जैसे खिलाड़ी किसी भी टीम में फिट हो सकते हैं। ये भारत की बैटिंग की ताकत को दिखाता है। भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ जब जीत दर्ज की, तब रवींद्र जडेजा और हार्दिक पांड्या जैसे खिलाड़ी बैटिंग के लिए आने बाकी थे। जब सफेद गेंद की बात आती है तो भारत में प्रतिभा का पूरा पूल मौजूद है।

हालांकि भारत के लिए विराट कोहली की फॉर्म चिंता का विषय है। लेकिन गांगुली का मानना है कि कोहली ने भारत के लिए इतने रन और शतक बनाए हैं कि वह रन बनाने का रास्ता ढूंढ लेंगे। इसके अलावा भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ मैच में ऋषभ पंत की जगह पर केएल राहुल को वरीयता दी थी। इस बारे में बात करते हुए सौरव गांगुली ने कहा, इस टीम का हर खिलाड़ी पूरी क्षमता रखता है। ऋषभ पंत एक शानदार खिलाड़ी हैं। केएल राहुल का वनडे रिकॉर्ड जबरदस्त है, शायद इस कारण गौतम गंभीर ने उनको खिलाने का फैसला किया है।

चैंपियंस ट्रॉफी में नॉकआउट स्टेज पर जाने वाली संभावित टीमों पर बात करते हुए दादा ने कहा, न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को हराया है। भारत ने भी पहला मैच जीता है। भारत अगर पाकिस्तान को हरा देता है, तो पाक बाहर हो जाएगा। इसलिए मुझे लगता है इस ग्रुप से न्यूजीलैंड और भारत जैसी टीमें आगे जाएंगी। दूसरे ग्रुप की बात करें तो ऑस्ट्रेलिया के पास उसके टॉप-3 गेंदबाज नहीं हैं।

# महिला ने लगाई फांसी, मौत

## एटा के होटल में रिसेप्शन पर करती थी कार्य

**अमर भारती संवाददाता**



**एटा।** कोतवाली नगर के मोहल्ला नरायन नगर में किराये के मकान पर रह रही एक महिला ने फांसी लगा ली, आनन-फानन में उसके साथ रहे रहे लोग उसे उताकर मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में लाये, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टमगृह भेजा। सूचना पर बस स्टेण्ड चौकी प्रभारी बृजमोहन सिंह ने घटना स्थल महिला के घर पर पहुंचकर जानकारी ली।

जानकारीनुसार 35 वर्षीय नीलू पुत्री चंदू जो पिछले कई वर्षो से एटा में किराये के मकान में रह रही थी। वर्तमान में वह कोतवाली नगर के मोहल्ला नरायन नगर में किराये के मकान में अपने सहयोगी महिला कृष्णा पचौरी के साथ रह रही थी। नीलू ने शादी नहीं की थी, वह यहां रहकर वर्तमान समय में होटल में रिसेप्शन पर जॉब करती थी। उसके साथ रह रही कृष्णा पचौरी ने बताया कि दोपहर लगभग 12 बजे वह होटल जाने के लिए तैयार हो रही थी, जिसके बाद कृष्णा धूप लेने के लिए ऊपर चली गयी, जब वह वापस नीचे आई तो नीलू का शव फांसी के फंदे पर लटका देखा। जिसके बाद वह आनन-फानन में मेडिकल कॉलेज ले गयी, जहां उसकी मौत हो गयी। बताया जाता है कि नीलू के परिवारीजन आगरा में रहते हैं।

# प्रोजेक्ट अमृत का तृतीय चरण कल

**एटा।** संत निरंकारी मिशन की सेवा भावना और मानव कल्याण के संकल्प को साकार करने हेतु 'प्रोजेक्ट अमृत' के अंतर्गत 'स्वच्छ जल, स्वच्छ मन' परियोजना के तृतीय चरण का भव्य शुभारंभ रविवार 23 फरवरी को परम श्रद्धेय सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं सत्कार योग्य निरंकारी राजपिता रमित के पावन सान्निध्य में यमुना नदी के छठ घाट, आई.टी.ओ., दिल्ली पर किया जाएगा। वहीं दूसरी ओर इस परियोजना का आयोजन ब्रांच एटा में आगरा रोड स्थित हजारा नहर पर सैकड़ों निरंकारी भक्त एवं सेवादार प्रोजेक्ट अमृत के तहत स्वच्छ जल स्वच्छ मन का कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस परियोजना का उद्देश्य जल संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है, ताकि भावी पीढ़ियों को निर्मल जल और स्वस्थ पर्यावरण का वरदान प्राप्त हो सके। संत निरंकारी मंडल के सचिव जोगिंदर सुखीजा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह वृहद अभियान देशभर में 27 राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों के 900 से अधिक शहरों में 1600 से भी अधिक स्थानों पर एक साथ आयोजित किया जाएगा।

- स्वच्छ जल, स्वच्छ मन की ओर एक सार्थक कदम

# कांवड़ यात्रा व त्यौहारों को लेकर पुलिस सक्रिय



जलेसर क्षेत्र में ड्रोन से सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी करते पुलिसकर्मी।



कोतवाली नगर परिसर में गणमान्य नागरिकों के साथ पीस कमेटी की बैठक करते सीओ सिटी। फोटो- अमर भारती

- जलेसर व अवागढ़ क्षेत्रों में ड्रोन से किया सर्वे
- कोतवाली नगर में हुई पीस कमेटी की बैठक

**अमर भारती संवाददाता**

**एटा।** कांवड़ यात्रा तथा आगामी त्योहारों को देखते हुए पुलिस कप्तान श्याम नरायन सिंह के निर्देश पर जहां विभिन्न थाना क्षेत्रों में ड्रोन से सर्वे कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। वहीं कोतवाली नगर में सीओ सिटी अशोक कुमार ने सर्व धर्म के गणमान्य नागरिकों को बुलाकर बैठक की।

महाशिवरात्रि पर निकलने वाली कांवड़ यात्रा तथा अन्य त्यौहारों के दृष्टिगत जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने, अपराध की रोकथाम, अपराधियों के चिह्निकरण एवं आम जन में सुरक्षा की भावना उत्पन्न करने के उद्देश्य से थाना जलेसर पुलिस द्वारा थाना जलेसर क्षेत्रांतर्गत मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में ड्रोन से सर्वे करते हुए सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। ड्रोन कैमरे की मदद से घरों की छतों की चेकिंग की गई। इसके साथ ही थाना अवागढ़ क्षेत्रांतर्गत मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में व अन्य क्षेत्रो में ड्रोन से सर्वे करते हुए सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। ड्रोन कैमरे की मदद से घरों की छतों की चेकिंग की गई। अवैध शराब निष्कर्षण तथा संदिग्ध वस्तुओं की निगरानी की गई। साथ ही लोगों से ईंट, पत्थर, कांच की बोतल जमा न करने की अपील की गई, चेकिंग के दौरान किसी भी स्थान पर कोई संदिग्ध सामग्री नहीं मिली है। यदि कोई भी व्यक्ति इस तरह की सामग्री रखता पाया जाता है तो पुलिस द्वारा उसके विरुद्ध कठोर विधिक कार्रवाई की जाएगी। कोतवाली नगर में पीस कमेटी के दौरान कोतवाली नगर प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार, जहीर अहमद, पत्रकार महेश सोलंकी, कैलाश मंदिर के पुजारी, फरहान हसन, कुलदीप राजपूत, माधव यादव, सुशील कुमार लोधी, इंद्राज यादव, रिजवान अहमद मौजूद रहे।

# डीएम की पहल से 100 शस्त्रधारकों ने निरस्त कराए लाइसेंस



कलक्ट्रेट परिसर स्थित डीएम कार्यालय में 3 शस्त्र लाइसेंस निरस्त कराने वालों को प्रशस्ति पत्र देते डीएम।

- दैनिक अमर भारती ने डीएम का प्रतीक चिन्ह देकर किया सम्मान
- तीन लाइसेंस निरस्त कराने वाले धारकों को दिये प्रशस्ति पत्र



100 शस्त्र लाइसेंस निरस्त होने पर डीएम प्रेम रंजन सिंह को प्रतीक चिन्ह भेंट करते दैनिक अमर भारती के एटा ब्यूरोचीफ दीपक शर्मा।

**अमर भारती संवाददाता**

**एटा।** सुरक्षा व स्टेट्स के नाम पर शस्त्र लाइसेंसों को लेकर कभी प्रदेश में अव्वल रहने वाले जनपद में जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह की शस्त्र निरस्तीकरण की पहल एक वर्ष में विशाल रूप ले चुकी है। शुक्रवार तक 100 शस्त्रधारकों ने स्वेच्छा से अपने शस्त्रों का लाइसेंस निरस्त कराने की पहल की। वहीं जिलाधिकारी ने कलक्ट्रेट परिसर स्थित अपने कार्यालय में उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। डीएम की इसी पहल का आगरा से प्रकाशित दैनिक अमर भारती समाचार पत्र ने उन्हें प्रतीक चिन्ह भेंट कर प्रशंसा की। इस दौरान एटा ब्यूरोचीफ दीपक शर्मा मौजूद रहे।

डीएम प्रेम रंजन सिंह ने स्वेच्छा से शस्त्र निरस्तीकरण की पहल एक वर्ष पूर्व शुरू की थी, तब लोगों को यह एहसास नहीं था कि उनकी यह पहल इतनी रंग लायेगी कि अब लोग स्वेच्छा से अपने शस्त्र लाइसेंसों को निरस्त कराने के लिए प्रार्थना पत्र दे रहे हैं। इस पहल के पीछे एक लंबे समय से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार में कानून एवं शांति व्यवस्था पूरी तरह कायम है। लोगों को आने जाने में किसी भी प्रकार से असुरक्षा महसूस नहीं होती है, इसी कारण लोग अपने शस्त्र लाइसेंस को स्वेच्छा से निरस्त करा रहे हैं। शुक्रवार को थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के वेग नगर रेलवे रोड निवासी दीपक शर्मा, अरुणा नगर निवासी डॉ. श्याम सिंह शाक्य एवं थाना निधौलीकलां क्षेत्र के गांव कासिमपुर निवासी राम प्रसाद ने स्वेच्छा से अपना शस्त्र लाइसेंस निरस्त कराया है। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर विमल कुमार, सूचना विभाग के राकेश व शस्त्र लाइसेंस विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

## 20 क्वार्टर सहित गिरफ्तार

**एटा(अमर भारती)।** बागवाला पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर चेकिंग के दौरान ग्राम जीसुखपुर निवासी दीपक को 20 क्वार्टर देशी शराब सहित गिरफ्तार किया। पुलिस की इस कार्रवाई में एसआई लोकेश सिंह, मुख्य आरक्षी अनुज कुमार मौजूद रहे।

## कई क्षेत्रों में आज व कल विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**एटा(अमर भारती)।** अधिशासी अभियन्ता विद्युत नगरीय वितरण खण्ड द्वारा बताया गया कि शहर के 11 केवी वनगांव फीडर पर 630 केवी में आरडीएसएस योजना के तहत केबिल डालने का कार्य किया जायेगा। जिसके चलते सम्बन्धित क्षेत्र की 22 फरवरी आज प्रातः 10 से शाम 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इसी क्रम में 33/11 केवी उपकेन्द्र रेवले रोड पर पावर परिवर्तकों की टैस्टिंग एवं अनुरक्षण कार्य 23 फरवरी दिन रविवार कल किया जायेगा। जिसके चलते प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इस दौरान शांति नगर, दिनेश नगर, नगला पोता, इस्लाम नगर, रेलवे रोड़, अरूणा नगर, इन्द्रपुरी, वनगांव, श्रृंगार नगर, मयूर बिहार, संजय नगर, चित्रगुप्त कॉलोनी, आगरा रोड़ शास्त्री नगर, सावरकरनगर, बस स्टेण्ड व जिला पंचायत प्रभावित रहेगें।

## मोनू शाक्या बनीं थानाध्यक्ष अमृतपुर

**फर्रुखाबाद(अमर भारती)।** एसपी आलोक प्रियदर्शी ने शहर कोतवाली के घुमना चौकी प्रभारी के पद पर तैनात महिला दारोगा मोनू शाक्या को थानाध्यक्ष अमृतपुर बनाया है। जबकि अमृतपुर थानाध्यक्ष मीनेश पचौरी गैर जनपद स्थान्तरण हुआ।

# अनियंत्रित कार पलटी 5 घायल, दो रेफर



अलीगंज कंपिल मार्ग पर खड्ड में पलटी कार को देखते क्षेत्रीय लोग।

**अमर भारती संवाददाता**

**अलीगंज।** कोतवाली क्षेत्र में अलीगंज-कम्पिल मार्ग पर कार अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें सवार पांच लोग घायल हो गए। ग्रामीणों ने घायलों को कार से बाहर निकाला। मौके पर पहुंची पुलिस ने एम्बूलेंस की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया गया, जहां से दो गंभीर घायलों को हायर सेंटर रेफर किया गया है।

जनपद कासगंज के थाना सहावर निवासी आमिर हुसैन ने बताया कि वह गंजडुण्डवारा से जनपद फर्रुखाबाद के कटिया गांव में रिश्ता पक्का करने के लिए आया था। इसके उपरान्त वह वापस आ रहा था। बुलेरो कार में पांच लोग मौजूद थे। कार जैसे ही अलीगंज के गांव मितौलिया के समीप पुलिया पर पहुंची तभी चालक का वाहन से नियंत्रण खो गया, जिससे कार पुलिया के नीचे जा गिरी। घायलों की चीख-पुकार सुनकर आसपास खेतों पर काम कर रहे लोगों ने घायलों को कार से निकाला तथा सूचना पुलिस को दी है। पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया है। घायलों में यासमीन पत्नी नईम खां निवासी सहावर, मुसेरान पत्नी आमिर हुसैन निवासी सहावर, अरीबा, अर्श निवासी सहावर, जुबैर कार चालक घायल हुआ है। वहीं महिलाओं की हालत नाजुक देखते हुए हायर सेंटर रेफर किया गया है।

# अधिवक्ताओं ने काली पट्टी बांधकर किया प्रदर्शन

- सीएम के नाम 6 सूत्रीय मांग पत्र एसडीएम को सौंपा



तहसील अलीगंज परिसर में एसडीएम को सीएम के नाम ज्ञापन सौंपते हुए अधिवक्तागण।

**अमर भारती संवाददाता**

**अलीगंज।** बार काउंसिल के आव्हान पर अलीगंज बार एसोसिएशन ने मांगों को लेकर काली पटटी बांधकर प्रदर्शन किया। अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री के नाम सम्बोधित 6 सूत्रीय मांग पत्र उपजिलाधिकारी को सौंपा है। अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांगों को नहीं माना गया तो वह आन्दोलन करने को विवश होंगे।

बार एसोसिएशन के अध्यक्ष शेष कुमार तिवारी एवं सचिव प्रमोद कुमार सक्सेना के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने काली पट्टी बांधी तथा उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर कहा है कि अधिवक्ताओं व उनके परिवार के लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट का प्राविधान किया जाए। परिषदों में निर्वाचित सदस्यों के अतिरिक्त कोई समाहित न किए जावे तथा उनके लोकतांत्रिक स्वरूप को यथावत रखा जाएं। मांग पत्र में कहा गया है कि उत्तर प्रदेश के अधिवक्ताओं को दस लाख का मेडिक्लेम व किसी अधिवक्ता की मृत्यु होने पर दस लाख की बीमा राशि प्रदान की जावे तथा पंजीकरण के समय प्रत्येक अधिवक्ता से लिए जा रहे पांच सौ रुपये के स्टाम्प की राशि प्रदेशिक परिषदों को वापस की जाए । राज्य सरकार द्वारा विधिक स्टाम्प की बिक्री से प्राप्त धनराशि का दो प्रतिशत अधिवक्ताओं की कल्याणकारी योजनाओं पर खर्च किया जाए जैसा केरल सरकार द्वारा किया जा रहा है। इसके अलावा नियम बनाने का अधिकार पूर्व में जो एडवोकेटस एक्ट में प्राविधानिक था उसको उसी प्रकार रखा जाए। केन्द सरकार द्वारा रेगूलेशन बनाने की जो बातें कही गई है उसे तुरन्त समाप्त किया जाए। साथ ही किसी प्रकार के संशोधन की आवश्यकता न होने के कारण हम अधिवक्तागण एडवोकेटस अमेंडमेंट बिल 2025 के पूरे संशोधन को निरस्त करते है। अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी है कि एडवोकेटस अमेन्डमेंट बिल को तुरन्त वापस लिया जाए अन्यथा प्रदेश के सभी अधिवक्ता आर-पार की लड़ाई लड़ने को मजबूर होंगे। इस अवसर पर बृजेश कुमार शाक्य, कृष्णपाल सिंह, सुधीर कुमार शाक्य, स्वदेश चन्द्र मिश्रा, शैलेन्द्र सिंह चौहान, रामकृष्ण चतुर्वेदी, राकेश चन्द्र दीक्षित, नरेन्द्रपाल सिंह सोलंकी, जयकुमार शाक्य, आनंद कुमार शाक्य, राधेश्याम संत, शिवांग दुबे, अरुण कुमार कश्यप, प्रशान्त सक्सेना, संजय सिंह यादव, अखिलेश सिंह यादव, राघव सिंह शाक्य सहित अधिवक्ता मौजूद रहे।

## जीने से गिरी महिला की मौत

**कायमगंज/फर्रुखाबाद(अमर भारती)।** नगर से सटे गांव पितौरा निवासी बुजुर्ग कुरैसा बेगम को पड़ोसी गंभीर हालत मे सीएचसी लाये जहां डॉक्टर अमरेश कुमार ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पड़ोसियों ने बताया कि महिला की बहू किसी काम से बाजार गई थी घर पर कोई नहीं था तभी महिला किसी कार्य से अपने घर की छत पर गई थी उतरते समय उसका पैर फिसल गया और वह जीने से नीचे आ गिरी। जीने के नीचे लोहे की जूते की सीढ़ी रखी थी वह सिर मे लगी और वह गंभीर घायल हो गई। परिवार मे चीत्कार मच गया।

## बिच्छू के काटने से महिला की हालत गंभीर

**कायमगंज/फर्रुखाबाद(अमर भारती)।** क्षेत्र के गांव गंधिया निवासी जयश्री को जहरीले बिच्छू ने काट लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजन उसे तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया। फिलहाल महिला की स्थिति स्थिर बताई जा रही है।

## युवक ने कीटनाशक पीया

**कायमगंज/फर्रुखाबाद(अमर भारती)।** थाना मेरापुर क्षेत्र के गांव खालवारा निवासी कुश कुमार ने संदिग्ध हालात में कीटनाशक पदार्थ का पी लिया। जब उसे उल्टियां होने लगीं, तब परिजनों को इसकी जानकारी हुई। गंभीर हालत में परिजन उसे सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टरों ने उसे लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक शैलेन्द्र कुमार जैन द्वारा प्रताप भवन, 5, बहादुरशाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित एवं अमर भारती प्रेस (स्वामी-शैलेन्द्र कुमार जैन), मीडिया हाउस, 9-ई, विश्वनाथ कॉलोनी, राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या- 24, गाजियाबाद (उ० प्र०) से मुद्रित। RNI No:- DELHIN/2005/14724,
सम्पादक:- शैलेन्द्र कुमार जैन, सभी विवादों के न्यायक्षेत्र दिल्ली न्यायालय होंगे। सम्पर्क:- 9311222595, 011-23724460, 23724456, E-mail: editor@amarbharti.com, news@amarbharti.com, www.amarbharti.com, (इसमें छपे लेख, लेखकों के निजी विचार हैं, सम्पादक का लेखकों के विचारों से सहमत होना अनिवार्य नहीं है।)